दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | राजनीतिक सरगर्मी 9 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, गुरुवार 9 नवंबर 2023, वर्ष-9 अंक- 220 पृष्ठ-10 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

सरकार आते ही पहला काम जातिगत जनगणना : राहुल

सुनील पलसकर

अंबिकापुर/नवप्रदेश। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को जशपुर के सन्ना और अंबिकापुर के कतकालों में जनसभा को संबोधित किया। अंबिकापुर में उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आते ही सबसे पहला काम जातिगत जनगणना का होगा। मोदी जी खुद को चौबीसों घंटे ओबीसी का बताते थकते नहीं हैं। जब बात जातिगत जनगणना की याती है तो कहते हैं देश में एक ही जाति है गरीबी। राहुल ने कहा कि पिछले चुनाव में मैंने आपसे वादा किया था किसानों की कर्जा माफी का। बीजेपी कहती थी ऐसा नहीं होगा, हमने किया। क्या किसी का कर्ज माफ नहीं हुआ। जो मंच से मैं कहता हूं वो कर के दिखाता हूं। इस बार भी जो वादे हमने किए हैं उन्हें पूरा करेंगे। आपका मेरा दो तीन महीने का रिश्ता तो है नहीं, मेरा आपका पुराना रिश्ता है।

आदिवासियों का अपमान करती है बीजेपी : बीजेपी आदिवासी को वनवासी कहती है। आपने एमपी के उस

वीडियो को देखा जिसमें बीजेपी नेता आदिवासी पर पेशाब कर रहा था। बीजेपी नेता जानवर पर पेशाब नहीं करते पर आदिवासी को इसी लायक मानते हैं। बीजेपी आपके अधिकार छीनती है हम देते हैं। हम आपसे गले लगते हैं, बीजेपी नेता पेशाब करते हैं। इसके बाद वीडियो वायरल कराते हैं। बीजेपी नेता आपसे कहते हैं हिंदी सीखिए, अंग्रेजी या छत्तीसगढ़ी मत सीखिए। अगर बीजेपी का बेटा सपना देख सकता है तो आदिवासी का बच्चा सपना क्यों नहीं देख सकता। इसलिए हमने पूरे राज्य में स्वामी आत्मानंद स्कूल का जाल बिछा दिया है। ताकी हर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मोदी जी ने आपसे हमेशा झूठ बोला

मोदी जी यहां आए उन्होंने वादा किया था 15 लाख हर आदमी के खाते में डालूंगा। क्या किया, किसी के अकाउंट में पैसा नहीं आया। कहा था नोटबंदी से काला धन मिट जाएगा, क्या ऐसा हुआ। कृषि कानून का तो किसानों ने ही विरोध किया। हमने आपसे कहा था कि धान के लिए 25 सौ प्रति क्विंटल देंगे, आपको कहने की जरूरत नहीं पड़ी वो बढ़ता गया। मैंने 3200 रुपए प्रति क्विंटल का वादा किया है और इससे शुरुआत होगी । लिखकर रख लो। ये बढ़ता जाएगा, जो हम कर सकेंगे करके दिखा देंगे। इस बार भी किसान का कर्जा माफ होगा। इस बार बिजली के 2 सौ यूनिट माफ करेंगे। यानी 40 लाख परिवारों को बिजली के लिए एक रुपए भी नहीं देंगे।

छग में सट्टेबाजी और राजस्थान में लाल डायरी का खेल चल रहा : मोदी

शिवम यादव

दमोह/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को निशाने पर लेते हुए कहा कि कांग्रेस अपनी 'रिमोट' संस्कृति के चलते अब खड़गे को रिमोट से चला रही है, रिमोट चलता है तो खड़गे सनातन को गाली देते हैं और बैटरी समाप्त होते ही सनातन को याद करने लगते हैं। मोदी मध्यप्रदेश के दमोह में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि 2014 के पहले प्रधानमंत्री को कोई काम नहीं करना होता था। कांग्रेस में सब रिमोट से चलता था। पार्टी की रिमोट की आदत नहीं जा रही। अब कांग्रेस अध्यक्ष रिमोट से चल रहें हैं। उनका हाल ऐसा है कि वे कुछ नहीं कर पाते। नाममात्र के रह गए हैं, पर जब कभी वो खुद के मूड में आ जाते हैं, रिमोट का चार्जिंग खत्म हो जाता है या कनेक्टिवटी छूट जाती है, तब अच्छी बात करने लगते हैं। मोदी ने

कहा कि कल कांग्रेस अध्यक्ष ने पांडवों को याद किया था। जब रिमोट चलता है तो सनातन को गाली देते हैं। रिमोट बंद हो गया तो सनातन की याद आ गई। कल कह रहे थे कि भाजपा में पांच पांडव हैं। इसके आगे प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें गर्व है कि हम पांच पांडवों की राह पर चल रहे हैं। इससे बड़ा गर्व भाजपा के लिए और क्या होगा। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि इतने सालों से कांग्रेस बार-बार एक ही झूठ बोल रही हैं। गरीबी खत्म करने का नारा दे रही है, पर कर नहीं पाई क्योंकि नेताओं की नीयत ठीक नहीं थी। अब भाजपा सरकार में देश गरीबी से बाहर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भ्रष्टाचार पर कार्रवाई के कारण देती है गाली

उन्होंने नोटबंदी के संदर्भ में कहा कि आज की तारीख पर भ्रष्टाचार पर बहुत बड़ी कार्रवाई हुई थी। आज की तारीख पर कांग्रेस ऐसे बिलबिलाती है, जैसे सबसे ज्यादा काली कमाई उसी को बैंकों में जमा करानी पड़ी हो। उन्होंने कहा कि आज भी कांग्रेस उन्हें सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार पर कड़ी कार्रवाई करने के कारण ही गालियां देती है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोपों में जमानत पर होने वालों को उनसे तकलीफ होना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि जितने भी लोग उन्हें सबसे ज्यादा गाली देते हैं, वे सारे किसी ना किसी केस में फंसे है। उन्होंने कहा कि कोई कितनी भी गालियां दें भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई नहीं रुकेगी

आज बेबाक

सुशासन बाबू ने बिहार विधानसभा में जनगणना पर अपना ज्ञान बघारते हुए शालीनता की सारी सीमाएं लांघ डाली। उन्होंने ऐसी आपत्तिजनक बातें कह दी कि पूरा सदन शर्मसार हो गया । मजे की बात यह है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इस वाहियात बयान का उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने समर्थन किया है। लगता है ये दोनों ही किसी मानसिक रोग के शिकार है। नीतीश कुमार के इस अभद्र बयान को लेकर राष्ट्रीय महिला आयोग ने जब उन्हें नोटिस भेजा। इस पर उन्होंने माफी मांग ली है। समझ में नहीं आता कि ऐसा बयान दिया ही क्यूं जिस पर माफी मांगने की नौबत आई।

यूपी एटीएस ने भिलाई में पकड़ा संदिग्ध आतंकी

भिलाई/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के भिलाई में यूपी एटीएस ने मंगलवार देर रात करीब 10 बजे एक संदिग्ध आतंकी को गिरफ्तार किया है। यह संदिग्ध जिले के स्मृति नगर के संग्राम चौक इलाके में छिपा हुआ था। एटीएस की टीम उसे लेकर लखनऊ रवाना हो गई है। दुर्ग पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, पकड़ा गया संदिग्ध आतंकी छत्तीसगढ़ का रहने वाला वजीहुद्दीन उर्फ वजीर है। यूपी की यूनिवर्सिटी से पीएचडी करने के बाद अलीगढ़ में कोचिंग पढ़ाता था। यूपी एटीएस को उसके खिलाफ इनपुट मिले थे। दो दिन पहले यूपी एटीएस ने दो संदिग्ध आतंकियों अलीगढ़ निवासी अब्दुल्ला अर्सलान और मास बिन तारिक को गिरफ्तार किया था। जांच में सामने आया कि दोनों के तार अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट यूनियन से जुड़े हुए हैं। दोनों के पास से आईएसआईएस और अलकायदा इंडियन एक्यूआईएस से जुड़े साहित्य और दस्तावेज मिले थे।

भिलाई में ईडी और बालोद में आईटी ने मारा छापा

भिलाई/बालोद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में एक बार फिर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापेमारी की है। बुधवार सुबह ईडी के अधिकारियों ने भिलाई व बालोद में कारोबारियों के ठिकानों पर दबिश दी। भिलाई में प्रवर्तन निदेशालय ने 8 नवंबर की सुबह सरकार से जुड़े कुछ लोगों के करीबी और पटाखा व्यापारी सुरेश धिंगानी के घर दबिश दी। ईडी ने सुरेश के घर एक महीने में दूसरी बार छापामार कार्रवाई की है। कहा जा रहा है कि उन्हें महादेव और अन्य घोटालों के लेनदेन से जुड़े अहम सबूत मिले हैं। इसी से जुड़े दस्तावेज खंगालने और पूछताछ करने टीम पहुंची है। ईडी की 8-10 सदस्यीय टीम बुधवार सुबह 6 बजे भिलाई-3 के पदुम नगर स्थित पटाखा कारोबारी और

कांग्रेस नेता सुरेश धिंगानी के घर पहुंची। घर पहुंचते ही टीम ने सभी मेंबर को अंदर से बाहर और बाहर से अंदर आने की मनाही की। इस दौरान किसी तरह का बवाल न हो इसको देखते हुए सुरक्षा जवानों को भी घर के बाहर तैनात किया गया। सुरेश धिंगानी थोक पटाखा व्यवसायी है। भिलाई तीन के पदुमनगर में उनके निवास से कुछ दूरी पर महादेव बुक से जुड़े और दुबई में बैठे सौरभ चंद्राकर के बिजनेस पार्टनर दीप सावलानी का घर भी है। कहा जा रहा है कि ईडी को महादेव बुक की काली कमाई के अवैध लेन और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े कई अहम दस्तावेज मिले हैं। इसी के आधार पर वो एक महीने में दूसरी बार सुरेश धिंगानी के घर जांच के लिए पहुंची है। अगर उनके यहां पुख्ता सबूत मिलते हैं तो ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सीएम ने कहा- आ गए एक्जिट पोल

मुख्यमंत्री ने भिलाई-3 में पटाखा कारोबारी सुरेश धिंगानी के घर ईडी छापे पर प्रतिकिय्रा दी है। भूपेश बघेल ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट कर लिखा है 'मुझे लगा था पहले चरण का एक्जिट पोल कुछ दिनों बाद पता चलेगा, लेकिन साहेब ने आज सुबह ही बता दिया, सुबह-सुबह ईडी को मेरे नामांकन के दौरान उपस्थित मेरी निर्वाचन प्रक्रिया में आधिकारिक व्यय लेखक की भूमिका निभा रहे सुरेश धिंगानी के यहां ईडी को भेज दिया'। सीएम ने आगे लिखा है 'पाटन विधानसभा की जनता को डराने की इस कोशिश में वैसी ही विफलता मिलेगी जैसी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

महिलाओं पर विवादित बयान नीतीश ने हाथ जोड़कर मांगी माफी

पटना (एजेंसी)। बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने महिलाओं पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी पर बुधवार सुबह माफी मांग ली। बयान देने के दूसरे दिन उन्होंने विधानसभा के बाहर और सदन में कई बार हाथ जोड़कर खेद प्रकट किया। नीतीश ने कहा, 'मेरे बयान से किसी को ठेस पहुंची हो तो मैं माफी मांगता हूं। मैं अपनी खुद निंदा करता हूं। मैं न सिर्फ शर्म कर रहा हूं। जनसंख्या नियंत्रण के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। मेरा मकसद सिर्फ शिक्षा के बाद जनसंख्या वृद्धि में आ रहे परिवर्तन को बताना था।' 'मैं माफी मांगता हूं। मैं अपने शब्दों

को वापस लेता हूं, अगर मेरी कोई बात कहना गलत था, मेरी किसी बात से दुख पहुंचा है तो माफी मांगता हूं। अगर मेरे बयान की कोई निंदा कर रहा है, तो हम माफी मांगते हैं। अगर इसके बाद भी कोई मेरी निंदा करता है तो मैं उसका अभिनंदन करता हूं।' बिहार विधानमंडल के दोनों सदनों में मंगलवार को पेश जातीय-आर्थिक सर्वे की रिपोर्ट पर हुई बहस के बाद मुख्यमंत्री जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा था कि महिला शिक्षित होगी, तो गारंटेड प्रजनन दर कम होगी। इसी दौरान मुख्यमंत्री ने पति और पत्नी के संबंध और प्रजनन प्रक्रिया का भी जिक्र किया। दरअसल, उनके कहने का मतलब यह था कि पढ़ी-लिखी पत्नी गर्भधारण के अवसरों से बचती है। इसलिए जन्मदर कम हुई है। हालांकि उन्होंने जो बोला, वह शब्दशः यहां लिखा नहीं जा सकता।

बोलेरो-ट्रक की भिड़ंत में 3 शिक्षकों की मौत

कोंडागांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले में बुधवार सुबह नेशनल हाईवे 30 पर ट्रक और बोलेरो की जबरदस्त टक्कर हो गई है। इस भीषण सड़क हादसे में 3 शिक्षकों की मौत हो गई है। बताया जा रहा है इनकी चुनाव में ड्यूटी लगी थी। कोंडागांव जिला मुख्यालय में ईवीएम मशीन जमा कर सभी लौट रहे थे। इसी दौरान हादसे का शिकार हो गए। मामला केशकाल थाना क्षेत्र का है। कोंडागांव जिले के बहिगांव के नजदीक हादसा हुआ है। बोलेरो में सवार होकर शिक्षक कोंडागांव से केशकाल की तरफ जा रहे थे। वहीं केशकाल से कोंडागांव की तरफ आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बोलेरो को सामने से जोर की टक्कर मारी। हादसा इतना जबरदस्त था कि, बोलेरो वाहन

के परखच्चे उड़ गए। इस हादसे में वाहन में सवार शिव नेताम और संतराम नेताम की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि हरेंद्र उइके गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस मार्ग से गुजर रहे लोगों ने इसकी जानकारी फौरन पुलिस को दी। मौके पर जवान पहुंचे जिन्होंने घायल को फौरन अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया। शिव नेताम गाड़ी में ही फंसे रहे जिनके शव को काफी जद्दोजहद के बाद निकाला गया।

आईसीसी रैकिंग में इंडिया की बदशाहत टीम, बल्लेबाज और गेंदबाज नंबर वन

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय टीम का वर्ल्ड कप 2023 में शानदार प्रदर्शन जारी है। पहले आठ मैच जीतकर जहां टीम इंडिया ने पॉइंट्स टेबल में नंबर 1 पोजीशन पर बादशाहत कायम कर ली है। इसके बाद अब बुधवार को आईसीसी द्वारा ताजा वनडे रैंकिंग में भी टीम इंडिया ने अपनी बादशाहत बना ली है। टीम इंडिया टेस्ट और टी-20 में भी नंबर वन टीम है। बल्लेबाजी में नंबर 1 पर शुभमन गिल ने कब्जा कर लिया है। वनडे गेंदबाजी में मोहम्मद सिराज नंबर वन है तो टेस्ट में रविचंदन आश्विन हैं। वहीं बल्लेबाजी में सूर्यकुमार यादव नंबर वन बैटर हैं। वनडे गेंदबाजी में भी

टॉप पोजीशन पर भारतीय बॉलर ने कब्जा कर लिया है। जबकि टीम रैंकिंग में भारत पहले से ही नंबर 1 पर काबिज है। कुछ दिनों पहले जोश हेजलवुड ने मोहम्मद सिराज को आईसीसी वनडे रैंकिंग में पीछे छोड़ दिया था। फिर पिछले हफ्ते शाहीन अफरीदी ने हेजलवुड को पीछे छोड़ कर यह पोजीशन कब्जाई थी। अब एक बार फिर से भारतीय गेंदबाज ने नंबर 1 पोजीशन पर अपना कब्जा जमा लिया है। मोहम्मद सिराज 709 रेटिंग पॉइंट्स के साथ इस लिस्ट में टॉप पर हैं। वहीं साउथ अफ्रीका के केशव महाराज 694 पॉइंट्स के साथ दूसरे स्थान पर आ गए हैं। इसके अलावा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

महुआ मोइत्रा केस की जांच लोकपाल ने सीबीआई को दी

नई दिल्ली (एजेंसी)। संसद में सवाल पूछने के बदले पैसे लेने के आरोपों का सामना कर रहीं टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा की जांच अब सीबीआई कर सकती है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने इस बात का दावा किया है। निशिकांत दुबे ने बुधवार को एक्स पर लिखा- लोकपाल ने आज मेरे कम्प्लेन पर आरोपी सांसद महुआ जी के राष्ट्रीय सुरक्षा को गिरवी रखकर भ्रष्टाचार करने पर सीबीआई इन्क्वायरी का आदेश दिया है। इधर, निशिकांत दुबे की पोस्ट के 40 मिनट बाद महुआ ने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा- सीबीआई पहले 13 हजार करोड़ रुपए के कोयला घोटाले में अडाणी पर एफआईआर करे। राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा यह है कि कैसे संदिग्ध एफपीआई स्वामित्व वाली (चीनी और संयुक्त अरब अमीरात सहित) अडाणी की कंपनियां गृह मंत्रालय से क्लियरेंस के बाद पोर्ट-एयरपोर्ट खरीद रही हैं। महुआ ने लिखा- पहले सीबीआई मेरे इन दो सवालों का जवाब दे। इसके बाद वह मेरे घर आए और मेरे जूते गिन ले। क्या लोकपाल को सिर्फ मेरे केस के लिए जिंदा किया गया है। गंभीर सवाल यह है कि कितने पत्रकारों को यह भी पता था कि मोदी के भारत में एक लोकपाल भी काम कर रहा है? इस केस में नई जांच जोक पाल से कम नहीं है। यह जानकर बहुत खुशी हुई कि मोदीजी का ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

चुनावी सभा... उजाड़ने का काम रमन राज में होता था, फिर कमल पर दबाओगे बटन तो 35 से 7 किलो मिलेगा चावल

मोदी देश के प्रधानमंत्री और बीजेपी के प्रचार मंत्री भी : भूपेश

मुंगेली/बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव को लेकर नेताओं के बीच लगातार बयानबाजी हो रही है। मुंगेली में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर एक बार फिर जुबानी हमला बोला है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री है, लेकिन वो भाजपा के प्रचार मंत्री भी हैं। वो बस प्रचार के समय छत्तीसगढ़ आते हैं। उसके बाद वो यहां नहीं आयेंगे। दरअसल, सीएम भूपेश बघेल सभा को संबोधित करने पहुंचे थे।, जहां लोरमी में मीडिया से बातचीत में पीएम मोदी पर तंज कसा। बता दें कि मंगलवार को सूरजपुर में चुनावी रैली को संबोधित करने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर कई गंभीर आरोप भी लगाए थे। जिसमें महादेव के नाम को बदनाम करने का आरोप लगाया था। पीएम मोदी ने कहा था कि आप सभी को कांग्रेस ने विश्वासघात के सिवाय कुछ नहीं दिया है। इन्होंने तो महादेव के नाम पर भी घोटाला कर दिया। महादेव सट्टेबाजी घोटाले की चर्चा आज देश-विदेश में हो रही है। यहां का मुख्यमंत्री कार्यालय सट्टेबाजों का अड्डा बना हुआ था। ये 30 टके कक्का खुलेआम सट्टा चला रहे थे।

कांग्रेस घर बसाने का करती है काम

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बिलासपुर में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार गरीबों पर कभी बुलडोजर नहीं चलाती। केवल घर बसाने का काम करती है। उजाड़ने का काम रमन राज में होता था। इस बार भी कमल में बटन दबाओगे तो चावल 35 किलो से कम कर सात किलो कर दिया जाएगा। उन्होंने नगर निगम सीमा में आने वाली निचली बस्ती के लोगों को आवास का पट्टा देने की घोषणा की।

भाजपा झूठे वायदे कर रही

मुख्यमंत्री बघेल ने चांटीडीह में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि देशभर में महंगाई चरम पर है। प्याज और पेट्रोल-डीजल के दाम आसमान छू रहे हैं। भाजपा की कथनी और करनी देखिए, एक तरफ महंगाई की मार से गरीब से लेकर मध्यमवर्गीय परिवार जूझ रहे हैं और घोषणा पत्र में झूठे वायदे किए जा रहे हैं। सीएम ने कहा कि हमने आपसे जो वादा किया उसे पूरा करके दिखाया।

वी चंद्रशेखर बने सीबीआई के संयुक्त निदेशक

नई दिल्ली (एजेंसी)। गुजरात कैडर के आईपीएस अधिकारी वी.चंद्रशेखर को सीबीआई में बतौर संयुक्त निदेशक (ज्वाइंट डायरेक्टर) नियुक्ति मिली है। चंद्रशेखर इससे पहले भी सीबीआई में काम कर चुके हैं। चंद्रशेखर वर्तमान में सूरत रेंज आईजी के तौर पर काम कर रहे थे। इससे पहले चंद्रशेखर कें सीबीआई में पुलिस अधीक्षक और उप महानिरीक्षक के रूप में भी काम कर चुके हैं। कार्मिक मंत्रालय के एक आदेश में यह जानकारी दी गई। कि 2000 बैच के अधिकारी चंद्रशेखर 2000 सीबीआई में संयुक्त निदेशक के तौर पर काम करेंगे।

न्यूज गैलरी

सीएम हेमंत सोरेन ने बीडीओ के विरुद्ध दी अभियोजन की मंजूरी

रांची(वार्ता)। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने लातेहार जिलान्तर्गत बालूमाथ थाना कांड संख्या-09/2016 दिनांक- 06 जुलाई 2016 के अभियुक्त अर्जुन राम तत्कालीन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, बालूमाथ जिला लातेहार के विरूद्ध भारतीय दंड विधान 1880 की धारा 406/409/419/420/34 के तहत अभियोजन की स्वीकृत्यादेश दिया है। अभियुक्त के विरुद्ध लातेहार जिलान्तर्गत बालूमाथ थाना, कांड संख्या - 99/2016 दर्ज किया गया है। अभियुक्त के खिलाफ अनुसंधान के क्रम में यह बात सामने आई है कि अभियुक्त द्वारा इंदिरा आवास योजना के तहत शौचालय सामग्री, धुवां रहित चुल्हा एवं योजना बोर्ड की आपूर्ति का आदेश बिना किसी निविदा/कोटेशन के मेसर्स ए.के. ट्रेडर्स, रांची को दिया गया। उक्त आपूर्ति के विरूद्ध 41,69,880 रुपए का भुगतान किया गया, जो सरकारी प्रावधान का घोर उल्लंघन है। इस प्रकार अर्जुन राम तत्कालीन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, बालूमाथ पर सरकारी पद का दुरूपयोग, अपराधिक षडयंत्र, घोखाधड़ी एवं प्रक्रियाओं का उल्लंघन करते हुए सुनियोजित ढंग से साजिश के तहत वित्तीय अनियमितता करते हुए सरकारी राशि गबन करने का आरोप है।

केंद्र ने राज्यों को जारी किया 72,961.21 करोड़ रुपये

नई दिल्ली(ए.)। केंद्र सरकार ने त्योहारी सीजन से ठीक पहले नवंबर 2023 महीने के लिए राज्य सरकारों को 72,961.21 करोड़ रुपये का कर हस्तांतरण जारी करने के लिए अधिकृत किया है।वित्त मंत्रालय ने कहा कि इससे राज्य सरकारें विभागों को समय पर धन जारी करने और लोगों के बीच उत्सव का उत्साडह बनाए रखने में सक्षम होंगी।

तिलाकावथी बनीं आईआईटी मद्रास की 'छात्र लोकपाल'

चेन्नई(वार्ता)। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स ने तमिलनाडु की पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) जी तिलाकावथी को 'छात्र लोकपाल' नियुक्त किया है। आईआईटी-मद्रास की ओर से बुधवार को जारी विज्ञप्ति में कहा गया कि सुश्री तिलाकावथी की नियुक्ति मंगलवार हो हुयी और उनकी नियुक्ति कैंपस के वातावरण को सुरक्षित बनाए रखने के साथ-साथ छात्रों की भलाई को सुनिश्चित करने में संस्थान की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। छात्र लोकपाल के रूप में अपनी भूमिका में सुश्री तिलकावथी छात्र शिकायतों, सुरक्षा और अनुशासनात्मक मामलों से संबंधित चिंताओं की देखरेख और समाधान करेंगी। वह परिसर में एक समावेशी माहौल को बढ़ावा देने महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी और यह सुनिश्चित करेंगी कि छात्रों को उनके शैक्षणिक और व्यक्तिगत विकास के लिए एक सहायक वातावरण मिले।

ईडी ने अभिषेक बनर्जी को किया तलब

कोलकाता(वार्ता)। पश्चिम बंगाल में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राज्य के विद्यालयों में नौकरियों के कथित घोटाले को लेकर तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी को तलब किया है। ईडी ने श्री बनर्जी को नौ नवंबर को यहां के सीजीओ कॉम्प्लेक्स, साल्ट लेक में जांच अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए कहा है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। डायमंड हार्बर से लोकसभा सदस्य एवं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे श्री बनर्जी को इस मामले में नौ अक्टूबर को भी तलब किया था लेकिन उस समय वे उपस्थित नहीं हुए थे। गौरतलब है कि जांच कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के बाद संघीय एजेंसी द्वारा की जा रही है। निदेशालय उक्त घोटाले के लिए धन के लेन-देन की जांच कर रहा है, जिसने राज्य भर में सरकारी प्रायोजित स्कूलों में योग्य उम्मीदवारों को प्रदान किया और कथित अयोग्य उम्मीदवारों को नकदी के बदले नौकरियां प्रदान कीं।

मानव तस्करी केस में एनआईए ने राज्यों में ली तलाशी

नई दिल्ली(ए)। देश में मानव तस्करी के खिलाफ एक बड़े अभियान में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बुधवार को 10 राज्यों में तलाशी ली। जांच एजेंसी ने कहा, आतंकवाद विरोधी एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एजेंसी की कई टीमों ने मानव तस्करी के मामलों के सिलसिले में त्रिपुरा, असम, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना, हरियाणा, पुडुचेरी, राजस्थान और जम्मू-कश्मीर राज्यों में तलाशी ली। तलाशी आज अल सुबह शुरू हुई। मामले में विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है।

कुमार विश्वास के काफिले पर हमला

नई दिल्ली(ए.)। कुमार विश्ववास के काफिले पर हमले की खबर आ रही है। रिपोर्ट के अनुसार, उनके सुरक्षाकर्मियों पर हमला किया गया है। इस बात की जानकारी उन्होंने खुद एक्स पर ट्वीट कर दी है। घटना का इल्जाम एक कार सवार पर लगा है। वे गाजियाबाद से अलीगढ़ जा रहे थे। मामले की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। कुमार विश्वास ने एक्स पर लिखा, आज अलीगढ़ जाते समय वसुंधरा स्थित घर से जब निकला तो हिंडन के तट पर किसी कार चालक ने साथ चल रहे सुरक्षाकर्मियों की

कार पर दोनों ओर से कार की टक्कर से हमला करने की कोशिश की। जब नीचे उतर कर सुरक्षाकर्मियों ने उस व्यक्ति को पूछताछ के लिए रोका तो उसने न केवल यूपी पुलिस के सिपाही अपितु केंद्रीय बलों के सुरक्षाकर्मियों पर भी हमला किया। पुलिस को रिपोर्ट कर दी है। कारण पता नहीं चल पाया। ईश्वर सब को सुरक्षित रखे। आप सबकी शुभकामनाओं हेतु आभार। वहीं पल्लव वाजपेयी नामक डॉक्टर ने कुमार विश्वास के सुरक्षाकर्मियों पर ही पिटाई का आरोप लगाया है। रिपोर्ट के अनुसार, यह विवाद हिंडन नदी के पास कुमार विश्वास के काफिले की गाड़ी को ओवरटेक करने को लेकर हुआ। इस मारपीट में डॉक्टर वाजपेयी को गंभीर चोटें आई हैं। उनकी तस्वीर भी सामने आई है। डॉक्टर वाजपेयी ने कुमार विश्वास के सुरक्षाकर्मियों पर आरोप लगाया है। उनका कहना है कि सिविल ड्रेस पहने हुए सुरक्षाकर्मियों ने उनकी बुरी तरह पिटाई की।

चाय नहीं मिली तो डॉक्टर ने छोड़ा ऑपरेशन

नागपुर। महाराष्ट्र के नागपुर स्थित एक सरकारी अस्पताल में चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक डॉक्टर चाय नहीं मिलने से इस कदर नाराज हो गया कि उसने सर्जरी बीच में ही छोड़ दी और ऑपरेशन थिएटर से निकल गया। इस बीच एनेस्थीसिया लगवाकर चार महिलाएं बेहोश पड़ी रहीं। आनन-फानन में दूसरे अस्पताल से डॉक्टर को बुलाना पड़ा। तब जाकर सर्जरी हो पाई। यह घटना 3 नवंबर को नागपुर के मौदा तहसील के स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में हुई। उस दिन आठ महिलाओं की परिवार नियोजन के तहत नसबंदी की जानी थी। जानकारी के अनुसार, चार महिलाओं की सर्जरी करने और बाकी महिला मरीजों को एनेस्थीसिया देने के बाद डॉक्टर ने अस्पताल के कर्मचारियों से एक कप चाय मांगी। काफी देर के बाद जब उसके लिए चाय नहीं आई तो नाराज होकर डॉक्टर ऑपरेशन थिएटर से बिना सर्जरी के ही निकल गया। रिपोर्ट के मुताबिक, डॉक्टर का नाम तेजरंग भलावी बताया जा रहा है। डॉक्टर भलावी के जाने के बाद जब अस्पताल प्रशासन ने जिला चिकित्सा अधिकारी से संपर्क किया गया। आनन-फानन में बेहोश महिलाओं की सर्जरी करने के लिए दूसरे डॉक्टर को भेजा गया। जिला प्रशासन ने अब इस मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं। इस मसले पर नागपुर जिला परिषद के सीईओ सौम्या शर्मा ने कहा कि मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर डॉक्टर के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। घटना के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, ''शुक्रवार 3 नवंबर को मौदा तहसील के सरकारी अस्पताल में परिवार नियोजन ऑपरेशन का आयोजन किया गया था। ऑपरेशन करने के लिए रामटेक तहसील के आरएच सरकारी अस्पताल के डॉ. तेजरंग भलावी को बुलाया गया। उन्होंने 4 ऑपरेशन किए और 4 को बीच में छोड़ दिया।

कांग्रेस हमेशा काले धन की पक्षधर रही है : अनुराग ठाकुर

भोपाल/नवप्रदेश। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने भोपाल में संवाददाताओं से वार्तालाप करते हुए कांग्रेस को भ्रष्टाचार की कार्य संस्कृति वाली पार्टी बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा से काले धन की पक्षधर रही है।

श्री ठाकुर ने पिछले 10 वर्षों के यूपीए शासन काल में हुए घोटाले का जिक्र करते हुए कहा, ÷इनके 10 वर्षों के राज में कोयला घोटाला, 2%, कॉमनवेल्थ, अगस्ता वेस्टलैंड, सबमरीन घोटाले हुए। सोनिया गांधी और राहुल गांधी से जुड़े नेशनल हेराल्ड मामले के ऊपर निशाना साधते हुए श्री ठाकुर ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री पर टिप्पणी करते हुए कहा, जिनके आका ही घोटाले बाज हों उनके मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी इसमें पीछे कैसे रह सकते थे।

भूपेश बघेल के ऊपर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों को बेहद गंभीर बताते हुए श्री ठाकुर ने कहा, देश के 75 वर्षों के इतिहास में भूपेश बघेल जी की सरकार ने भ्रष्टाचार के नए रिकॉर्ड बनाए हैं। उनकी सरकार में गोदान घोटाला, कोयला घोटाला, शराब घोटाला, पेपर लीक घोटाला और अब महादेव ऐप घोटाला सामने आया है।

श्री ठाकुर ने आगे कहा, छत्तीसगढ़ में नारा बन गया है, भ्रष्टाचार करो और भू- पे करो यानी भूपेश बघेल को पे करो। भूपेश बघेल जी ने महादेव ऐप वालों से 508 करोड रुपए लिए ताकि उनकी पुलिस उन्हें थोड़ा-थोड़ा टाइट करती रहे। भूपेश बघेल जी ऐसे ही मनी कलेक्ट करके कांग्रेस हाई कमान को पहुंचते हैं। भूपेश बघेल जी ने आखिर क्यों इस ऐप को बंद नहीं कराया? भूपेश बघेल जी ने इस ऐप को बंद करने के लिए पिछले 4 वर्षों में एक पत्र तक नहीं लिखा। इससे साफ पता चलता है कि ये लोग सट्टे के पैसे से सत्ता चला रहे थे। मीडिया आज जब उनसे प्रश्न पूछता है, तो उन्हें पसीने आते हैं। टाइम देखते हैं। बोलते हैं कितना प्रश्न पूछोगे। भ्रष्टाचार के सवालों से भागने वाले भूपेश बघेल को आज छत्तीसगढ़ की जनता बोल रही है 'भाग भूपेश भाग'।आखिर यह कितना भागेंगे? पहले जनता भगाएगी, फिर जांच एजेंसियां भगाएंगी। ये भी जल्द जहां मनीष सिसोदिया, संजय सिंह, सत्येंद्र जैन हैं और अरविंद केजरीवाल जाने वाले हैं, वहीं जाएंगे।

विपक्षी गठबंधन पर पूछे गए प्रश्न के जवाब में श्री ठाकुर ने कहा, इनका न नेता है, ना नीति है, ना नियति है। ये अपनी जान बचाने के लिए साथ आए भ्रष्टाचारियों का ठगबंधन है। ये सभी जमानत पर बाहर जमीनवीहीन नेता हैं।

सब्सिडी ने बढ़ा दी मांग, एक ही महीने में भरे गए 11 लाख सिलेंडर, टूट गया रिकॉर्ड

नई दिल्ली(ए.)। केंद्र सरकार की उज्ज्वला योजना पर कई सवाल उठ रहे थे। ऐसे कई मामले सामने आए थे कि गरीब परिवार के लोगों ने पहली बार के बाद सिलेंडर को रिफिल नहीं करवाया। इसे देखते हुए मोदी सरकार ने सब्सिडी का ऐलान किया। चुनावी राज्यों में अलग से घोषणा की गई है। इसके कारण उज्ज्वला योजना को मानो ऑक्सीजन मिल गया है। रसोई गैस सिलेंडर की रिफिल की मांग में रिकॉर्ड बढ़ोतरी देखने को मिली है। केंद्रीय कैबिनेट द्वारा 9.6 करोड़ उज्ज्वला लाभार्थियों के लिए 200 रुपये प्रति सिलेंडर की सब्सिडी को

मंजूरी देने के कुछ दिनों बाद सितंबर महीने में पहली बार प्रति दिन 11 लाख सिलेंडर रिफिल किया गया। आपको बता दें कि केंद्र सरकार के द्वारा 100 रुपये के अतिरिक्त सब्सिडी को मंजूरी भी दी गई थी। अक्टूबर में औसत प्रतिदिन 10.3 लाख से थोड़ा कम सिलेंडर रिफिल किया गया। सरकार को उम्मीद है कि आने वाले महीनों में रसोई गैस की खपत में पर्याप्त वृद्धि होगी, क्योंकि कई राज्यों और केंद्र ने चुनावों से पहले सब्सिडी की घोषणा की है। 2020 में कोविड-19 राहत पैकेज के तहत भी सब्सिडी की घोषणा की गई थी। उप्र जैसे राज्य आगे बढ़ गए हैं। यहां उज्ज्वला लाभार्थियों के लिए दिवाली उपहार के रूप में मुफ्त सिलेंडर की घोषणा की गई है। मप्र की बात करें तो भाजपा सरकार महिलाओं को 450रु में सिलेंडर देगी। कांग्रेस ने मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में अपने घोषणापत्र में 500 रुपये प्रति सिलेंडर सब्सिडी की घोषणा की है। सरकार और तेल कंपनियों को आने वाले महीनों में गरीब परिवारों की ओर से मांग बढ़ती दिख रही है।

दिल्ली-एनसीआर ही नहीं, पाक से बंगाल की खाड़ी तक फैला प्रदूषण

नई दिल्ली(ए.)। दिल्ली और एनसीआर में वायु प्रदूषण का स्तर गंभीर श्रेणी में बना हुआ है। इसके चलते सरकार ने बुधवार को बड़ा कदम उठाते हुए ओला-उबर कैब पर रोक लगाने के साथ सभी स्कूलों को 9 दिन के लिए पूरी तरह बंद रखने का फैसला लिया है। वाहनों से फैला काला धुआं और पड़ोसी राज्यों में पराली जलाने से दिल्ली की हवा दमघोंटू हो रही है। इस बीच नासा ने सैटेलाइट तस्वीर जारी की है। तस्वीर से पता चलता है कि पलूशन सिर्फ दिल्ली-एनसीआर तक सीमित नहीं है, यह धुंध पाकिस्तान से बंगाल की खाड़ी तक फैला हुआ है। दिल्ली-एनसीआर में फैले वायु प्रदूषण के बीच नासा के वर्ल्डव्यू ने सैटेलाइट तस्वीर जारी

की है। इस तस्वीर से अंदाजा लगाया जा सकता है कि पलूशन का काला और जहरीला धुआं पाकिस्तान के पंजाब से लेकर बंगाल की खाड़ी तक फैला हुआ है। डेटा से पता चलता है कि पलूशन की वजह उत्तर भारतीय राज्यों में पराली जलाने की घटनाओं में तेजी भी है। नासा के आंकड़ों से पता चलता है कि 29 अक्टूबर के बाद से खेतों में आग लगने की घटनाओं में तेजी से वृद्धि देखी गई है।

बद्रीनाथ के दर्शन की राष्ट्रपति मुर्मू, सीएम धामी से भी मिलीं

नई दिल्ली(ए.)। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उत्तराखंड के दौरे पर हैं। बुधवार को राष्ट्रपति मुर्मू बद्रीनाथ धाम पहुंची। भगवान बदरी विशाल के दरबार में राष्ट्रपति ने मत्था टेका और आशीर्वाद लिया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को उत्तराखंड स्थित भू-बैकुंठ धाम पहुंचकर भगवान बदरी विशाल के दर्शन किए।

मंदिर में करीब 25 मिनट तक पूजा करते हुए राष्ट्रपति ने देश की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। बदरीनाथ धाम आगमन पर उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राष्ट्रपति की अगवानी की।

सीएम और राज्यपाल ने किया स्वागत

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की बीच भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टर से बुधवार को सुबह 10:20 बजे बद्रीनाथ आर्मी हेलीपैड पहुंची। हेलीपैड पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, बद्री केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेन्द्र अजय, अन्य जनप्रतिनिधियों सहित जिलाधिकारी हिमांशु खुराना एवं पुलिस अधीक्षक रेखा यादव ने राष्ट्रपति का स्वागत किया। यहां से राष्ट्रपति काफिले के साथ मंदिर पहुंची और मंदिर में बद्री विशाल की वेद पाठ एवं विशेष पूजा की। बद्रीनाथ के मुख्य पुजारी रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी एवं तीर्थ पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा संपन्न की। मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेन्द्र अजय, उपाध्यक्ष किशोर पंवार एवं अन्य पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति को बद्री विशाल का प्रसाद एवं अंग वस्त्र भेंट किया।

मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने मंदिर परिसर में राष्ट्रपति को भोजपत्र पर बनी बद्रीनाथ मंदिर की प्रतिकृति, आरती और स्थानीय उत्पादों की टोकरी भेंट की। भू-बैकुंठ धाम की अलौकिक सुंदरता देख राष्ट्रपति अभिभूत दिखे। मंदिर से निकलते समय उन्होंने हाथ हिलाकर बद्रीनाथ धाम पहुंचे श्रद्धालुओं का अभिवादन भी किया। मंदिर में पूजा दर्शन के बाद राष्ट्रपति बद्रीनाथ से श्रीनगर के लिए प्रस्थान किया।

सुरक्षा व्यस्था रही कड़ी

राष्ट्रपति के दौरे को लेकर प्रशासन द्वारा धाम में सुरक्षा के कड़े इंतेजाम किए गए थे। साथ ही कन्टीजेन्सी प्लान के तहत गौचर में भी सभी व्यवस्थाएं की गई थी। मा.राष्ट्रपति के बद्रीनाथ भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी हिमांशु खुराना, पुलिस अधीक्षक रेखा यादव, सीडीओ एलएन मिश्र, एडीएम डॉ.अभिषेक त्रिपाठी, सयुंक्त मजिस्ट्रेट डा.दीपक सैनी, एसडीएम कुमकुम जोशी, मुख्य कार्याधिकारी योगेन्द्र सिंह, धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल, मीडिया प्रभारी डा.हरीश गौड़, बीकेटीसी के सदस्यगण सहित विभिन्न व्यवस्थाओं से जुड़े अधिकारी मौजूद थे।

सीएम धामी ने की राष्ट्रपति से मुलाकात

इससे पहले सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राजभवन में राष्ट्रपति से मुलाकात की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राजभवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार भेंट की और उनका देवभूमि उत्तराखंड में स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने खास तोहफा भी दिया।

प्रदूषण के चलते दिल्ली में 9 से 18 नवंबर तक स्कूल बंद

नई दिल्ली(ए.)। बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए दिल्ली सरकार ने बड़ा फैसला किया है। राष्ट्रीय राजधानी में गंभीर वायु प्रदूषण के बीच दिल्ली सरकार ने 9 से 18 नवंबर तक सभी स्कूलों में शीतकालीन अवकाश की घोषणा की है। दिल्ली सरकार ने स्कूलों को सर्दी की छुट्टी अभी घोषित करने का निर्देश दिया है। स्कूलों में पूर्व निर्धारित दिसंबर-जनवरी में होने वाले विंटर ब्रेक को अभी घोषित करने का आदेश दिया गया है। दिल्ली शिक्षा विभाग ने ये आदेश जारी किया है। प्रदूषण के लगातार बढ़ते स्तर को देखते हुए इस बार शीतकालीन अवकाश पहले लिया जा रहा है। इससे पहले दिल्ली में प्राइमरी स्कूलों को 10 नवंबर तक बंद करने का फैसला लिया गया था।

मुख्तार अंसारी का बेटा उमर ने किया सरेंडर

लखनऊ(ए.)। उत्तर प्रदेश के मऊ जिले से एक बड़ी खबर आ रही है। तीन मामलों में फरार चल रहे मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी ने एमपी एमएलए कोर्ट में सरेंडर किया है। मामला हेट स्पीच और चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का बताया जा रहा है। चुनाव आचार संहिता के तीन अलग-अलग मामलों में नामजद मुख्तार अंसारी के छोटे पुत्र व विधायक अब्बास अंसारी के भाई उमर अंसारी ने बुधवार को एसीजेएम एमपी /एमएलए कोर्ट श्वेता चौधरी की अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। तीनों मामलों में उमर अंसारी के विरुद्ध कोर्ट से गैरजमानती वारंट जारी

था। एसीजेएम ने उन्हें न्यायिक हिरासत में ले लिया है। पहले मामले में अभियोजन के अनुसार एसआई गंगाराम बिंद की तहरीर पर शहर कोतवाली में अपराध संख्या 97/ 22 धारा 506, 171च भादवि के तहत एफआईआर दर्ज हुई। इसमें सदर विधायक अब्बास अंसारी व अन्य को आरोपी बनाया गया। आरोप था कि 3 मार्च 22 को विस चुनाव के दौरान सदर विधानसभा सीट से सुभासपा के प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रहे अब्बास अंसारी ने नगर क्षेत्र के पहाड़पुर मैदान में जनसभा के दौरान कहा कि जनपद मऊ के प्रशासन को चुनाव के बाद रोककर हिसाब किताब करने व इसके बाद सबक सिखाने की धमकी मंच से दी गई थी। पुलिस ने विवेचना मे मामले में धारा 506, 171 एफ,186,189,153 ए, 120 बी भादवि मे सदर विधायक अब्बास अंसारी व उनके भाई उमर अंसारी, इलेक्शन एजेंट गाजीपुर जनपद के पुरानी कचहरी यूसुपुर मुहम्मदाबाद निवासी मंसूर अंसारी के विरुद्ध आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया है। पहले मामले में अभियोजन के अनुसार एसआई गंगाराम बिंद की तहरीर पर शहर कोतवाली में अपराध संख्या 97/ 22 धारा 506, 171च भादवि के तहत एफआईआर दर्ज हुई। इसमें सदर विधायक अब्बास अंसारी व अन्य को आरोपी बनाया गया। आरोप था कि 3 मार्च 22 को विस चुनाव के दौरान सदर विस सीट से सुभासपा के प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रहे अब्बास अंसारी ने नगर क्षेत्र के पहाड़पुर मैदान में जनसभा के दौरान कहा कि जनपद मऊ के प्रशासन को चुनाव के बाद रोककर हिसाब किताब करने व इसके बाद सबक सिखाने की धमकी मंच से दी गई थी।

टेरर फंडिंग केस में जम्मू कश्मीर पुलिस का ऐक्शन, अनंतनाग और पुलवामा में छापेमारी

कश्मीर। जम्मू कश्मीर में टेरर फंडिंग के मामले में एक बार फिर राज्य पुलिस छापेमारी कर रही है।



राज्य की जांच एजेंसी (एसआईए) की टीम ने बुधवार को टेरर फंडिंग केस में दक्षिण कश्मीर में कई स्थानों पर छापेमारी की। एक अधिकारी ने बताया कि राज्य जांच एजेंसी दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग और पुलवामा जिलों में कई जगहों पर छापेमारी कर रही है। ये छापेमारी टेरर फंडिंग मामले में की जा रही है।

बता दें कि जम्मू कश्मीर में टेरर फंडिंग का खुलासा जम्मू कश्मीर की जांच एजेंसी एसआईए ने अगस्त 2021 में किया था। एसआईए ने श्रीनगर स्थित विशेष अदालत में दो आरोपियों के खिलाफ दायर आरोपपत्र में टेरर फंडिंग के सबूत दिखाए थे। जांच में एसआइए ने यह पता लगाया था कि जम्मू कश्मीर के ज्यादा इलाकों खासकर दक्षिण कश्मीर में टेरर फंडिंग के तार काफी गहरे हैं। खाड़ी देशों में काम करने वाले कुछ कश्मीरियों की मदद से कश्मीर में टेरर फंडिंग को बढ़ावा दिया जा रहा है। कश्मीर भेजी जा रही मोटी रकम आतंकी फसल को बोने में इस्तेमाल की जा रही है।

जंग के बाद भी गाजा पर काबिज रहेगा इजरायल

तेल अवीव। इजरायल और हमास के बीच जारी युद्ध को एक महीने का वक्त बीत चुका है। अब तक इजरायल के हमलों में 10 हजार से ज्यादा फिलिस्तीनी मारे गए हैं, जबकि हमास के अटैक में 1400 इजरायलियों की मौत हो गई थी। इस बीच इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने साफ कर दिया है कि युद्ध खत्म होने के बाद भी गाजा पट्टी पर इजरायल का कंट्रोल बना रहेगा। उनका कहना है कि जंग के बाद भी इजरायल का गाजा पर काबिज रहेगा और उसकी सेनाएं सुरक्षा व्यवस्था को संभालेगी। बता दें कि अमेरिका समेत कई यूरोपीय देशों ने भी इजरायल से अपील की है कि वह गाजा में नागरिकों पर हमले न करे और ना ही उस पर कब्जा करे।

> डिफेंस मिनिस्टर ने कहा- हमारा एक ही लक्ष्य, हमास की बर्बादी
> मंगलवार रात को इजरायल के डिफेंस मिनिस्टर योआव गैलेंट ने भी संकेत दिए कि गाजा पट्टी में घुसकर अब युद्ध होगा। उन्होंने कहा कि हमारी सेना अब अंदर तक जाकर मार कर रही है। गैलेंट ने टीवी पर ऐलान किया, 'इजरायली डिफेंस फोर्सेज गाजा के अंदर हैं। वे उत्तर और दक्षिण दोनों तरफ से एंट्री कर रही हैं। जमीन, समुद्र और हवा तीनों तरफ से हमारी सेना तैनात है और ऐक्शन के लिए तैयार है।' उन्होंने कहा कि हमारी सेना का सिर्फ एक ही लक्ष्य है, गाजा में हमास की बर्बादी। उन्होंने कहा कि हम इनके टैंकर, बैंकर, कॉम्युनिकेशन रूम और सैनिकों को तबाह कर देंगे। हमने पूरे गाजा को बुरी तरह से घेर लिया है और कोई भी बचकर नहीं निकल पाएगा।

सोमवार को एक इंटरव्यू में नेतन्याहू ने कहा कि हमारे लिए यह जरूरी होगा कि गाजा की सुरक्षा व्यवस्था को संभाल लें। नेतन्याहू ने यह नहीं बताया कि जंग के बाद गाजा का प्रशासन कौन संभालेगा, लेकिन यह जरूर कहा कि हमास को खत्म होना होगा। लेकिन इतना साफ कर दिया कि अनिश्चितकाल के लिए इजरायल ही गाजा की सुरक्षा व्यवस्था को संभालेगा। उन्होंने कहा कि हमने देखा है कि जब सुरक्षा व्यवस्था इजरायल ने नहीं संभाली तो क्या हुआ। ऐसी स्थिति में हमास नियंत्रण से बाहर हो गया और फिर इजरायल पर इतना भीषण हमला हुआ, जो हमने पिछले महीने झेला। बेंजामिन नेतन्याहू ने भी कहा कि हमने गाजा पट्टी को चारों तरफ से घेर लिया है और कभी भी एंट्री कर सकते हैं। दरअसल गाजा पट्टी में करीब 23 लाख लोग रहते हैं और इजरायल के ऐक्शन से उनके वजूद पर भी संकट आ गया है। यही वजह है कि अरब देश, अमेरिका और यूरोपीय देश लगातार अपील कर रहे हैं कि गाजा पट्टी पर इजरायल हमले रोक दे। इस पर इजरायल का कहना है कि वह गाजा के आम लोगों के लिए मदद पहुंचाने के दौरान युद्ध रोकने को तैयार है, लेकिन हमले तो नहीं रोके जाएंगे क्योंकि उसका मकसद हमास का खात्मा करना है।

खड़गे ने माना, हम पांडव और वे कौरव: शिवराज

बड़वानी(ए.)। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने आज कहा कि आखिरकार कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मान ही लिया कि भारतीय जनता पार्टी पांडव और कांग्रेस कौरव है। अब ये लड़ाई धर्म और अधर्म के बीच हो गई है। बड़वानी जिले के पानसेमल में भाजपा उम्मीदवार श्याम बरडे के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए श्री चौहान ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष श्री खड़गे ने भारतीय जनता पार्टी को पांच पांडव कहा, जिसका मतलब सीधा है कि उन्होंने मान लिया है कि कांग्रेस कौरव है। पांडव न्याय की लड़ाई लड़ते थे, जबकि कौरव स्वार्थ की। अब यह लड़ाई पांडव कौरव अर्थात धर्म और अधर्म के बीच हो गई है। महाभारत में तो एक ही धृतराष्ट्र था, लेकिन कांग्रेस में दो-दो हैं।

न्यूज गैलरी

आज बूढ़ातालाब के पास बनेगी मानव श्रृंखला

रायपुर/नवप्रदेश। लोगों को शत प्रतिशत मतदान हेतु जनजागरण व प्रेरित करने छत्रपति शिवाजी स्कूल, पुरानी बस्ती की छात्राएं कल गुरुवार नौ नवंबर को शाम चार बजे बूढ़ातालाब के किनारे श्याम टाकीज़ चौक से बूढ़ेश्वर मंदिर चौक तक मानव श्रृंखला बनाएंगी। तीन सौ से ज़्यादा छात्राएं यहां राहगीरों से मतदान करने की तथा इस हेतु अन्य लोगों को भी प्रेरित करने की अपील करेंगी। छात्राएं राहगीरों को एकत्र कर उन्हें मतदान करने की शपथ भी दिलाएंगी। साथ ही मतदाता जनजागरण से संबंधित नारे लगाए जाएंगे।

दिवाली से पहले जुआरियों पर कार्रवाई, 12 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने जुआरियों पर कार्रवाई करते हुए 12 को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से नगदी भी जब्त की गई है। दरअसल, 8 नवम्बर की रात थाना गोलबाजार पुलिस टीम को सूचना मिली कि शास्त्री मार्केट स्थित सब्जी मार्केट चबूतरा में बैठकर कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। थाना प्रभारी गोलबाजार के नेतृत्व में थाना गोलबाजार पुलिस की टीम द्वारा मुखबीर द्वारा बताये स्थान में जाकर देखा गया। कुछ व्यक्ति ताशपत्ती में रकम का दांव लगाकर जुआ खेल रहे थे। टीम के सदस्यों द्वारा रेड कार्यवाही व घेराबंदी कर ताशपत्ती से जुआ खेलते 12 जुआरियों को गिरफ्तार किया गया। जुआरियों के कब्जे से नगदी रकम 15,230 रूपये एवं ताशपत्ती जब्त कर जुआरियों के विरूद्ध थाना गोलबाजार में धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई।

शराब के लिए पैसे नहीं दिया तो पत्नी के सामने पति को मारा चाकू

रायपुर/नवप्रदेश। शराब पीने के लिए पैसे देने से मना करने पर युवक पर चाकू से हमला करने वाले दो आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना आजाद चौक थाना क्षेत्र है। पुलिस के अनुसार समता कॉलोनी अर्जुन नगर निवासी लक्ष्मी कुन्बी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 4 नवंबर की रात करीब 12 बजे खाना खाकर अपने परिवार के साथ सो गए थे। तभी रात करीब 1 बजे उसके घर के दरवाजे को बाहर से खटखटाने की आवाज आई। महिला ने पति राहुल कुन्बी के साथ उठकर दरवाजा खोली तो टिल्लू अपने साथी संजू मानिकपुरी के साथ खडा था। महिला का पति राहुल कुन्बी ने टिल्लू से पूछा क्या हुआ तो टिल्लू बोला शराब व चखना के लिए मुझे पैसा दो तो राहुल ने मना कर दिया। इससे नाराज आरोपियों ने राहुल कुन्बी को जान से मारने की धमकी दी व अपने पास रखे धारदार हथियार से पेट में वार कर फरार हो गए। महिला की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने आरोपी टिल्लू बाघ उर्फ अशोक एवं संजू मानिकपुरी को गिरफ्तार किया।

चौकीदारों पर चोरों ने किया हमला

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के कमल विहार में आये दिन चोरी, लूट, चाकूबाजी और मारपीट की घटनाएं होती रहती हैं। सेक्टर-5 में मंगलवार तड़के तीन बजे निमार्णाधीन मकान के चौकीदार पर चोरों ने हमला कर घायल कर दिया। पुलिस के अनुसार जितेंद्र देवार और उसके साथी निर्माण सामग्री चोरी करने के लिए मकान में घुस रहे हैं। चौकीदार ने इन्हें पकड़ने की कोशिश की। इस पर आरोपियों ने चौकीदार को जमकर पीटा। चौकीदार के साथी और पड़ोसी चौकीदार आए तब चोर भाग खड़े हुए। पीड़ित चौकीदार ने टिकरापारा थाने में मामला दर्ज कराया है। 3-4 दिन पहले कमल विहार सेक्टर-1 से राधा विहार कॉलोनी जाने वाले रास्ते पर आधा दर्जन से अधिक अज्ञात आरोपियों ने एक व्यक्ति को बेदम पीटा, फिर उसे चाकू मारकर बुरी तरह जख्मी कर दिया। टिकरापारा पुलिस के मुताबिक उन तक ऐसी कोई शिकायत नहीं पहुंची है। लेकिन प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि करीब 15 मिनट तक जमकर मारपीट हुई। कॉलोनी के लोग दहशत में आ गए। मारपीट करने के बाद आरोपी एक ऑटो और 2 बाइक में सवार होकर भाग निकले। आसपास के लोगों ने घायल को अस्पताल में एडमिट कराया। कॉलोनीवासियों का कहना है कि पुलिस गश्त नहीं होने से इस क्षेत्र में बदमाशों की अडडेबाजी होती है।

युवक की बाइक पार

रायपुर/नवप्रदेश। शहर में बाइक चोरों के हौसले दिनों-दिन बुलंद होते जा रहे हैं। सिविल लाईन थाना क्षेत्र के खालसा स्कूल के पास से किसी अज्ञात चोर ने एक युवक की बाइक पार कर दी। प्रार्थी सुमनराज विशाल पिता सुभाष विशाल निवासी शिवाली नगर दलदल सिवनी पंडरी कल किसी काम से ऑक्सीजोन गार्डन खालसा स्कूल के पास आया हुआ था। उसने अपनी बाइक होण्डा लीयो क्रमांक सीजी 13 एडी / 0586 कीमती 25000 रूपए स्कूल के पास खड़ी किए हुए था, जिसे किसी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है।

नर्सिंग की सीटों को भरने के लिए विशेष काउंसिलिंग

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में एमबीबीएस, बीडीएस व बीएससी नर्सिंग की खाली सीटों को भरने के लिए विशेष काउंसिलिंग कराई जा रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के निर्देश के बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग ने बीडीएस के लिए विस्तृत शेड्यूल भी जारी कर दिया है।

नीट क्वालीफाइड छात्र 8 व 9 नवंबर को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकेंगे। चूंकि प्रदेश के सरकारी व निजी कॉलेजों में एमबीबीएस की एक भी सीट खाली नहीं है इसलिए इसका शेड्यूल जारी नहीं किया है। वहीं बीएससी के लिए बाद में काउंसिलिंग कराई जाएगी।

प्रदेश के 13 मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की 1910 सीटें हैं, जो 31 अक्टूबर तक भरी जा चुकी हैं। वहीं 6 डेंटल कॉलेजों में बीडीएस की 600 सीटें हैं, जिसमें 241 सीटें खाली है। इनमें रायपुर स्थित प्रदेश की एकमात्र सरकारी कॉलेज की सभी सीटें भर चुकी हैं। जो सीटें खाली है, वे सभी निजी कॉलेजों की है। प्रदेश की 145 कॉलेजों में बीएससी नर्सिंग की 2600 से ज्यादा सीटें खाली है। इन सीटों को भरने के लिए 30 नवंबर तक का समय दिया गया है। राज्य शासन ने अभी काउंसिलिंग के लिए टाइम-टेबल घोषित नहीं किया है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार छत्तीसगढ़ को छोड़कर दूसरे राज्यों में एमबीबीएस की सीटें खाली है। राजस्थान, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक के अलावा दूसरे राज्यों में खासकर स्टेट, मैनेजमेंट कोटे की अच्छी खासी सीटें खाली है। देश के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की 1641 सीटें खाली हैं। इनमें आल इंडिया कोटे की 872 सीटें शामिल हैं। वहीं बीडीएस की 687 सीटें हैं। ये भी आल इंडिया कोटे की है।

सड़क हादसे पर मुख्यमंत्री भूपेश ने जताया शोक

रायपुर/नवप्रदेश। केशकाल में हुए सड़क हादसे में मतदान कार्य से जुड़े तीन लोगों की मौत पर सीएम भूपेश बघेल ने शोक जताया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना जताई है। अपने ट्वीटर एकाउंट में पोस्ट करते हुए सीएम भूपेश बघेल ने लिखा-दुःखद सूचना! केशकाल में निर्वाचन कार्य से लौट रहे तीन मतदानकार्मियों की सड़क दुर्घटना में मृत्यु की दुःखद सूचना प्राप्त हुई है। इस हादसे में मृतक शिक्षक शिव नेताम, संतकुमार नेताम एवं हरेन्द उइके की आत्मा को ईश्वर शांति प्रदान करें एवं उनके परिजनों को यह दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें शांतिः। ज्ञात हो कि इस दर्दनाक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई. मिली जानकारी के मुताबिक, बहिगांव के पास ट्रक और बोलेरो के बीच जबरदस्त टक्कर हुई है. इस हादसे में विधानसभा चुनाव कराकर मतपेटियां जमा करने के बाद कोंडागांव से लौट रहे तीन कर्मचारियों की मौत हो गई। इस हादसे में शिव नेताम शिक्षक बेड़मा, संतराम नेताम शिक्षक (अंचलापारा धनोरा) और हरेंद्र उईके शिक्षक की मौत हुई है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची है. मृतक शिव नेताम घंटों गाड़ी में ही फंसा रहा, जिसे पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला. हादसे में घायल हरेंद्र उईके को केशकाल अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

राज्यपाल से रेल मंडल के डीआरएम ने की मुलाकात

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से आज राजभवन में रेल मंडल रायपुर के संभागीय रेल प्रबंधक (डीआरएम) संजीव कुमार ने सौजन्य भेंट की। उन्होंने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विन वैष्णव की ओर श्री हरिचंदन को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी और चंदन का पौधा भेंट किया।

मृत एवं घायल कर्मचारियों को दी जा रही है अनुग्रह राशि

रायपुर/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार निर्वाचन कार्य में नियोजित अधिकारियों, कर्मचारियों, सुरक्षाबलों आदि के निर्वाचन कर्तव्य के दौरान मृत्यु/घायल होने की स्थिति में छत्तीसगढ़ राज्य प्रतिकर नियमानुसार अनुग्रह राशि की स्वीकृति की गई है।

विधानसभा निर्वाचन-2023 के अंतर्गत प्रथम चरण के निर्वाचन के दौरान जिला कांकेर में केन्द्रीय सुरक्षा बल के एक कर्मी की नक्सल हिंसा में मृत्यु होने के कारण 30 लाख रुपए की अनुग्रह प्रतिकर भुगतान राशि की स्वीकृति की जा रही हैं। दन्तेवाड़ा जिला में केन्द्रीय सुरक्षाबल के एक कर्मी की निर्वाचन कर्तव्य के दौरान मृत्यु होने के कारण 15 लाख रुपए की अनुग्रह प्रतिकर भुगतान राशि की स्वीकृति की जा रही है। कोंडागांव जिले में केशकाल में तीन निर्वाचन कर्मियों की दुर्घटना में मृत्यु होने के कारण नियमानुसार 15 लाख रुपए प्रति कर्मी के मान से कुल 45 लाख रुपए की अनुग्रह प्रतिकर भुगतान राशि की स्वीकृति की जा रही है। इसके अतिरिक्त निर्वाचन कर्तव्य के दौरान नक्सली हिंसा में घायल विभिन्न कर्मियों को भी नियमानुसार अनुग्रह प्रतिकर भुगतान राशि की स्वीकृति की जा रही है।

12 नवंबर, 18 और 19 दिसंबर को बंद रहेगा मांस विक्रय

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आदेश के अनुपालन में 12 नवंबर महावीर निर्वाण दिवस, 18 दिसम्बर गुरू घासीदास जयंती और 19 दिसम्बर संत तारण तरण जयंती के अवसर पर रायपुर परिक्षेत्र में स्थित मांस-मटन की दुकानें बंद रखने का आदेश नगर निगम द्वारा जारी किया गया है। उक्त अवसर पर किसी भी दुकान में मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त कर कार्यवाही की जायेगी और संबंधित व्यक्ति के विरूद्ध यथोचित कार्यवाही भी की जायेगी। उक्त अवसर पर नगर पालिक निगम रायपुर के समस्त जोन स्वास्थ्य अधिकारी स्वच्छता निरीक्षकगण उपरोक्त आदेश का पालन सुनिश्चित कराएंगे और अपने संबंधित क्षेत्रों में लगातार पर्यवेक्षण करेंगे।

बुजुर्ग मतदाता सुमन के घर पहुंचा मतदान दल

83 वर्षीय बुजुर्ग ने घर पर पोस्टल बैलेट से किया गुप्त मतदान

रायपुर/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग की पहल पर आज कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने स्वयं तात्यापारा निवासी 83 वर्ष की बुजुर्ग मतदाता श्रीमती सुमन कमाईसदार के घर पहुंचकर उनसे गुप्त मतदान कराया। विधानसभा निर्वाचन-2023 से भारत निर्वाचन आयोग ने 80 वर्ष से अधिक बुजुर्ग मतदाताओं और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदान की घर पहुंच सुविधा शुरू की है। रायपुर जिले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने इसकी कमान खुद संभाल रखी है। आज से रायपुर जिले में मतदान की घर पहुंच सुविधा शुरू हो गई है। डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने तात्यापारा निवासी सुमन कमाईसदार के घर पहुंचकर उनसे मतदान कराया। इस दौरान पूरा मतदान दल कलेक्टर के साथ मौजूद था। मतदाता की पहचान से लेकर गुप्त मतदान की सभी प्रक्रियाओं का कलेक्टर के समक्ष पालन किया गया और 83 वर्षीय श्रीमती सुमन ने अपनी पसंद का प्रतिनिधि चुनने के लिए पोस्टल वैलेट के माध्यम से वोट डाला। श्रीमती सुमन घुटने की तकलीफ के कारण चलने-फिरने में बहुत समर्थ नहीं है। 83 वर्ष की बुजुर्गीयत के कारण लम्बे समय तक मतदान की लाईन में खड़े रहने की भी तकलीफ घर पर मतदान की सुविधा से श्रीमती सुमन को नहीं उठानी पड़ी है। बुजुर्ग महिला मतदाता के परिजन भी आयोग की इस पहल की मुक्त कंठ प्रशंसा कर रहें है। बुजुर्गो और दिव्यांग मतदाताओं को मतदान के दौरान मतदान केन्द्रों में लगी लम्बी लाईनों में खड़े होने पर जिन तकलीफों का सामना करना पड़ता है उनसे परेशान होकर ऐसे मतदाता अपने मताधिकार को उपयोग करने से कतराते है। अब निर्वाचन आयोग ने घर पहुंच मतदान की सुविधा शुरू की है। इस सुविधा से ऐसे सभी मतदाताओं को अपने संवैधानिक और मूल अधिकार का उपयोग करने में बहुत आसानी हो गई है।

अग्निवीर सैन्य पुलिस के रूप में महिलाओं का होगा चयन

रायपुर/नवप्रदेश। महिला उम्मीदवारों के लिए रैली की घोषणा की गई और इसका संचालन भर्ती कार्यालय (जबलपुर) के द्वारा 29 नवम्बर को किया जाएगा। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की युवा लड़कियां 2023-2024 के भर्ती चक्र में सैन्य पुलिस में शामिल होने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी । 29 नवम्बर को कॉमन एंट्रेंस एग्जाम को सफलतापूर्वक पास करने वाले उम्मीदवारों के लिए भर्ती रैली सुबह 7 बजे से रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय शारीरिक शिक्षा विभाग के मैदान में आयोजित की जाएगी । उम्मीदवारों को एयरपोर्ट रोड, जबलपुर स्थित प्रवेश द्वार पर सुबह 5 बजे तक रिपोर्ट करना होगा।

रैली में शामिल होने के लिए पात्र 805 अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड भेज दिए गए हैं। 29 नवम्बर को भर्ती मुख्यालय भर्ती जोन (मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़) के तत्वाधान में आयोजित की जा रही है।

इन 805 उम्मीदवारों ने अप्रैल 2023 में आयोजित कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (सीईई) को पास किया है और मेरिट में जगह बनाई है। छत्तीसगढ़ से कुल 103 और मध्यप्रदेश से 702 उम्मीदवारों ने पहले चरण में सफलता हासिल की है। शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों के लिए एडमिट कार्ड मुख्यालय भर्ती क्षेत्र (मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़) द्वारा उनके पंजीकृत ईमेल आईडी पर जारी किए गए हैं।

भाजपा चुनाव जीतने के लिए ईडी और आईटी का ले रही सहारा : प्रमोद

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने बुधवार को राजधानी रायपुर में कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में प्रेसवार्ता लेकर केंद्र सरकार और भाजपा को जमकर कोसा। उन्होंने कहा कि भाजपा चुनाव जीतने के लिए ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स का सहारा ले रही है। वे महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार पर चुप्पी साधे हुए हैं। उन्होंने नगरनार स्टील प्लांट सहित कई मुद्दों को लेकर भारतीय जनता पार्टी और केंद्र सरकार पर तंज कसा।

राज्यसभा में उपनेता प्रतिपक्ष प्रमोद तिवारी ने पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि ईडी और भाजपा ने मिलकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की छवि खराब करने साजिश रची। ईडी ने जिस ड्राईवर के बयान पर मुख्यमंत्री पर आरोप लगाया वह भाजपा का कार्यकर्ता है। भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार के इशारों पर ईडी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की छवि खराब करने के उद्देश्य से एक दुर्भावनापूर्वक प्रेस नोट जारी किया। इसमें ईडी ने सिर्फ एक आरोपी के फौरी ब्यान के आधार पर मुख्यमंत्री के खिलाफ बिना किसी प्रमाण के, बिना किसी जांच के पैसे लेने का प्रेसनोट हड़बड़ी में जारी कर दिया। इसी के द्वारा जारी प्रेस नोट यह साबित करने के लिये पर्याप्त है कि यह भाजपा को एक चुनावी मुद्दा देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री की छवि खराब करने के उद्देश्य से षड़यंत्रपूर्वक जारी किया है। महादेव एप्प के मालिकों में से एक रवि उप्पल का भाई भाजपा के दुर्ग के सांसद जो पाटन में मुख्यमंत्री के खिलाफ चुनाव लड़ रहे उनके साथ है। उसकी फोटो रमन सिंह के साथ भी है। यह रिश्ता क्या कहलाता है सारे कनेक्शन भाजपा के बड़े नेताओं के साथ है। आरोप कांग्रेस पर लगाते है। जिस ड्राइवर के बयानों के आधार पर मुख्यमंत्री पर अनर्गल आरोप लगाये गये है वह भाजपा का कार्यकर्ता है। वह वरिष्ठ भाजपा नेता प्रेम प्रकाश पांडे के अनन्य सहयोगी पियूष मिश्रा का सहयोगी है। वह रमन सिंह का भी कार्यकर्ता है। रमन सिंह के साथ उसकी तस्वीर सोशल मीडिया में है।

असीम दास जिसके साथ रमन सिंह और पियूष मिश्रा जो भाजपा का पार्षद है, जो प्रेम प्रकाश पांडे का प्रतिनिधि था उसके बयानों के आधार पर मुख्यमंत्री पर आरोप लगाना साफ करता है कि ईडी का प्रेस नोट भाजपा की साजिश है। महादेव एप्प को भाजपा का पूरा संरक्षण है, केंद्र सरकार और भाजपा के संरक्षण में ही महादेव एप्प चल रहा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस के साथ महादेव एप्प के सरगना सौरभ चंद्राकर और युसूफ पुट्टी जो कि महादेव एप्प का एक सहयोगी है जिसके खिलाफ एफआईआर भी हुई उसकी तस्वीर रमेश बैस के साथ है। युसूफ पुट्टी के साथ दुबई कौन से भाजपा नेता गये थे इसकी जांच होनी चाहिये? रमन सिंह के बेटे अभिषेक सिंह और रमन के पूर्व 3 नौकरशाह का बेटा दुबई क्यों जाते है इसका जवाब दें? रमन सिंह, अभिषेक सिंह के पासपोर्ट को सार्वजनिक करें। भाजपा नेताओं की महादेव एप्प में संलिप्तता और संरक्षण का यह बड़ा उदाहरण है।

मुख्यमंत्री की छवि खराब करने की कोशिश है। ईडी लगातार कांग्रेस सरकार को बदनाम करने का षड़यंत्र केंद्र के इशारे पर कर रही है। अब तो इस मामले में भाजपा नेताओं के साथ उसकी सांठगांठ उजागर हो चुकी है।

रावतपुरा विवि में प्री दिवाली सेलिब्रेशन

फ्लावर रिल कैंडल और फेब्रिक गिलास कैंडल बने कला और शिल्प प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र

रायपुर/नवप्रदेश। श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के फैशन डिज़ाइन और इंटीरियर डिज़ाइन विभाग के द्वारा प्रतये वर्ष के तरह इस वर्ष भी दिवाली से पहले छात्रों ने कला और शिल्प प्रदर्शनी में रचनात्मक प्रस्तुती करते हुए हस्तनिर्मित शिल्प एवं दिवाली के त्यौहार से सम्बंधित अनेकों रोशनीलैंप, उपहार, आभूषण, गृह सजावट, परिधान बनाये।

कला और शिल्प प्रदर्शनी में बेस्ट फ्रॉम वेस्ट के तहत विद्यार्थियों ने कार्डबोर्ड से फ्लावर लैंप और पिस्ता के छिलके से दिया कि आकृति, क्रिएटिव बुक मार्क्स और अन्य उपहार बनाये। फ्लावर रिल कैंडल और फेब्रिक गिलास कैंड प्रदर्शनी का आकर्षण केंद्र रहे। इसके साथ साथ फीदर हैंगिंग मिरर, रेसन ज्वेल्लेरी, अकार्षित गुल्लक,पोटली बैग,द्वार तोरन एवं लिप्पन आर्ट और मंडाला आर्ट कि भी झलक देखने को मिली। प्री दिवाली सेलिब्रेशन के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री हर्ष गौतम ,कुलपति प्रो. एस. के . सिंह और कुलसचिव डॉ सौरभ के. शर्मा ने विद्यार्थियों के रचनात्मक कार्य कि सराहना कर प्रसस्ती पत्र दिए।

संपादकीय

प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट की सख्ती

देश की राजधानी नई दिल्ली में ठंड के मौसम में वायु प्रदूषन का खतरनाक स्थिति में पहुंचना जटिल समस्या बन गई है। इस बार भी ठंड की शुरूआत होते ही नई दिल्ली की एयर क्वालिटी इंडेक्स 470 पर पहुंच गई है। अभी ठंड का पूरा मौसम बाकी है ऐसे में आगे चलकर नई दिल्ली में प्रदूषण और ज्यादा बढ़ेगा क्योंकि वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए अभी तक कोई प्रभावी पहल दिखाई नही दे रही है। नई दिल्ली सरकार हर साल प्यास लगने पर कुंआ खोदने वाली कहावत को चरितार्थ करती है। वाहन चालकों के लिए आर्ड-इवन नियम लागू करके और दीपावली पर पटाखों पर प्रतिबंध लगाकर वह अपने कर्तव्य की इतिश्री कर लेती है दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को लेकर हर बार एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाए जाते हैं। इस बार भी यही हो रहा है। प्रदूषण पर जमकर राजनीति की जा रही है लेकिन इसे रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं नतीजतन देश की राजधानी नई दिल्ली एक बार फिर गैस चैंबर में तबदील होती जा रही है और दिल्ली के वांशिंदों का सांस लेना भी दुश्वार होता जा रहा है। अब सुप्रीम कोर्ट में नई दिल्ली और एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण को लेकर सख्ती दिखाई। इस मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस संजय किशन कौल ने नई दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, उत्तरप्रदेश और राजस्थान की सरकारों को सख्त आदेश दिया है कि वे पराली जलाना तत्काल बंद करे सुप्रीम कोर्ट ने कडी टिप्पणी की है कि प्रदूषण पर हमारा सब्र खत्म हो रहा है अगर सरकारों ने एक्शन नहीं लिया तो हम एक्शन लेंगें फिर हमारा बुलडोजर नहीं रूकेगा सुप्रीम कोर्ट के कठोर रूप अख्तियार करने के बाद अब उम्मीद की जा रही है कि नई दिल्ली की राज्य सरकार तथा अन्य पड़ोसी राज्य सरकारें बढ़ते वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए समवेत प्रयास करेंगी। केंद्र सरकार को भी बढ़ते वायु प्रदूषण की समस्या को गंभीरता से लेना होगा और इस समस्या का स्थाई समाधान ढूंढ़ना होगा। सिर्फ राजधानी नई दिल्ली की ही नहीं बल्कि कमोवेश देश के सभी महानगरों और शहरों की भी यही स्थिति है। केंद्र सरकार ने प्रदूषण नियंत्रण के लिए देशी भर में जिला स्तर पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के दफ्तर जरूर खोल रखें है लेकिन ये दफ्तर सफेद हाथी बनकर रह गए हैं। इनके व्दारा औद्योगिक प्रदूषण को रोकने या कम करने के लिए कभी कभार ही कार्यवाही की जाती है। अब समय आ गया है कि जानलेवा बनते वायु प्रदूषण को रोकने केंद्र सरकार वृहद् योजना बनाए जरूरत पड़ने पर इस बाब्त बनाए गए कानूनों को और कड़ा करें और उनका सख्तीपूर्वक पालन सुनिश्चित किया जाए केंद्र सरकार और संबंधित राज्य सरकारें मिलकर प्रदूषन के खिलाफ मोर्चा खोलेंगी तभी इस विकट समस्या का समाधान हो पाएगा । सुप्रीम कोर्ट के कड़े निर्देश के बाद अब केंद्र सरकार और राज्य सरकारें प्रदूषण नियंत्रण के लिए कैसी कार्यवाही करती है यह देखना होगा। जहां तक सवाल नई दिल्ली का है तो वहां स्थिति वाकई गंभीर हो चुकी है। इसके चलते दिल्लीवासियों की सेहत पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। वहां ठोस कचरें का निपटारा भी कठिन समस्या है। इस पर भी वहां की राज्य सरकार को ध्यान देना होगा तभी दिल्ली के लोगों को प्रदूषण से किसी हद तक छुटकारा मिलने की उम्मीद की जानी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट की कड़ी फटकार के बाद नई दिल्ली की राज्य सरकार और नई दिल्ली महानगरपालिका प्रदूषण के खिलाफ युद्ध स्तर पर अपनी कार्यवाही तेज करेंगी। प्रदूषण की समस्या को हल करने के लिए मिलकर काम करने की जरूरत है। इसके लिए एक दूसरे पर आरोप लगाकर कोई भी अपनी जिम्मेदारी से पल्ला नही झाड़ सकता यदि राज्य सरकारें ऐसा नहीं करती तो फिर सुप्रीम कोर्ट का उनके खिलाफ डंडा चलना तय है। जैसा कि सुप्रीम कार्ट ने खुद ही कहा है कि उसके सब्र की सीमा टूट गई है। देखना दिलचस्प होगा कि सुप्रीम कोर्ट अपने सख्त आदेश को कितनी कड़ाई सें लागू करा पाती।

देवारी के सरप्राइज

प्रिया देवांगन
गरियाबंद

चल घर ओ रघु के दाई। अबड़ बेरा होगे। कल अउ आ जाबोन। भूख घलो लगत हे। अहादे बेरा घलो ठढ़ियागे हे। मुँड़ ह तीपत हे। करगा छाँटत राम्हीन ल मयाराम ह मेड़ म ठाढ़े-ठाढ़े हूँद कराइस। करगा ल पुदगत-पुदगत राम्हीन कहिथे- ले न थोरिक रूक न , ताहन जाबोन। मुठा के करगा ल मेंड़ म फेंके बर माँगत मयाराम फेर तिखारिस-घर बुता तो घलो परे हे ओ बही। तिहार लक्ठा गेये हे। ले अब काहत हस ते, काली अउ आ जाबोन। देवारी के घर-बुता अड़बड़ बुता ताय। करगा ल डेटरासुद्धा मुरकेटिस, अउ मेंड़ म बम्भुर रुख अरझा दिस। मेंड़ बड़ ऊपर हे ओ। दे तोर हाथ ला। काहत राम्हीन के हाथ ल झींकत खानी मयाराम ल हाँसी आगे। ले धर, अउ ज्यादा हाँस झन । तोला बड़ हाँसी आत हे। राम्हीन थोरिक जोरहा आवाज म किहिस। ले वो बही एक कनी म रिसा जाथस तहुँ हा। मायाराम राम्हीन संग भुरियाय अस गोठियाइस। राम्हीन कहिथे- घर मा लोगलइका मन सँसो करत होही अउ तोला मजाक सूझे हे। घर पहुँचीन ता देखथें, रघु हर नानचुन चड्डा ला पहिरे जालाधुर्रा ला झर्रात रहे अउ उर्मिला निसेनी ला धरे रहे। अइइ...अईई.... हाथगोड़ ला टोर डरहू का रे। राम्हीन खिसियाय अस किहिस- भरे तिहार मा तोर जम्मों संगवारी मन फटाका फोड़ही अउ ते खटिया मा परे रहिबे। चल उतर उतर। करन दे न ओ रघु के दाई। तोर बुता जल्दी हो जाही। चल भात ला हेर। पेट म मुसुवा कूदत हे। मायाराम पेट ल टमरत कहिथे। तभे उर्मिला कहिथे- बइठ ना तो बाबू। मेहा इडहर कढ़ही राँधे हों। उर्मिला के गोठ ल सुन के पेट के मुसुवा अउ तरमराये लगिस मयाराम के। खाय बर बइठिस। सरपटसरपट खाय के बाद मयाराम कहिथे- वाह ! बेटी, मजा आ गे खाय म। पेट के आगी चुमुक ले बुताइस। कस वो राम्हीन ? राम्हीन ला तो देवारी बुता के संसो धरे हे। काला हुँकारू देही बिचारी हा। आज संझा बेरा ठक ले परोसी लीलावती पहुँचगे। चर-चर ले गहना ला ओरमाये रहे। हूँत करात, कहाँ हस ओ भउजी.... काम बुता सिरागे या .... काहत घर म निंगीस। राम्हीन हाथ ला लमावत कहिथे काला सिराही या नोनी। खेत के काम ला घलो देखे ला लगथे।

काय होगे भउजी ? लीलावती ल अचरज लागिस।

अई....! अभी ले तैं हा गहना-गुँठा ला ओरमा ले हस या। बने पूजा-पाठ कर के नइ पहिरतेस या ? राम्हीन के गोठ ऊपर गोठियाइस- वा...! येकर बर का पूजापाठ करबे भउजी। दूनोझन गोठियात रहिन, तइसने म रघु लीलावती के बात ला सुन डारिस। कहिथे- वो हा कहाँ पूजा करही माँ गहना-गुँठा ला। तोला देखाय बर पहिरके आ हे फुफुह हमर घर । नानुक रघु के गोठ ह लीलावती ला थोरिक जरे कस लगिस। तभे मयाराम हर मुहूँ ला टेड़गा करत कहिथे- चल रे टूरा अब्बड़ गोठियाथस। चल भाग ये मेर ले। राम्हीन अउ मयाराम घलो हाँस डरथें। तैं कुछू नइ ले हस का या भउजी येसो के देवारी मा ? लीलावती फेर पूछ परिस। काला लेबे ओ लीलावती गरीब मनखे। चुरथे ता खाथन बहिनी। राम्हीन भउजई-चुमकही मारिस। थोरिक बेर ले हँसी-मजाक करके लीलावती अपन घर लहुँटिस।

आज सुरहुत्ती घलोक आगे। बिहनिया ले मयाराम अउ लोगलइका उठके पूजापाठ के तियारी करे लगिन। रघु अपन संगी मन संग खेले ला भाग गे। ओकर संगी मन पूछथे- का ले हस रघु येसो देवारी म यार ? फटाका घलो नइ फोरत हस ? रघु कुछू कहितिस तेकर पहिली लीलावती खोर ल बाहरत लइका मन के बात ला सुन डारिस। टांट मारत कहिथे- ये मन का ले सकथें गा बाबू हो। रघु ला पूछथस, सरी दिन? इँखर घर गरीबी छाए रहिथे। चिरहा ओन्हा ला पहिरके तो येखर दाईबाबू मन खेत जाथें। आज तो लक्ष्मीपूजा करे के बाद जम्मों पारापरोस के मन सकलाही ता देख लेहू, नानचुन चड्डा ला पहिर के आही ते ला। सबो झन नवा पहिरही ता रघु हा चड्डा ला ओरमाये रही। हाँसत-हाँसत लीलावती भीतरी म खुसर गे। रघु के संगवारी मन कलेचुप होगें। रघु के एंड़ी के रीस तरुवा चढ़गे। चिल्लावत कहिथे- हमन तो सरप्राइज रखे हन ओ फुफु देखत तो रहिबे।

का...! तुमन मन काय सापराइस रख हू रे। लीलावती कहिथे।

सापराइस नहीं ओ फुफु सरप्राईज.... कहिथे। जम्मो लइका मन हाँस डारिन। फेर मुहाटी म आके कहिथे- देखबोन, तुमन काय रखे हो तेन ला।

घर जा के जम्मों बात ला अपन दाईबाबू ला बताइस रघु हर- बाबू सबझन हमन ला गरीब लाचार समझथें, अउ तैं कुछू नइ? काहस, अउ मोरो बर तो कुछू नइ ले हस ये साल। गोठियात-गोठियात रघु गोहार पारके रो डारिस। अब वोला चिंता होवन लागिस कि कहाँ के सरप्राईज दे पाहूँ कहिके।

मयाराम संझा खेत ले घूमके घर मुस्कावत आइस। कहिथे- रघु बेटा, वो बारी पार जा तो। रघु मोर पनही ला लान बेटा। रघु बारी पार जाके देखथे ता,देखते रही जाथे, घेरीबेरी आँखी ला रमंजरमंज के देखिस ता नवा रेंजर साइकिल ल देख चकचका जाथे। रघु हर मयाराम कर दउँड़त आके कहिथे- बाबू ये रेंजर साइकिल मोर बर हरे का ? मयाराम ले हाव सुनके रघु के खुशी के ठिकाना नइ रहे। राम्हीन हर हाँसत रघु ल कहिथे- ता तोर बाबू बर थोड़ी रही रेंजर साइकिल ह ? वोला चलावत खेत जाही का ? तभे मयाराम तको मजाक कर देथे- रघु के छुट्टी के दिन उही म बइठार के लेगहू वो बही तोला खेत। टार तोर गोठ ला रघु के बाबू। लइका मन के आघू म रंग-रंग के गोठियाथस। मोला लाज लगथे। येसो मयाराम ह उर्मिला बर साँटी ले रथे। राम्हीन ला पूछथे- तोला का चाही ओ रघु के दाई ? नइ लगे कुछू हमला। लइका मन खुश ता हमूँ खुश।

अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने समावेशी व्यापार का महत्वपूर्ण योगदान

किशन भावनानी

उन्होंने भारत के पारंपरिक निर्यात को बढ़ाने, व्यापार में महिला श्रम शक्ति की भागीदारी बढ़ाने; आपूर्ति श्रृंखला और व्यापार में राज्य/जिला स्तरीय एकीकरण (जिलों को निर्यात केंद्र के रूप में बढ़ावा देना); एमएसएमई के जीवीसी में एकीकरण को सुविधाजनक बनाना; लॉजिस्टिक्स और वित्तीय सहायता; एमएसएमई के लिए सूचना तक पहुंच; पोषक अनाजों को बढ़ावा देने और सेवाओं के निर्यात में तेजी लाने के साथ जलवायु लचीली कृषि; व्यापार के संबंध में दस्तावेज़ों का डिजिटलीकरण और रीस्किलिंग तथा अपस्किलिंग सहित केंद्रित कौशल विकास पर ध्यान केन्दित करते हुए उन्हें मजबूत प्रदान करने के बारे में ध्यान आकर्षित किया। नीति आयोग नई दिल्ली लीडर्स डिक्लेरेशन (एनडीएलडी) के प्रमुख एजेंडों पर विषयगत कार्यशालाओं की एक श्रृंखला का आयोजन कर रहा है। इसका उद्देश्य देश के विकास और समृद्धि को गति प्रदान करने के लिए लागू की जाने वाली कार्यशील रणनीतियों और योजनाओं को तैयार करना है। अन्य विषयगत कार्यशालाएं एसजीडी, पर्यटन के लिए रोडमैप, डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा, भारत और अफ्रीकी संघ सहयोग, विकास के लिए डेटा,महिला नेतृत्व विकास आदि विषयों पर केन्द्रित हैं।

वैश्विक स्तरपर पिछले कुछ वर्षों से ऐसे नकारात्मक कारक जैसे कोविड-19, रूस यूक्रेन युद्ध इजराइल हमास युद्ध जैसे अनेकों कारक हर साल आ रहे हैं जिससे दुनियां के व्यापार उद्योग क्षेत्र में मंदी का दौर चल पड़ा है। अनेक विकसित राष्ट्रों की अर्थव्यवस्थाएं कुछ ठीक नहीं चल रही है जिसका सापेक्ष उदाहरण अमेरिका ब्रिटेन जैसे कुछ देश हम देख सकते हैं, परंतु भारत की आर्थिक अर्थव्यवस्था इससे कहीं अधिक ठीक चल रही है, इसीलिए ही भारी कोविड परिस्थितियों में भी ब्रिटेन को पछाड़कर भारत पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना जो अब तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। परंतु नीति निर्धारकों को इस बात को रेखांकित करना जरूरी है कि भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का महत्वपूर्ण पहिया या कारक भारतीय व्यापार उद्योग क्षेत्र है जिनकी पैठ देशी विदेशी व अंतराष्ट्रीयस्तर पर मजबूती से बढ़ाने के लिए इस क्षेत्र को समावेशी व्यापार के रूप में तेजी से विकसित करना होगा और व्यापार व्यवसाय उद्योग को आने वाली कठिनाइयों चुनौतियों शासकीय कठोरता का समाधान करना होगा क्योंकि व्यापार व्यवसाय उद्योग क्षेत्र भी विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था की सीढ़ीपर चढ़ने के मुख्य पाहियों में से एक है। जैसे कि जिला राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर व्यापार उद्योगों के संगठन बने हुए हैं उनसे समावेशी चर्चा व राज्य तथा केंद्र सरकारों में इनका प्रतिनिधित्व पर गंभीरता से विचार करना होगा ताकि इस क्षेत्र को समस्याओं से मुक्त किया जा सके और हर व्यापारी उद्योगपति भारत को तीसरी अर्थव्यवस्था बनने और विकसित राष्ट्र की उपाधि दिलाने में का संकल्प कर माननीय पीएम के आह्वान आत्मनिर्भर भारत को साकार कर भारतीय उपयोगकर्ताओं पर इस विचार की तेजी से पैठ के लिए लोकल का लोकल की थीम पर आगे बढ़े।परंतु अगर यह क्षेत्र अपनी समस्याओं में ही उलझा रहा तो देश के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए देरी होगी। हमने देखा है कि अनेक राज्य या राष्ट्रीय स्तर पर संगठन अपने-अपने क्षेत्र के मंत्रियों प्रशासकीयअधिकारियों से मिलकर समस्याए बताते हैं। हमारी गोंदिया नगरी में भी जिला व्यापारी संगठन अपनी असुविधाओं समस्याओं के समाधान के लिए अभी हाल ही में कुछ दिनों पूर्व प्रशासन व सांसद से मिला था।मेरा मानना है कि इस वर्ग कीसमस्याओं के समाधानमें सरकारों को प्राथमिकता देना समय की मांग है, क्योंकि विजन 2047 और विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था शीघ्र बनाना है, इसलिए आज हम पीआईबी और मीडिया मेंउपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, विकसित राष्ट्र भारत के लक्षों को प्राप्त करने समावेशी व्यापार की चुनौतियों कासमाधान केंद्र व राज्य सरकारों को देना जरूरी है।



साथियों बात अगर हम इसी उपरोक्त विषय से संबंधित दिनांक 7 नवंबर 2023 को नीति आयोग द्वारा आयोजित कार्यशाला की करें तो, विकास और समृद्धि के लिए समावेशी व्यापार पर एक विषयगत कार्यशाला काआयोजन किया, जिसमें विकास और समृद्धि के लिए समावेशी व्यापार तथा लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं के क्षेत्रों में नई दिल्ली लीडर्स डिक्लेरेशन (एनडीएलडी) के परिणामों की घरेलू पहुंच, स्वामित्व और कार्यान्वयन को व्यापक बनाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया। इस विषयगत कार्यशाला का आयोजन भारत की जी-20 अध्यक्षता वाले शिखर सम्मेलन के तहत नई दिल्ली लीडर्स घोषणा (एनडीएलडी) की अनुवर्ती कार्यवाही के रूप में किया गया था। इसमें सभी के विकास और समृद्धि के लिए मजबूत, टिकाऊ, संतुलित तथा समावेशी व्यापार को अपनाने पर जोर दिया गया था। नीति आयोग के माननीय सदस्या ने मैपिंग ग्लोबल वैल्यू चेन शीर्षक वाले पहले सत्र को संबोधित किया करते हुए श्रम-गहन आपूर्ति श्रृंखलाओं, नीति निर्धारण के लिए संस्थागत कारकों और कराधान प्रणाली को सरल बनाने तथा एमएसएमई के लिए एककृत भुगतान, रिफंड और निर्यात ऋण प्रणाली को विशेष रूप से मजबूत करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।उन्होंने विभिन्न एंटी-डंपिंग मुद्दों से निपटने तथा संभावित भागीदारों के साथ एफटीए को बढ़ावा देने की जरूरत को भीरेखांकित किया।मैपिंग ग्लोबल वैल्यू चेन पर अयोजित सत्र में कुशल आपूर्ति श्रृंखला के लिए लॉजिस्टिक्स को मजबूत बनाने, प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के लिए विनिमय दर प्रबंधन, बहुराष्ट्रीय कंपनियों (एमएनसी) के रणनीतिक उपायों का उपयोग, उत्पत्ति के संचयी नियमों का प्रावधान, संभावित प्रतिस्पर्धी खंडों की पहचान, पारदर्शी और पता लगाने योग्य जीवीसी, स्?टार्टअप औरऔद्योगिक नीति को व्?यापार नीति के साथ एकीकृत करने जैसे विषयों पर ध्?यान केंद्रित किया गया।नीति आयोग के सीईओ ने अपने मुख्य भाषण में एक भेदभाव रहित और समावेशी व्यापार प्रणाली की जरूरत पर प्रकाश डाला, जो विकास और समृद्धि के इंजन के रूप में व्यापार को सुविधाजनक बनाती है। इसके अलावा, उन्होंने भारत को वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं (जीवीसी) के साथ एकीकृत और उभरती व्यापार प्रणालियों को तेजी से अनुकूल बनाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। विकास के लिए समावेशी व्यापार को बढ़ावा देना विषय पर आयोजित दूसरे सत्र की अध्यक्षता नीति आयोग के माननीय सदस्य ने की। इस सत्र में जिन मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया, उनमें एलडीसी की क्षमता और बुनियादी ढांचे के विकास को मजबूत करना;गैर टैरिफ बाधाओं को कम करना; विशेष रूप से विकासशील और अल्प विकसित देशों में एमएसएमई के लिए व्यापार हेतु सहायता बढ़ाने के लिए संसाधन जुटाना ; बुनियादी ढांचे, कौशल और डेटा स्वामित्व जैसे तीन क्षेत्रों में डिजिटल समावेशन; मानक सेटिंग; तकनीकी प्रगति; पारदर्शिता; और व्यापार प्रणालियों में जलवायु सिद्धांतों का समावेश शामिल हैं।इस कार्यशाला के समापन सत्र 'समावेशी व्यापार की चुनौतियों का समाधान' की अध्यक्षता डब्ल्यूटीओ के पूर्व डीडीजी ने की।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1330 व्लाकिया के बसाराब द्ब और हंगरी के चार्ल्स द्ब रॉबर्ट के बीच पोसाडा की लड़ाई ओल्टेनिया और सेवरिन, रोमानिया की वर्तमान सीमा के पास शुरू हुई। 1576 हैब्सबर्ग नीदरलैंड्स के प्रांतों ने गेन्ट के पासीफिकेशन पर हस्ताक्षर किए, विद्रोही प्रांतों हॉलैंड और जीलैंड के साथ शांति बनाने के लिए, और कब्जे वाले स्पेनिश को देश से बाहर निकालने के लिए एक गठबंधन बनाने के लिए भी। 1644 शिंगज़ी सम्राट , किंग राजवंश के तीसरे सम्राट, बीजिंग में मिंग राजवंशों के पतन के बाद चीन में शासन करने वाले पहले किंग सम्राट थे। 1729 स्पेन, फ्रांस और ब्रिटेन ने सेविले के संधि पर हस्ताक्षर किये। 1799 नेपोलियन बोनापार्ट फ्रांस के तानाशाह बने। 1799 सरकार के विरुद्ध तख्तापलट का नेतृत्व करने के बाद नेपोलियन बोर्नापार्ट ने स्वयं को फ्रांस का तानाशाह घोषित किया। 1857 अटलांटिक मासिक पत्रिका की पहले प्रति प्रकाशित की गयी। 1861 अमेरिकी नागरिक युद्ध-यूएसएस सैन जैसिंटो ने ब्रिटिश मेलशिप ट्रेंट को रोक दिया और यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच एक बड़ा कूटनीतिक संकट पैदा करते हुए यूरोप के लिए दो कॉन्फेडरेट दूतों को गिरफ्तार किया।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) प्रतिवर्ष रेल दिवस कब मनाया जाता है?

2) वृहत पृष्ठीय क्षेत्रफल वाला महासागर कौन सा है?

3) किस राज्य के पूर्व मंत्री शरत बरकोटोकी का हाल ही में देहांत हो गया?

4) विश्व का सबसे बड़ा महल कौन-सा है?

5) मैक्सिन ग्रां प्री 2023 का खिताब हाल ही में किसने जीता है?

उत्तरमाला- (1) 16 अप्रैल (2) प्रशांत महासागर (3) असम (4) वेटिकन सिटी (5) मैक्स वेरस्टैपेन

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -239

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

ऊपर से नीचे

1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज बीन, जांच पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबाज़, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थिति प्रसिद्ध जेल।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 238 का हल

वा	स्ता	■	■	सि	स	की	■	■
जि	■	ल	प	ट	■	मा	चि	स
ब	द	ला	■	क	■	■	ल	■
■	■	ट	■	नी	ल	क	म	ल
ता	ली	■	का	■	की	■	■	हू
क	■	स	रो	का	र	■	■	लु
झां	■	ज	बा	न	■	म	सी	हा
क	च	ना	र	■	भा	र्या	■	न
■	र्म	■	■	ज	र	दा	■	■

आज का पंचांग

सूर्योदय : 06:45, सूर्यास्त : 05:36, चन्द्रोदय : 26:39, चन्द्रास्त : 14:48, अयन : दक्षिणायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतु : हेमन्त, शक सम्वत : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत : 2080 (पिंगल), मास : कार्तिक, पक्ष : कृष्ण, तिथि : एकादशी, नक्षत्र : उत्तराफाल्गुनी, योग : इन्द्र (16:11 से वैधृति), प्रथम करण : विष्टि (08:23 तक), द्वितीय करण : बव (21:34 तक)

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अमृत काल : 12:09 से 13:56, विजय मुहूर्त : 13:49 से 14:32, गोधूलि मुहूर्त : 17:25 से 17:51, सायाह्न सन्ध्या : 17:25 से 18:44, निशिता मुहूर्त : 23:34 से 24:27, राहुकाल : 13:30 से 15:00, राहुवास : दक्षिण-पश्चिम, यमगण्ड : 07:57 से 09:18, होमाहुति : राहु, दिशाशूल : उत्तर, नक्षत्र शूल : उत्तर (19:19 से), अग्निवास : पाताल (08:23 से पृथ्वी), भद्रावास : मृत्यु (08:23 तक), चन्द्रवास : पूर्व (दक्षिण 26:01 से), शिववास : क्रीड़ा में (08:23 से कैलाश पर)

शुभ यात्रा दिशा

दक्षिण-पूर्व (गुड़ अथवा दूध का सेवन कर यात्रा करें),आज जन्मे शिशुओं का नामकरण,आज जन्मे शिशुओ का नाम उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र के प्रथम, द्वितीय।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य
वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर
देवव्रत गुरुजी

मेष : आज आपके आचरण से किसी का अहित ना हो इसका विशेष ध्यान रखें,व्यावसायिक यात्रा की संभावना है लेकिन ज्यादा लाभदायक नही रहेगी।

वृष : आज आप दिन भर मन ही मन खयाली पुलाव पकाएंगे इनको सार्थक बनाने के लिए कोई ना कोई अभाव बाधा डालेगा, धन संबंधित कार्यो में मध्यम सफलता मिलेगी। परिवार में थोड़ी खींच-तान के बाद भी स्थिति गंभीर नही बनेगी।

मिथुन: आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। आर्थिक रूप से दिन शुभ रहेगा परन्तु हाथ खुला होने से ज्यादा देर टिकेगा नही।

कर्क: किसी बड़े कार्य को करने की योजना बनाएंगे लेकिन आर्थिक कारणों से पीछे हटना पड़ेगा।

सिंह: दिन के प्रारंभ में आप पूर्वाग्रह से ग्रसित रहेंगे। घरेलू आवश्यकता पूर्ति करने में असमर्थ अनुभव करेंगे।

कन्या: आज के दिन आपको प्रत्येक कार्यो में सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

तुला: आज का दिन शुभ होगा छोटी-छोटी बातों पर क्रोध वाले स्वभाव पर अंकुश लगाएं प्रेम संबंध में खटास बनेगी।

वृश्चिक: आज का दिन आपको सरकारी पक्ष से लाभ कराएगा आर्थिक स्थिति भी पहले से ज्यादा बेहतर रहेगी।

धनु: आज आपकी दिनचर्या आर्थिक कारणों से उथल-पुथल रहेगी। महिलाओं को भी आज गृहस्थी में तालमेल बैठाने में अधिक मशक्कत करनी पड़ेगी।

मकर : आज दिन का पूर्वार्ध व्यस्तता से भरा रहेगा। व्यवसायी एवं नौकरी वाले लोग अपूर्ण कार्य पूर्ण करने का भरपूर प्रयास करेंगे फिर भी कुछ कार्य अधूरे रह सकते है।

कुंभ: आज का दिन आपको लगभग सभी कार्यो में सफलता दिलाएगा जहां असफल होंगे वहां कारण किसी अन्य की दखलंदाजी रहेगी।

मीन:आज धन की प्राप्ति जितनी सुगम रहेगी खर्च भी उतनी ही जल्दी हो जाएगा। खर्चो पर नियंत्रण ना रहने से आर्थिक उलझने बनेगी।

कलेक्टर ने मतदान दलों से पूछा क्या होता है मॉकपोल

मतदान दलों के प्रशिक्षण का किया निरीक्षण

बिलासपुर/नवप्रदेश। विस चुनाव के लिए गठित मतदान दलों के प्रशिक्षण का द्वितीय चरण आज बिलासपुर सहित सभी चारों ब्लॉक मुख्यालयों में एक साथ शुरू हुआ। कलेक्टर श्री अवनीश शरण ने शहर के दो प्रशिक्षण स्थलों मल्टीपर्पस स्कूल दयालबंद एवं लालबहादुर शास्त्री स्कूल का निरीक्षण कर दलों को जरूरी टिप्स दिए। कलेक्टर ने प्रशिक्षण में लगभग पौन घण्टे तक प्रशिक्षणार्थियों से लिए गए प्रशिक्षण के बारे में जानकारी ली और प्रशिक्षण से संबंधित रोचक सवाल भी पूछे। कलेक्टर ने मशीनों के क्रम से लेकर मॉकपोल, सीआरसी से संबंधित सवाल पूछे। उन्होंने बीयू, सीयू और व्हीव्हीपेट के मशीनों के क्रम निर्धारण जैसे प्रश्न पूछे और स्वयं मशीनों को क्रम से लगाकर दिखाया। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों के शंकाओं का समाधान भी किया। प्रशिक्षण में हैंडस ऑन ट्रेनिंग के माध्यम से प्रशिक्षार्थियों को अभ्यास भी कराया गया। कलेक्टर ने कहा कि चुनाव आयोग के मंशानुरूप स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव करवाने पर जोर दिया। उन्होंने मतदान दलों के सदस्यों को एक साथ बैठने कहा और आपस में परिचित होने के निर्देश दिए ताकि चुनाव के दिन किसी प्रकार की दिक्कत न हो। प्रशिक्षणार्थियों को मतदान पूर्व की तैयारियां, ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपेट को सील करना, मतदान प्रारंभ करना, डाकमत पत्र, निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र, निशक्तः मतदाताओं द्वारा मंताकन, अमिट स्याही लगाना, मतदाता के हस्ताक्षर जैसी प्रक्रियाओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों ने बताया कि व्हीव्हीपेट, कंट्रोल एवं ईव्हीएम के सभी तार स्पष्ट रूप से दिखने चाहिए इसमें पूरी पारदर्शिता होनी चाहिए। कहीं से भी छुपा होना नहीं चाहिए। प्रशिक्षण में पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक 1, 2, 3 के कर्तव्यों के बारे में भी प्रकाश डाला गया।

केन्द्र का लिया जायजा

मतदान ड्यूटी में लगे अधिकारी-कर्मचारियों के मताधिकार का उपयोग सुनिश्चित करने जिला कार्यालय सहित सभी छह विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतदान दलों के द्वितीय प्रशिक्षण स्थल पर बनाये गये सुविधा केन्द्रों का भी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अवनीश शरण ने जायजा लेकर जरूरी निर्देश दिए। इन केन्द्रों पर डाक मतपत्र से मतदान सहित संपूर्ण मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। कलेक्टर ने पोस्टल बैलेट पेपर प्रत्याशियों के समक्ष ही खोलने कहा और इसका रिकॉर्ड रखते हुए रजिस्टर में सभी के हस्ताक्षर भी लेने कहा। मतदान अधिकारी से वर्तमान में आयोग द्वारा किए गए प्रावधान भी पूछे।

न्यूज गैलरी

तीन अपराधिह्ययों पर जिला बदर की कार्रवाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। शांतिपूर्ण माहौल में विधानसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अवनीश शरण ने शहर के तीन गुण्डों के विरूद्ध जिला बदर की कार्रवाई की है। उन्हें 24 घण्टे के भीतर बिलासपुर जिले से बाहर रहने के आदेश दिए हैं। इनमें सुहेल खान उम्र 22 वर्ष खपरगंज, सुनील कुर्रे अमेरी एवं राहुल माखीजा शांतिनगर सकरी शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक की रिपोर्ट एवं सुनवाई के उपरांत जिला दण्डाधिकारी ने 6 तारीख को जिला बदर की कार्रवाई की है। सभी आरोपियों को छह महीने के लिए बिलासपुर जिला छोड़ने के आदेश दिए हैं। राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की विभिन्न धाराओं के तहत जिला दण्डाधिकारी ने आदेश जारी किये हैं। बिलासपुर राजस्व जिला सहित आसपास के जिले-जांजगीर चाम्पा, कोरबा, मुंगेली, गौरेला पेण्ड्रा मारवाही तथा बलौदाबाजार जिले की सीमा से छह महीने बाहर रहना होगा। शहर की विभिन्न थानों में इन बदमाशों के विरूद्ध मारपीट, गुण्डागर्दी, गाली गलौज, जान से मारने की धमकी, चोरी, हत्या का प्रयास जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं।

पुलिस कर्मियों के लिए डाक मतदान की व्यवस्था

बिलासपुर/नवप्रदेश। कानून व्यवस्था में लगे पुलिस कर्मियों के लिए जिला कार्यालय परिसर में डाक एवं इडीसी के जरिए मतदान की व्यवस्था की गई है। मंथन सभागार के ऊपर बड़े हॉल में 10 से 14 नवम्बर तक कार्यालयीन समय में मतदान किया जा सकता है। पात्र मतदाता अपना कोई पहचान पत्र के साथ उपस्थित होकर अपने मताधिकार का उपयोग कर सकते हैं। फार्म 12 प्रस्तुत करने वाले सभी पुलिस कर्मियों को मतदान की सुविधा उपलब्ध होगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अवनीश शरण ने पुलिस अधीक्षक को पत्र जारी कर ड्यूटी में लगे सभी पुलिस कर्मियों को डाक मतदान के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने लोगों से मतदान करने की अपील

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण ने शहर के टिकरापारा निवासी तेजानी परिवार को आज हल्दी सुपारी के साथ मतदान का नेवता दिया। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा तैयार किये गये मतदान मनुहार कार्ड के जरिए पूरे परिवार से मतदान की अपील की। उनके इस नेवते को तेजानी परिवार ने सहर्ष स्वीकार किया। जिले की सभी विधानसभाओं के मतदाता ज्यादा से ज्यादा मताधिकार का प्रयोग करे इसके लिये जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अवनीश शरण ने अनूठी पहल की है। कलेक्टर ने सभी मतदाताओं को चुनई तिहार के लिए मतदाता मनुहार पत्र भेजकर शत-प्रतिशत मतदान की अपील की है। निमंत्रण पत्र में सभी मतदाताओं को 17 नवंबर की सुबह 8 बजे से मतदान केन्द्र में पहुँचकर मतदान का आग्रह किया गया है, साथ ही मतदाताओं से कहा है कि अपने साथ परिवार व ईष्टमित्रों को भी मतदान केन्द्र तक ले जाए। उन्होंने कहा है कि आपके हर एक वोट से लोकतंत्र मजबूत होगा। 17 नवम्बर को होने वाले मतदान के लिए मतदाता पर्ची वितरण का कार्य शुरू हो गया। कलेक्टर ने आज बीएलओ द्वारा बांटे जा रहे मतदाता पर्ची वितरण कार्य का भी जायजा लिया और लोगों को मतदान के लिए अपील करने कहा।

बीजेपी कार्यकर्ता को अस्पताल देखने पहुंचे जुदेव

बिलासपुर । कोटा क्षेत्र में बीजेपी यूथ कार्यकर्ता पर जानलेवा हमला अब तूल पकड़ने लगा है । कोटा से bjp प्रत्याशी प्रबल प्रताप जुदेव ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे राजनीतिक षड्यंत्र करार दिया है । बीते दिनों भाजपा के युवा कार्यकर्ता उदित आर्म के ऊपर हुए जानलेवा हमला के मामले में मीडिया को बयान देते हुए प्रबल प्रताप जुदेव ने कहा कि वो इस मामले में एक फेयर इन्वेस्टिगेशन चाहते हैं,अगर इस मामले में दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं हुई तो क्षेत्र में भीषण आंदोलन होगा । आगे कोटा विधानसभा क्षेत्र के बीजेपी प्रत्याशी ने कहा कि यह क्षेत्र उनके पिता का कर्मक्षेत्र है वो यहां बुनियादी मुद्दों को लेकर अपनी लड़ाई जारी रखेंगे । प्रबल ने कहा कि क्षेत्र में सड़क,स्वास्थ्य,शिक्षा,रेल स्टॉपेज,गुडगर्दी,भूमाफियाओं की मनमानी जैसे कई गम्भीर मुद्दों के साथ वो चुनावी मैदान में हैं ।

सफाई कर्मियों को दिलाई मतदान करने की शपथ

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पूर्ण करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। जिसके तारतम्य में नगर निगम बिलासपुर द्वारा डोर टू डोर कचरा कलेक्शन हेतु संलग्न समस्त वाहनों के माध्यम से वोट 100 प्रतिशत की आकृति का निर्माण कर 100 प्रतिशत मतदान का संदेश दिया गया। इन सभी वाहनों में मतदान की तिथि व समय से संबंधित सूचना का प्रदर्शन किया गया है। ये वाहन सभी वार्डों में जाकर मतदाता जागरूकता हेतु कार्य करेंगे। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप के जिला नोडल अधिकारी श्री अजय अग्रवाल ने सभी सफाई कर्मियों को मतदान करने के लिए शपथ दिलाई।

दहेज प्रताड़ना, पति समेत 4 के खिलाफ जुर्म दर्ज

बिलासपुर/नवप्रदेश। दहेज में कार नहीं मिलने पर युवक ने शादी के 15 दिन बाद ही अपनी पत्नी से मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद गर्भवती पत्नी को घर से निकाल दिया। विवाहिता ने इसकी शिकायत महिला थाने में की। इस पर पुलिस ने पति समेत चार के खिलाफ जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है। पचपेड़ी क्षेत्र में रहने वाली निधि पात्रे का विवाह छह महीने पहले मुंगेली जिले के सोनपुरी अमरटापू निवासी ओमकुमार पात्रे से हुआ। शादी के 15 दिन बाद ही ओम ने दहेज में कार नहीं मिलने की बात को लेकर अपनी पत्नी से मारपीट की। साथ ही देवर जयकुमार, ननद ओमकुमारी और ससुर हीरालाल ने मिलकर निधि की पिटाई की। मारपीट से घायल महिला ने इसकी शिकायत मुंगेली थाने में की। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया।यहां से उसने महिला थाने में प्रताड़ित करने की शिकायत की।

प्रहरी को चकमा देकर सिम्स से फरार हुआ कैदी

बिलासपुर/नवप्रदेश। सिम्स में इलाज के लिए दाखिल कराया गया सेंट्रल जेल का एक कैदी आज सवेरे साढ़े 6 बजे प्रहरी को चकमा देकर फरार हो गया। कैदी के फरार होने की सूचना थाने में दर्ज कराई गई है। कैदी की निगरानी में लापरवाही के लिए प्रहरी को निलंबित कर दिया गया है। सेंट्रल जेल का कैदी सरफराज अहमद उर्फ लवी नूरानी चौक राजा तालाब रायपुर निवासी बुधवार की सुबह साढ़े 6 बजे निगरानी में तैनात प्रहरी को चकमा देकर सिम्स के वार्ड से फरार हो गया। कैदी अहमद मानसिक रूप से बीमार था और उसके बाए हाथ की उंगली में चोट थी, जिसके इलाज के लिए उसे सिम्स में भर्ती कराया गया था। वह कई मामलों में से सजा काट रहा था।कैदी की निगरानी में लापरवाही बरतने के आरोप में प्रहरी जेल निलंबित कर दिया गया है। प्रहरी भुवनेश्वर का कहना है कि वह टायलेट गया था। वहां से आकर देखा तो कैदी अहमद हथकड़ी काट कर फरार हो चुका था। जेल प्रबंधन ने सिम्स हॉस्पिटल प्रशासन को पत्र लिखकर सीसीटीवी फुटेज मांगे हैं ।वही कैदी के फरार होने की सूचना सिटी कोतवाली थाने में दर्ज करा दी गई है। जेल सुपरिंटेंडेंट खोमेश मंडावी के अनुसार घटना सुबह करीब 6.20 के आसपास की है। प्रहरी भुवनेश्वर पैकरा को निलंबित कर दिया गया है। कैदी को 6 नवंबर को सिम्स में इलाज के लिए दाखिल कराया गया था।

भाजपा प्रत्याशी को समर्थकों ने ९० किलो लड्डूओं से तौला

11 गांवों का दौरा कर सुशांत ने किया जनसंपर्क

बिलासपुर/नवप्रदेश। बेलतरा से भाजपा के प्रत्याशी सुशांत शुक्ला का क्षेत्र में अनूठे ढंग से स्वागत किया जा रहा है। आज जनसंपर्क के दौरान ग्राम पंचायत सेमरताल पहुंचने पर ग्रामीणों ने प्रत्याशी सुशांत शुक्ला को 90 किलो लड्डू से तौलकर स्वागत किया। चुनाव की तारीख जैसे जैसे नजदीक आते जा रही है प्रत्याशियों सक्रियता बढ़ते ही जा रही है। बेलतरा से भाजपा के प्रत्याशी सुशांत शुक्ला ने आज बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के 11 गांवों में जनसंपर्क कर मतदाताओं से भाजपा के पक्ष में वोट करने की अपील की। इस दौरान प्रत्याशी सुशांत शुक्ला ने कहा की भाजपा ने अपने संकल्प पत्र जारी किया है जिसकी गारंटी देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लिया है। छ.ग. में भाजपा की सरकार बनते ही 21 क्विंटल प्रति एकड़ 3100 रूपये में किसानों से धान की खरीदी की जाएगी,जिसका एकमुश्त भुगतान किया जाएगा। विवाहित महिलाओं को 12 हजार की सहायता राशि, प्रधानमंत्री आवास योजना के 18 लाख आवास के लिए राशि आबंटित की जाएगी। आयुष्मान भारत योजना के तहत 10 लाख तक मुफ्त उपचार मिलेगा,यह सब भाजपा देगी। कांग्रेस पर प्रहार करते हुए सुशांत शुक्ला ने कहा की कांग्रेस का घोषणा पत्र सिर्फ छलावा है 2018 में भी वादा किया था पर आधे से ज्यादा वादे आज भी अधूरे है। अब जनता कांग्रेस के झांसे में नहीं आएगी,आने वाले 17 नवंबर को कमल छाप पर बटन दबाकर राज्य में भाजपा की सरकार बनाएगी। जनसंपर्क कार्यक्रम में प्रमुख रूप से चुनाव संचालक विधायक रजनीश सिंह,जनपद उपाध्यक्ष विक्रम सिंह ,जिला उपाध्यक्ष तिलक साहू,जिला मंत्री अवधेश अग्रवाल विधानसभा संयोजक शंकरदयाल शुक्ला,पूर्व विधायक प्रतिनिधि विजयधर दीवान, मंडल अध्यक्ष जनक देवांगन, महामंत्री मनीष कौशिक, राजेन्द्र साहू समेत समस्त कार्यकर्ता और नागरिक उपस्थित रहें।

युवक पर जानलेवा हमला, 5 गिरफ्तार

बिलासपुर। मामूली विवाद पर युवक के सीने और पेट में चाकू से हमला कर फरार पांच लोगों से रतनपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने युवकों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया है। न्यायालय के आदेश पर आरोपित युवकों को जेल दाखिल कराया गया है। रतनपुर में रहने वाले नितेश कहरा रविवार की शाम अपने दोस्तों उद्धव बरिहा, संजय सिदार और उदित आर्मो के साथ पिकनिक के लिए दुलहरा तालाब के पास गए थे। पास में ही कुछ और लोग पार्टी कर रहे थे। इसी दौरान दोनों पक्ष के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। उदित ने दोनों पक्ष को समझाइश देकर बीच-बचाव की कोशिश की। इस पर दुर्गेश साहू निवासी सिंघरी, बंगालीपारा में रहने वाले राजू यादव ने अपने साथियों के साथ उदित की पिटाई शुरू कर दी। मारपीट के बीच युवकों ने पास में ही रखे चाकू से उदित के पेट और सीने पर कई बार वार किए।

चांदनी भारद्वाज का विधानसभा क्षेत्र में सघन जनसंपर्क

मस्तुरी/नवप्रदेश। विधानसभा क्षेत्र के गाव गाव जाकर जनता से सतत जनसंपर्क कर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील कर रही है, मस्तुरी प्रत्याशी चांदनी भारद्वाज ने ग्राम ओखर,डोमगाँव मचहा गीतपूरी सुलौनी भरारी,जलसो चिलहटी लोहार्सी भुरकुण्डा आमगांव मानीकचौरी आदि गाँव में चाँदनी भारद्वाज ने जनसम्पर्क कर जनता से सहयोग माँगा और मतदान करने अपील की मस्तुरी की जनता को संबोधित करते हुए मस्तुरी प्रत्याशी चांदनी भारद्वाज ने कहा कि जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़(जे) की प्रदेश में सरकार बनने पर पुरे प्रदेश में शराबबंदी का वादा आपसे कर रही है, शराब एक सामजिक बुराई है जिसके चपेट में आने से कई परिवार तबाह हो चुके है ऐसी सामाजिक बुराई को नष्ट कर दिया जाना चाहिए। चांदनी भारद्वाज ने कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी सबसे बड़ी समस्या है हमारी सरकार बनने पर प्रदेश के युवाओं को रोज़गार दिलाने के लिए काम करेंगे, उन्होंने कहा कि चुनाव मैं नहीं आपकी एक बेटी चुनाव लड़ रही है , ज़ीत होने पर मस्तूरी की हर बेटी जीतेगी।

कांग्रेस प्रत्याशी अटल ने कहा-दूध का जला छांछ भी फूंक-फूंककर पीता है

बिलासपुर/नवप्रदेश। कोटा विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं को प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के ऊपर भरोसा बरकरार है, और कोटा क्षेत्र में कांग्रेस की जो जीत लगातार होती रही है, उसको मतदाता बरकरार रखेंगे। कोटा क्षेत्र के कांग्रेस उम्मीदवार अटल श्रीवास्तव ने अपने चुनावी प्रचार के दौरान खरगहनी, कलार तराई समेत आधा दर्जन ग्रामों में ग्रामीण मतदाताओं से मुलाकात के दौरान कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेता यहां सिर्फ चुनाव लड़ने के लिए आए हैं। चुनाव खत्म होने के बाद वापस जशपुर लौट जायेंगे। भाजपा प्रत्याशी के पिता स्व दिलीप सिंह जूदेव इस क्षेत्र के सांसद थे।लेकिन सांसद मद से एक फूटी कौड़ी कोटा क्षेत्र के विकास के लिए खर्च नही किए और वे सांसद रहने के दौरान कभी कोटा भी नही आए। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कांग्रेस द्वारा जिस तरह किसानो, महिलाओं ,गरीबों, स्व सहायता समूहों,युवाओं आदि के लिए घोषणाएं की गई है, वादा है कि उन सारी और घोषणाओं को पूरा किया जाएगा। क्षेत्र की जनता ने पिछली बार गलती की थी और यहां से कांग्रेस प्रत्याशी की पराजय हुई थी लेकिन कोटा क्षेत्र के मतदाताओं ने ठान लिया है कि दुबारा गलती नहीं करेंगे और आजादी के बाद से क्षेत्र से कांग्रेस की जो जीत होती रही है।

आपसी रंजिश में ईंट से किया वार, युवक गंभीर

बिलासपुर। नवरात्र के दौरान हुए विवाद को लेकर युवक ने मोबाइल दुकान संचालक के भाई पर हमला कर दिया। ईंट से कई बार वार कर युवक ने व्यवसायी के भाई को लहूलुहान किया। इस दौरान बीच-बचाव करने आए लोगों को भी जान से मारने की धमकी दी। लोगों ने हमलावर को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। वहीं, घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की शिकायत पर पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर मामले को जांच में लिया है। रतनपुर क्षेत्र के ग्राम लखराम में रहने वाले गर्जन केंवट किसान हैं। उनका भतीजा घर के पास ही मोबाइल दुकान चलाता है। सोमवार की रात गर्जन का बेटा अश्वनी अपने भाई की मोबाइल दुकान के सामने बैठा था। इसी दौरान वहां पर गांव में रहने वाला महेश केंवट आया।

सुआ नृत्य के जरिए दिया गया मतदाता जागरूकता का संदेश

बिलासपुर/नवप्रदेश। विस चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के जरिए बिलासपुर का अभिमान बढ़ाने आज मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप सुआ एवं महारंगोली के कार्यक्रम आयोजित किए गए। सुआ नृत्य का आयोजन बिल्हा के शासकीय कॉलेज एवं महारंगोली का आयोजन बिलासपुर के साईंस कॉलेज मैदान में हुआ। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अवनीश शरण ने दोनों कार्यक्रम में शामिल बिहान दीदीयों और बच्चों का उत्साह बढ़ाया। इस कार्यक्रम के गवाह हजारों लोग बने।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और स्वीप के नोडल अधिकारी श्री अजय अग्रवाल की मौजूदगी में बिल्हा के शासकीय कॉलेज में विशाल सामूहिक स्वीप सुआ नृत्य की प्रस्तुति से समूचा माहौल जीवंत एवं मतदाता जागरूकता अभियान से सराबोर हो गया। छत्तीसगढ़ के इस पारंपरिक नृत्य को दिवाली की खुशियों एवं समृद्धता को प्रदर्शित करने के लिए किया जाता है। स्वीप सुआ कार्यक्रम में बिहान की दीदियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, स्कूली छात्र-छात्राओं, महिलाओं एवं ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। मतदाता जागरूकता अभियान का संदेश देने वाली सुमधुर संगीत की धुन पर सामूहिक स्वीप सुआ नृत्य किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अवनीश शरण ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं का आत्मविश्वास बढा है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में आप सभी की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने सभी को मतदान करने और कराने के लिए प्रेरित किया। विधानसभा आम निर्वाचन में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।

जनसंपर्क वार्ड क्रमांक 42, 43 की महिलाओं ने आरती उतार किया अभिनंदन, रंगोली भी सजाई।

बीजेपी प्रत्याशी डॉ. बांधी का लोगों ने किया स्वागत

बिलासपुर/नवप्रदेश। मस्तूरी विधानसभा से मौजूदा विधायक और भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी ने देवरी खुर्द क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 42 , 43 सहित आसपास के क्षेत्र में चुनाव प्रचार किया। मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र मूलतः ग्रामीण क्षेत्र है, जहां किसान और किसानों से जुड़े मुद्दे अहम है, लेकिन मस्तूरी विधानसभा के ही शहरी इलाके देवरी खुर्द और देवरीडीह की समस्याएं बिल्कुल अलग है। शहर से सटे होने के बाद भी यहां शहरी विकास से पूरा क्षेत्र अछूता है। ग्राम पंचायत होने की वजह से यहां विकास के कार्य नहीं के बराबर हुए, तो वहीं अब इस क्षेत्र को भले ही नगर निगम में शामिल कर लिया गया है लेकिन इससे भी तस्वीर बहुत ज्यादा नहीं बदली है । उल्टे क्षेत्र के लोगों पर संपत्ति कर का अतिरिक्त बोझ पड़ गया है । आज भी देवरी खुर्द में मूलभूत आवश्यकताओं जैसे बिजली, सड़क, नाली, पानी की समस्या है ।गर्मी के दिनों में यहां पेयजल का संकट स्थाई समस्या है। निगम की निष्क्रियता के चलते समस्या का कोई समाधान अब तक नहीं निकल पाया है, तो वही देवरी खुर्द के आसपास के इलाकों में ऐसे कई भूमिहीन निराश्रित है जिन्हें अब तक जमीन का मालिकाना हक नहीं मिला है। डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी ने चुनाव प्रचार के दौरान एक तरफ जहां देवरी खुर्द में व्याप्त समस्याओं के निराकरण का वादा किया तो वहीं देवरी खुर्द और देवरीखुर्द से सटे बरखदान के निवासियों को जमीन का मालिकाना पट्टा देने की भी बात कही। चुनाव प्रचार के दौरान देवरीखुर्द को पहुंचने पर क्षेत्र की महिलाओं ने आरती उतार कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर घर के सामने उनके स्वागत में रंगोलिया भी सजाई गई थी । स्थानीय लोगों ने बताया कि भले ही राज्य में कांग्रेस की सरकार रही हो लेकिन विधायक के तौर पर पूरे 5 साल तक डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी लगातार क्षेत्र की समस्याओं को लेकर जागरूक रहे हैं और यथासंभव उनका समाधान किया। इतना ही नहीं हर पर्व ,त्यौहार, उत्सव, आयोजनों में भी डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी देवरी खुर्द के लोगों के बीच उपस्थित रहे। इसलिए उन्होंने कहा कि हमें ऐसा ही विधायक चाहिए जो सरल, मिलनसार और विकास करने वाला हो। देवरीखुर्द क्षेत्र में डॉक्टर कृष्णमूर्तिबंधी को मिल रहे व्यापक समर्थन से कार्यकर्ताओं में भी उत्साह नजर आ रहा है।

■ न्यूज़ गैलरी

मतदान व्यवस्था से अभिभूत दिव्यांग मतदाता

कांकेर/नवप्रदेश। विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के तहत मंगलवार7 नवंबर की सुबह 7 बजे से पहले ही मतदाताओं की लंबी लंबी कतारें लग गई थीं। इसी क्रम में जिले के आदर्श मतदान केन्द्र नंदनमारा में दिव्यांग युवक सर्वेश कुमार यादव वोट करने पहुंचे। परिसर में आते ही उन्हें सुरक्षाकर्मी द्वारा व्हील चेयर पर बैठाकर लाया गया और बिना कतार में लगे बूथ ले जाकर उनसे वोट डलवाया गया। इस व्यवस्था से अभिभूत होकर 29 वर्षीय श्री यादव ने कहा कि यह उनके जीवन का सुखद अनुभव है, जब वोट करने इतनी अच्छी सुविधाओं के साथ अनुकूल माहौल भी मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इतने साल से वोट करते आ रहे, लेकिन पहली दफा इतना सकारात्मक वातावरण देखने को मिला। हर बूथ में ऐसी ही व्यवस्था होनी चाहिए।

फस्ट टाइम वोटरों में छलका उत्साह

कांकेर/नवप्रदेश। कांकेर जिले में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवा मतदाताओं में इस बार खासा उत्साह दिखा। जिले के अधिकांश मतदान केन्द्रों में पहली बार मतदान करने युवावर्ग ने बढ़-चढ़कर वोटिंग की और उत्साहित होकर तख्ती के साथ सेल्फी भी ली। मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम में नाम जुड़वाकर पहली बार वोट करने वाले युवक-युतवियां आज स्वस्फूर्त होकर काफी संख्या में बूथ पहुंचे। जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र के नए और फर्स्ट टाइम वोटरों ने मतदान के बाद सोशल मीडिया पर अपने फोटोग्राफ्स साझा भी किया।

बांस की कलाकृति से सजा आदर्श मतदान केंद्र

बीजापुर/नवप्रदेश। ज़िले में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीजापुर को आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया है। गौरतलब है कि बीजापुर परिक्षेत्र एक रिजर्व टाइगर क्षेत्र है। इसीलिए चुनई डुवाल को जिले का शुभंकर बनाया गया था। चुनई डुवाल गोंडी शब्द है। जिसका हिंदी में अर्थ चुनाव का शेर होता है। वन परिक्षेत्र होने के कारण आदर्श मतदान केंद्र को जंगल के थीम में सजाया गया था। बांस शिल्प कला और नारियल, सल्फी के पेड़ की पत्तियों और मनमोहक जंगली जानवरों की जीवंत झांकियां मतदाताओं द्वारा बहुत पसंद किया गया। सेल्फी जोन में मतदाताओं ने सेल्फी खिंचाया। वहीं चुनई डुवाल ने बच्चों के साथ डांस और हंसी ठिठोली की। महिला कर्मचारियों द्वारा यह केंद्र एक संगवारी मतदान केंद्र भी था। महिलाओं को पहली बार इस तरह आकर्षक झाकियां और प्रतिनिधित्व काफी उत्साहवर्धक और मनमोहक लगी जिले में 5 आदर्श मतदान केंद्र बनाए गए थे।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

सरकार आते ही पहला...

आदिवासी अंग्रेजी में भी बात कर सके।

छग में सट्टेबाजी और...

निकल रहा है। जब हम पांचवें नंबर की अर्थव्यवस्था बने तो हर ओर चर्चा होने लगी, क्योंकि हमने उस देश को पीछे छोड़ दिया, जिसने हम पर 200 साल राज किया था। कांग्रेस गरीबों के हक का पैसा छीन लेती है : उन्होंने कहा कि जब किसी देश का आर्थिक सामर्थ्य बढ़ता है तो उसके नागरिकों का सामर्थ्य और कमाई बढ़ती है, पर अब समय कांग्रेस से सावधान रहने का है। कांग्रेस गरीबों के हक का पैसा छीन लेती है। गरीबों का पैसा लूटने के लिए कांग्रेस ने एक खास मशीन बनाई थी। एक बार कांग्रेस के एक प्रधानमंत्री ने उसका उल्लेख किया था। वो मशीन ऐसी थी, जो अगर 100 रुपए भेजती थी तो उसमें से 85 रुपए कांग्रेस नेताओं के पास जाता था। सिर्फ15 रुपए जनता के पास जाते थे। भाजपा की सरकार आने के बाद इस भ्रष्ट मशीन के सारे टायर पंचर कर दिए गए। कांग्रेस को गरीबों की परवाह नहीं : उन्होंने कहा कि कांग्रेस को गरीब की कोई परवाह नहीं थी। पार्टी ने अंग्रेजी में पढ़ाई अनिवार्य कर रखी थी। भाजपा सरकार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति लाने के बाद स्थानीय भाषाओं में मेडिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई होना शुरु हुई। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश ने इस क्षेत्र में बहुत अच्छा काम किया। मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सट्टेबाजी और राजस्थान में लाल डायरी का खेल चल रहा है। सट्टेबाज मुख्यमंत्री को 500 करोड़ देने की बात कर रहे हैं। कांग्रेस का मतलब ही बर्बादी की गारंटी है।

भिलाई में ईडी और ...

ईडी आगे की कार्रवाई भी कर सकती है। फिलहाल टीम सुरेश और उनके बेटे बंटी से पूछताछ कर रही है। इससे पहले 16 अक्टूबर की सुबह ईडी ने सुरेश घींगानी सहित दीपक सावलानी और चावल कारोबारी सुरेश कुकरेजा के घर छापेमारी की थी। उस समय कोई अहम दस्तावेज नहीं मिलने से जांच के बाद टीम लौट गई थी। लगभग 22 दिन बाद फिर से ईडी का सुरेश धिंगानी के घर आना किसी अहम क्लू की ओर संकेत करता है। दूसरी ओर बालोद जिले के दल्ली राजहरा में स्थित देव मानिंग के संचालक सौरभ जैन के ठिकानों पर आईटी की रेड पड़ी है। शाम साढ़े 5 बजे समाचार लिखे जाने तक कार्रवाई जारी थी। वहीं ईडी और आईटी की ओर से अधिकृत बयान भी जारी नहीं किया गया था।

सीएम ने कहा- आ ...

कल 20 सीटों पर मतदान में भाजपा को मिली। छत्तीसगढ़ियों को कमजोर और कायर मत समझो साहेब, अपना चावल खाते हैं, वो भी पूरे स्वाभिमान से'।

आईसीसी रैंकिंग में ...

वर्ल्ड कप के मौजूदा समय में टॉप विकेट टेकर एडम जैम्पा तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। शुभमन गिल वनडे में नंबर-1 बल्लेबाज बनने वाले भारत के सिर्फ चौथे खिलाड़ी हैं। इससे पहले ये कारनामा सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली और एमएस धोनी ने किया था। वह बता दें गिल को सिर्फ 41 पारियां खेलने के बाद ही नंबर-1 वनडे बैटर की गद्दी मिली है।

महुआ मोइत्रा केस की ...

लोकपाल अस्तित्व में है। कुछ चुनिंदा लोगों को इसके बारे में जानकारी कैसे मिली। लोकपाल ऑफिस ने बयान जारी क्यों नहीं किया?

चुनाव में नक्सलियों का उत्पात मुठभेड़ तीन जवान घायल

सुकमा/नवप्रदेश। सुकमा में विधानसभा चुनाव के दौरान नक्सलियों के द्वारा लगातार अपनी उपस्थिति दर्ज करते हुए सुरक्षा बलों के साथ अलग-अलग जगह पर आईडी ब्लास्ट एवं मुठभेड़ की वारदातों को अंजाम दिया। सुरक्षा बलों के द्वारा सतर्कता बरते हुए नक्सलियों हमले की मुंह तोड़ जवाब दिया। जिसकी वजह से कोई बड़ी वारदात को माओवादी अंजाम नहीं दे पाए। वहीं चुनाव ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा बल के तीन जवानों मुठभेड़ में घायल हुए है।

वही मतदान शुरू होते ही नक्सली भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए जवानों के ऊपर हमला शुरू कर दिया। वहीं सोमवार की सुबह मतदान सुरक्षा के लिए तोंडामरका कैंप से कोबरा 206 एवं सीआरपीएफ के जवान एरिया डॉमिनेशन अभियान में एलमागुंडा गांव की ओर निकले थे। सर्चिंग ऑपरेशन के दौरान कोबरा 206 के जवान निरीक्षक श्रीकांत का पैर पूर्व से नक्सलियों द्वारा लगाए गए ढ्श्बष्ठ में पड़ने से ब्लास्ट हुआ है, घायल जवान का उपचार किया जा रहा है, घायल जवान सुरक्षित है।

इसके बाद दूसरी घटना प्रातः 11.10 बजे कोन्टा थाना क्षेत्र बंडा मतदान केंद्र से 2 किलोमीटर पश्चिम दिशा की तरफ आउटर कॉर्डन में लगी डीआरजी बल के ऊपर नक्सलियों के द्वारा फायरिंग किया गया। सुरक्षा बलों के द्वारा जवाबी कार्यवाही की गई। 10 मिनट के बाद फायरिंग बंद हो गई। सभी जवान सुरक्षित है।

वहीं दोपहर 2.20 के बजे चिंतागुफा थाना क्षेत्र अंतर्गत मिनपा की ओर मतदान सुरक्षित संपन्न कराने हेतु मिनपा एवं दुलेढ के बीच एरिया डॉमिनेशन पर निकली कोबरा 206 वाहिनी एवं एसटीएफ के बल के ऊपर नक्सलियों के द्वारा अंधाधुंध फायरिंग किया गया। सुरक्षा बलों के द्वारा जवाबी कार्यवाही की गई। लगभग 30 मिनट तक दोनों तरफ से चली फायरिंग में, सुरक्षाबलों को अपने ऊपर भारी पड़ता देख नक्सली जंगल पहाड़ियों की तरफ भाग खड़े हुए। मुठभेड़ में 5ङ्क6 नक्सली मारे गए एवं कई नक्सली घायल हुए। हमले में कोबरा 206 वाहिनी के 2 जवान घायल हुए जिनकी स्थिति अभी खतरे से बाहर है एवं अन्य सभी जवान सुरक्षित है।

पहली बार मिनपा व एल्मागुंडा में मतदान

छत्तीसगढ़ स्थापना के बाद पहली बार मिनपा एवं एल्मागुंडा में मतदान कार्य संपन्न कराया गया। मिनपा में 113 एवं एलमागुंडा में 247 लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया एवं लोकतंत्र में अपना भरोसा जताया। मतदान पश्चात मतदान दल एवं सुरक्षाबल सुरक्षित अपने कैंप वापस लौटी।दोपहर लगभग 3 बजे चिंतलनार थाना क्षेत्र अंतर्गत लखापाल की ओर मतदान दल सुरक्षा एवं मतदान शांतिपूर्वक कराने क्षेत्र में एरिया डॉमिनेशन पर निकली कोबरा 201 वाहिनी एवं सीआरपीएफ 223 वाहिनी के जवानों के ऊपर नक्सलियों के द्वारा अंधाधुंध फायरिंग किया गया। सुरक्षा बलों के द्वारा जवाबी कार्यवाही की गई। लगभग आधे घंटे तक दोनों तरफ से चली फायरिंग में, सुरक्षाबलों को अपने ऊपर भारी पड़ता देख नक्सली जंगल पहाड़ियों की तरफ भाग खड़े हुए। सभी जवान एवं मतदान दल सुरक्षित चिंतलनार थाना वापस हुए।

तीन जवान घायल हुए : एसपी

एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि नक्सलियों के आईईडी ब्लास्ट एवं मुठभेड़ में तीन जवान घायल हुए हैं, वहीं घायल तीनों जवानों का इलाज जगदलपुर में किया जा रहा है।

नक्सलगढ़ में मतदाताओं में दिखा उत्साह

सुकमा/नवप्रदेश। सुकमा जिले के कोन्टा विधानसभा चुनाव के दौरान बड़ी संख्या में मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग कर लोकतंत्र की महापर्व को संपन्न करवाया। सुकमा जिला मुख्यालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भारी संख्या में मतदाताओं ने अपनी मताधिकार का उपयोग किया। इस दौरान बुजुर्ग, महिलाओं और युवाओं वर्गों में भी मतदान को लेकर काफी उत्साह देखने को मिला। लाइन में खड़े रहकर किया मतदान। सुकमा जिले की कोन्टा विधानसभा में 2018 में 55 प्रतिशत से बढ़कर इस बार मतदान 61.50फीसदी मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया है।

कांग्रेस एजेंट के साथ मारपीट का आरोप

गादीरास क्षेत्र कासरगुड़ा मतदान केंद्र में कांग्रेस प्रत्याशी ने एजेंट के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया। कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी कवासी लखमा ने मतदान केंद्र में फर्जी मतदान कराने का आरोप लगाते हुए सीपीआई कार्यकर्ताओं ने उनके एजेंट के साथ मारपीट की है। कवासी लखमा ने पीठासीन अधिकारी को मतदान केंद्र बंद करने का आवेदन देकर रिपोलिंग कराने की मांग की। वहां उपस्थित ग्रामीणों ने बताया कि किसी से भी मारपीट नहीं हुई है। जो पोलिंग एजेंट रखा गया था, वह दूसरे पंचायत का था इसलिए आपत्ति दर्ज की गई थी। इसके बाद कांग्रेस पार्टी का पोलिंग एजेंट मतदान केंद्र से चला गया।

भानुप्रतापपुर विधानसभा में 80% मतदान

■ **14 उम्मीदवारों का भाग्य ईवीएम में कैद**

कांकेर/चारामा/नवप्रदेश। प्रथम चरण के मतदान अंतर्गत 7 नवंबर को भानुप्रतापपुर विधानसभा के लिए चारामा तहसील के कुल 105 मतदान केंद्रों में सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान संपन्न हुआ। चारामा तहसील में कुल 80 प्रतिशत मतदान हुआ। इसमें 58 प्रतिशत महिला और 58 प्रतिशत पुरुषों ने मतदान किया। 84,111 कुल मतदाताओं में 40,878 पुरुष और 43233 महिला मतदाताओं में 23740 पुरुष और 25447 महिला मतदाताओं ने मतदान किया। कई बूथों में देर शाम तक मतदान चलता रहा। सुबह 7 बजे से ही मतदान केंद्रों में मतदान दलों के द्वारा पूर्ण तैयारी के साथ मतदान करवाना शुरू किया। तहसील अंतर्गत 105 मतदान केंद्रों में 9 संगवारी बूथ, 1 दिव्यांग बूथ तारसगांव को बनाया गया था।प्रत्याशियों के साथ साथ मतदाता भी सुबह सुबह मतदान करने मतदान केंद्रों में पहुंचे,कई मतदाता भी उत्साह के साथ मतदान में भाग लिया,और सेल्फी जोन हम साथ साथ हैं में फोटो खींचकर सोशल मीड़िया में डालकर सभी से मतदान करने की अपील भी की। सभी केंद्रों में सुबह से शांति पूर्वक मतदान हुआ। मतदान केंद्रों के बाहर 100 मीटर दूर तक मतदाताओं की भीड़ देखी गई। मतदान को संपन्न कराने में जिला अधिकारी के मार्ग दर्शन में एसडीएम राकेश गोलछा, रिटर्निंग ऑफिसर तहसीलदार उमाशंकर जायसवाल, प्रशिक्षु तहसीलदार हर्षलता वर्मा, नायब तहसीलदार मिशा भार्गव, मास्टर ट्रेनर केजू राम सिन्हा,मोहन जायसवाल, थाना प्रभारी जितेंद्र गुप्ता बीइओ केशव सिन्हा,भावना नरेटी सहित सभ आब्जर्वर पीठासीन अधिकारी तहसील के सभी कर्मचारी पुलिस कर्मचारी और बूथ केंद्रों में एनसीसी एनएसएस, ग्रामीणों का भी सहयोग रहा। मतदान खत्म होने के बाद पूरी रिपोर्टिंग के बाद सभी मतदान कर्मी मतदान पेटी के साथ पुलिस की सुरक्षा में नाथियानवा गांव मतदान पेटी संग्रहण केन्द्र में सुरक्षित जमा किया गया। इसी के साथ मैदान में खड़े 14 प्रत्याशी के भाग्य का फैसला भी ईवीएम में कैद हो गया। इस भारी वोटिंग का लोगों के द्वारा भी अपने ढंग से प्रतिक्रिया दी जा रही हैं।

रेडक्रॉस वॉलिंटियर्स निभा रहे चुनाव में अहम जिम्मेदारी

■ **बुजुर्ग, गर्भवती, महिला, दिव्यांग मतदाताओं का बने सहारा**

कांकेर/नवप्रदेश। विधानसभा निर्वाचन में डॉ प्रियंका शुक्ला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के दिशा निर्देश पर मतदान केंद्रों में रेड क्रॉस के वॉलिंटियर्स ने जिले के तीनों विधानसभा अंतर्गत मतदान केंद्रों में जरूरतमंद मतदाता को मतदान कराने में अपनी भागीदारी निभाई।

जिला संगठन पवन कुमार सेन ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देश पर गर्भवती महिलाओं, दिव्यांग मतदाताओं सहित अन्य जरूरतमंद मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए रेड क्रॉस

मतदाता मित्र के रूप में वॉलिंटियर सहारा बने। मुख्य निर्वाचन अधिकारी छत्तीसगढ़ ने जिले में रेड क्रॉस मतदाता मित्र के द्वारा किए जा रहे सहयोग कार्य की प्रशंसा करते हुए अपने ट्विटर हैंडल में रेडक्रॉस वॉलिंटियर्स की कार्यों को साझा किया है। यूथ रेडक्रास और जूनियर रेडक्रॉस मतदाता मित्र ने बुजुर्ग मतदाताओं को सहारा देकर बूथ तक लाने, दिव्यांग मतदाताओं को व्हीलचेयर के माध्यम से मतदान केंद्रों तक लाने का कार्य रेडक्रॉस के मतदाता मित्रों ने किया। साथ ही कतर में लगे मतदाताओं को पानी पिला कर राहत दी। छोटे बच्चों के साथ आए मतदाताओं के बच्चों को संभाल कर वोट देने में महिला मतदाताओं का सहयोग किया। संगवारी मतदान केंद्र में बालिका रेडक्रास मतदाता मित्र तैनात किए गए। रेडक्रॉस मतदाता मित्र के कार्य की डॉ प्रियंका शुक्ला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, सुमित अग्रवाल सीईओ जिला पंचायत एवम उपाध्यक्ष रेडक्रॉस, मनीष साहु एसडीएम एवम ब्लॉक अध्यक्ष, भुवन जैन जिला शिक्षा अधिकारी सहित जिला अधिकारियों ने प्रशंसा की।

त्यौहारी सीजन में खाद्य और औषधि विभाग को याद आई होटल

■ **आधे दर्जन होटलों से सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा**

कांकेर/नवप्रदेश। त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए खाद्य एवम औषधि प्रशासन विभाग के खाद्य सुरक्षा अधिकारी विमल सिंह एवम खाद्य विभाग के खाद्य निरीक्षक शैलेंद्र ध्रुव की संयुक्त टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए चारामा एवम भानुप्रतापपुर के होटलों में निरीक्षण की कार्यवाही

की। निरीक्षण के दौरान भानुप्रतापुर के दुर्गा होटल प्रो दुर्गा प्रसाद गुप्ता के यहां चमचम के नमूना एवम घरेलू सिलेंडर जप्ती की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान गुलशन होटल प्रो यशपाल आहूजा से काजू कतली आजाद होटल प्रो विशाल आहूजा से बेसन लड्डू, जैन मिष्ठान भंडार प्रो जयेश से मिल्क केक के नमूना जांच हेतु लिया गया। चारामा के सुरेश होटल प्रो सुरेश वाधवानी से कलाकंद राजा भोजनालय एवम स्वीट्स प्रो अविनाश माखीजा से रसगुल्ला के नमूना जांच के लिए भेजा गया।

आगे भी जारी रहेगी कार्वाई

ज़िला खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि दीपावली त्यौहार को देखते उच्च अधिकारियों के निर्देश अनुसार मिठाइयों के सैंपल लिए गए हैं। यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

विमल कुमार सिंह

मतदान दलों को रियल हीरोज की उपाधि से सम्मान

कांकेर/नवप्रदेश। जिले के अतिसंवेदन शील इलाके में सफल मतदान कराकर मतदान दलों का वापस आना प्रशासन की सबसे बड़ी चुनौती मानी जा रही थी। इस बीच मतदान दिवस के दिन कांकेर जिले के अंदरूनी इलाकों में नक्सली मुठभेड़ सहित आईआईडी बलास्ट जैसी घटना सामने आई। उसके बावजूद मतदान दल अंदरूनी इलाकों में नक्सली भय के बावजूद सफल मतदान कराकर लौट आए। ऐसे अधिकारी कर्मचारियों को पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने रीयल हीरोज़- की उपाधि देकर सम्मानित किया है।

कांकेर/नवप्रदेश। सांसद मोहन मंडावी ने लोकतंत्र के महापर्व में सहपरिवार गोविंदपुर के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित विष्णु प्रसाद शर्मा हाईस्कूल के मतदान केन्द्र में अपने मत का प्रयोग किया।

कोंटा में मतदाताओं ने स्वफूर्त मतदान किया

सुकमा/नवप्रदेश। मंगलवार 7 नवंबर को विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 90 कोण्टा जिला सुकमा में मतदान दिवस पर जिले के मतदाता स्वस्फूर्त मतदान करने मतदान केन्द्रों में पहुंचे। मतदाताओं में मतदान करने के लिए उत्साह देखा गया। युवा और महिला मतदाताओं में खासा उत्साह देखा गया। वहीं पर वरिष्ठ और बुजुर्ग तथा दिव्यांग मतदाताओं ने भी अपने मताधिकार का उपयोग किया। वे उत्साह से वोट डालने मतदान केन्द्र तक पहुंचे। प्रातः से ही मतदाताओं की लंबी लाइन मतदान केन्द्रों में देखी गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हरिस. एस और पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने भी अपने निर्धारित मतदान केन्द्र में मतदान किया। कलेक्टर ने आज पॉलीटेक्निक कॉलेज सुकमा में कंट्रोल रूम पहुंचकर जिले में हो रहे मतदान की स्थिति का जायज़ा लिया।। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवेश पैकरा, संयुक्त कलेक्ट डीसी बंजारे, आरओ श्रीकांत कोराम, एआरओ अजय मोडियम, एसडीएम प्रीति दुर्गम सहित अन्य अधिकारी एवम् कर्मचारीगण उपस्थित थे। सामान्य प्रेक्षक संजीव कुमार और व्यय प्रेक्षक राजीव रंजन कुमार ने किया मतदान केंद्र का निरीक्षण। सामान्य प्रेक्षक संजीव कुमार और सामान्य प्रेक्षक राजीव रंजन ने जिले के के विभिन्न ग्रामों में बने मतदान केन्द्रों में पहुंचकर वहां पर मौजूद मतदान अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की।

40 पिंक बूथ बनाए गए

जिले में 40 पिंक बूथ/ संगवारी मतदान केंद्र बनाए गए थे। महिला मतदान अधिकारियों ने उत्साह और सजगता से निर्वाचन कार्य के तहत् मतदान कराने के कार्य को सफलता पूर्वक किया। साथ ही विधानसभा क्षेत्र कोंटा में 05 आदर्श मतदान केंद्र बनाए गए थे। जहा मतदान केंद्र में मतदान सफलता पूर्वक किया गया।

ठेकेदार पर आरोप, नियमों को ताक में रखकर किया काम

■ **पूर्व वनमंडल के काष्ठागार में शेड निर्माण में गुणवत्ताविहिन कार्य**

भानुप्रतापपुर/नवप्रदेश। वन विभाग में चल रहे निर्माण कार्यो पर ठेकेदार के द्वारा अनुपयोगी व खराब सीमेंट का उपयोग कर मनमर्जी से कार्य किया जा रहा है। पूर्व वन मंडल के काष्ठागार में गुणवत्ताहीन शेड निर्माण किया जा रहा है जिसको उखाड़ कर दुबारा बनने के लिए उप मंडला अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया है। इसके बावजूद भी ठेकेदार द्वारा अधिकारी के आदेश को नज़र

अंदाज़ कर गुणवत्ताहीन शेड निर्माण किया जा रहा है। इसी तरह नेचर पार्क के सामने भी उसी ठेकेदार द्वारा नाली निर्माण किया जा रहा है जिसमें भी गुणवत्ता नहीं दिख रही हैं। अधिकारी के द्वारा लाखों रुपए की लागत से शेड निर्माण किया जा रहा है। जिसमे बिना बेस के ही खराब सीमेंट से सीसीकरण किया गया। जिसकी खराब सीमेंट व निर्माण कार्य में गुणवत्ता नहीं होने के कारण अधिकारी द्वारा काम बंद कराकर सीसीकरण व दीवालों को तोड़ कर दुबारा बनाने के लिए आदेशित किया गया है।

नाली निर्माण में भी गड़बड़ी

नेचर पार्क के सामने वन परिक्षेत्र अधिकारी भानुप्रतापपुर द्वारा नाली निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। वहा भी नियम कायदे को ताक में रखकर कार्य को अंजाम दिया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा द्वारा बिना स्टीमेट के नाली निर्माण का कार्य किया जा रहा है नगर के बीच व वन मंडला कार्यालय के सामने इस तरह से कार्य किया जा रहा है।

व्यय प्रेक्षक ने किया जिले के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

नारायणपुर/नवप्रदेश। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-84 नारायणपुर (अजजा) के व्यय प्रेक्षक सुवेनदास गुप्ता ने मंगलवार 7 नवंबर को नारायणपुर के विभिन्न मतदान केन्द्रों का जायजा लेकर मतदाताओं से चर्चा की। उन्होंने नारायणपुर के मतदान केन्द्र माहका, बिंजली, पालकी, खोड़गांव, करलखा, एड़का और गुरिया का निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित मतदाताओं से अपने घरों के सभी सदस्यों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने की अपील की। विधानसभा क्षेत्र नारायणपुर में 1 लाख 90 हजार 917 मतदाता हैं, जिसमें पुरूष मतदाता 92138 और महिला मतदाता 98775 हैं। नारायणपुर जिले में पुरुष मतदाताओं की संख्या 42020 और महिला मतदाता 45684 हैं। निरीक्षण के दौरान सहायक व्यय प्रेक्षक कुलदीप बबेरवाल, आदिवासी विकास विभाग के ब्रदीश सुखदेवे एवं निर्वाचन संबंधी अधिकारी मौजूद थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्प्लेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे , स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 07752-468654, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

न्यूज गैलरी

30 तक एग्जिट पोल के प्रसारण पर रहेगा प्रतिबंध

सक्ती/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत 7 नवम्बर 2023 को पूर्वान्ह 7 बजे से 30 नवम्बर 2023 अपरान्ह 6.30 बजे तक किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट व इलेक्ट्रानिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन, प्रचार व किसी भी अन्य तरीके से उसका प्रचार-प्रसार करने पर रोक लगा दिया गया है। आदेश में कहा गया है कि मतदान क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय पर समाप्त होने वाले 48 घण्टों के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा।

डाकमत पत्र से मतदान के लिए बनाया जाएगा सुविधा केन्द्र

सक्ती/नवप्रदेश। विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत डाकमत पत्र से मतदान के लिए कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी परिसर में सुविधा केंद्र बनाया जाना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी आदेशानुसार जिला सक्ती के मतदाता जो की मतदान दिवस पर चुनाव कार्य में जैसे सुरक्षाकर्मी, पुलिस बल, मतदान दलों के परिवहन के लिए अधिग्रहित किए गए वाहनों के ड्राइवर, कंडक्टर, क्लीनर, माइक्रो आब्जर्वर, एफएसटी, एसएसटी, वीएसटी टीम व उनके ड्राइवर एवं अन्य जिले के कर्मचारी जो अन्य जिले में निर्वाचन कार्य में ड्यूटी में तैनात रहेंगे। उनको डाकमत पत्र के माध्यम से मतदान कराए जाने के लिए कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी परिसर सक्ती के सुविधा केंद्र में 13 नवंबर 2023 को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कर सकते हैं।

शिकसा भूले बिसरे गीत मया पिरीत का हुआ आयोजन

जांजगीर/नवप्रदेश। शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ ने कला संस्कृति के संर्वधन व विलुप्त हो रहे पुराने छत्तीसगढ़ी गीतों को पुनः याद कर संवारने छत्तीसगढ़ी भूले बिसरे गीत ÷मया पिरीत÷ का आयोजन संयोजक डॉ. शिवनारायण देवांगन ÷आस÷ के संयोजन विजय प्रधान कार्यक्रम प्रभारी के उपस्थिति व टीकाराम सारथी प्राचार्य व सलाहकार शिकसा के अध्यक्षता में हुआ। सर्वप्रथम संयोजक डॉ. देवांगन ने कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए बताया कि शिकसा छत्तीसगढ़ी कला संस्कृति व पुराने गीत का संर्वधन करने में भी निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम में प्रातांध्यक्ष कौशलेन्द्र पटेल ने अपने उदबोधन में कहा कि हमारी संस्था शिकसा आस के संयोजन में निरंतर कार्य हो रहा है जो आज किसी परिचय के मोहताज नहीं है। प्रदेश कोषाध्यक्ष बोधीराम साहू ने कहा आज शिकसा सबके प्रतिभा को निखार रहा और संयोजक आस जौहरी के रूप में काम कर रहा है।जिससे एक से बढ़कर एक प्रतिभा सामने आ रहे है।शिक्षक और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अकादमी निरंतर कार्य कर रही है। कार्यक्रम के अध्यक्ष टीकाराम सारथी ने बताया कि शिकसा निरंतर गीत संगीत के कार्यक्रम का आयोजन कर शिक्षक के छुपे प्रतिभा को सामने ला रहे है। शिकसा सबके मान सम्मान व स्वाभिमान का खयाल रखता है। अंत में गीत सुनाकर मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम में मोहित कुमार शर्मा, हेमा चन्द्रवंशी , हेमराज निषाद , चन्द्र कुमार चन्द्रा , हरमन कुमार बघेल , मिथिला जायसवाल , विरेंद्र कुमार साहू , रामकुमार पटेल , ओ.पी. कौशिक ÷रतनपुरिहा÷ , शिवकुमार अंगारे , राजीव लोचन कश्यप , निशा महिलांग , मनोहर लाल यादव , सम्प्रति भारद्वाज, डॉ.ज्योति किरण चंद्राकर , उषा भट्ट , प्रमोद आदित्य प्राचार्य , लक्ष्मी बघेल , पुष्पांजलि ठाकुर , सुधा उपाध्याय , संजय कुमार मैथिल आदि ने पुराने गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन संजय कुमार मैथिल प्रधान पाठक व संयुक्त सचिव तथा आभार प्रदर्शन डॉ.शिवनारायण देवांगन संयोजक ने किया।

नवागढ़ में स्वीप मैराथन का हुआ आयोजन

जांजगीर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 में मतदाताओं की शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में कोसा कासा कंचन, वोट करेगा जन-जन, की थीम पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। नवागढ़ जनपद सीईओ अनिल कुमार ने बताया की नवागढ़ में स्वीप मैराथन का आयोजन जनपद पंचायत कार्यालय से ग्राम सेमरा तक 5 किलोमीटर की मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रिचा प्रकाश चौधरी के निर्देश में पंडित जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय मतदाताओं की शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में कोसा कासा कंचन, ,वोट करेगा जन-जन, की थीम पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में नवागढ़ में स्वीप मैराथन का आयोजन जनपद पंचायत कार्यालय से ग्राम सेमरा तक 5 किलोमीटर की मैराथन पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रिचा प्रकाश चौधरी के निर्देश में पंडित जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय नवागढ़ एवं एसडी महाविद्यालय नवागढ़ और शासकीय नवीन महाविद्यालय नवागढ़ के संयुक्त तत्वाधान में यह आयोजन सुबह 7-00 बजे आयोजित की गई छात्र-छात्राओं सहित विभिन्न विद्यालय के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। स्वीप मैराथन की इस कार्यक्रम में शासकीय नवीन महाविद्यालय के छात्र छोटेलाल साहू ने प्रथम, आकाश साहू द्वितीय, निखिल भारद्वाज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।बालिका वर्ग में पंडित जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय की उत्कृष्ट खिलाड़ी सोनिया केवट ने प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान अंशुरानी तथा प्रीति स्थान पर राधाकृष्णन शिक्षक समिति की छात्रा प्रेम राठिया ने प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनिल कुमार नवागढ़ एवं दो विजय लहरे संबंधित अधिकारी कर्मचारी बड़ी संख्या में नगरीकरण उपस्थित थे।

मतदान के लिए करही को सुविधा केंद्र बनाया गया

मुंगेली/नवप्रदेश। विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत डाकमत पत्र से मतदान के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करही को सुविधा केंद्र बनाया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण तिवारी ने बताया कि जिले के ऐसे मतदाता, जो मतदान दिवस के दिन चुनाव कार्य में सेक्टर अधिकारी, माइक्रो आब्जर्वर, पुलिसकर्मी, होमगार्ड, अनिवार्य सेवा में संलग्न कर्मचारी, रूट प्रभारी, वाहन चालक, हेल्पर, क्लीनर, विडियोग्राफर तथा अन्य निर्वाचन कार्य में तैनात है, वे सुविधा केन्द्र करही में 8 से 10 नवंबर को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कर सकते हैं।

कलेक्टर की उपस्थिति में ईवीएम की कमीशनिंग

रायगढ़/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग व मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ द्वारा निर्धारित समय-सारणी अनुसार आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल के मार्गदर्शन में सामान्य प्रेक्षक डॉ.रूपांजलि कार्तिक एवं विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों व अभिकर्तागण की उपस्थिति में ईवीएम, वीवीपैट मशीनों की कमीशनिंग का कार्य प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर एसएसपी सदानंद कुमार, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय, सहायक कलेक्टर युवराज मरमट उपस्थित रहें। सामान्य प्रेक्षक, कलेक्टर, प्रत्याशियों एवं उनके अभिकर्ता की उपस्थिति में स्ट्रॉन्ग रूम का लॉक खोला गया।

सोचा नहीं था घर बैठे करूंगी मतदान

80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाओं को विशेष सुविधा

जांजगीर/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचान अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में मतदान केंद्रों तक पहुंच पाने में असमर्थ दिव्यांग मतदाताओं सहित 80 वर्ष से अधिक आयु के वयोवृद्ध मतदाताओं के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से घर पर ही मतदान करने की व्यवस्था की गई है। जिसके तहत आज जिले में ऐसे दिव्यांग मतदाताओं के साथ ही 80 वर्ष से अधिक उम्र के वयोवृद्ध मतदाताओं ने डाक मतपत्र के जरिये अपने मताधिकार का उपयोग किया। इन दिव्यांग मतदाताओं तथा 80 वर्ष से अधिक आयु के वयोवृद्ध मतदाताओं से मतदान कराये जाने के लिए मतदान दल उनके घर पहुंच रहे हैं। इस कड़ी में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने जांजगीर-नैला नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 17 की निवासी श्रीमती रूखमणी देवी तिवारी पति सालिक राम तिवारी के निवास पर पहुंचकर उनका उत्साह बढ़ाया।

श्रीमती रूखमणी देवी ने जिले की पहली महिला वयोवृद्ध मतदाता के रूप में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इससे पहले मतदान दल उनके निवास पहुंचा। दस्तावेजो का मिलान कर एवं प्रक्रिया पूरी करा के निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार उनका मतदान कराया। वयोवृद्ध महिला मतदाता ने कहा कि पिछले कई चुनावो में मैने अपने मताधिकार का प्रयोग मतदान केन्द्र जाकर किया है परन्तु यह पहली बार हो रहा है, यह मेरे लिये अद्भुत अनुभव है, मैने कभी सोचा नहीं था घर बैठकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर पाउंगी। कलेक्टर ने उनके निवास पर बैठकर उनके परिजनों को 17 नवम्बर को अपने मतदान केन्द्र में जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग के लिए प्रेरित किया। निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 में छत्तीसगढ़ के दिव्यांग मतदाताओं को मत पत्र के माध्यम से घर बैठे मतदान की सुविधा पहली बार दी है। जिले के पहले दिव्यांग मतदाता के रूप में मतदान करने वाले डॉ कौशल मिश्रा प्राध्यापक शासकीय ठाकुर छेदीलाल स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय जांजगीर ने कहा कि निर्वाचन आयोग की यह बेहतरीन पहल है। इससे दिव्यांग मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर पाएंगे। उन्होंने अपना अनुभव बाटते हुए बताया कि घर पहुंचे मतदान दल ने पूरी प्रक्रिया पारदर्शितापूर्ण सुव्यवस्थित ढंग से पूरी करायी। मेरे मत की गोपनीयता बनाये रखते हुए मेरे मताधिकार का प्रयोग कराया यह पहली बार है। मेरा सुझाव है कि दिव्यांग मतदाता जागरूक होकर इस सुविधा का लाभ लेकर लोकतंत्र के महापर्व में सहभागी बने। एक ट्रेन दुर्घटना में अपने दोनो पैर व एक हाथ से वंचित हो चुके डॉ कौशल मिश्रा हर बार अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं और इस बार जो सुविधा मिली है उससे वे अधिक सहजता से मतदान कर पाएं।

विस चुनाव : ईवीएम मशीनों की हो रही कमीशनिंग

सक्ती/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय छत्तीसगढ़ के समय सारणी अनुसार छत्तीसगढ़ में द्वितीय चरण में होने वाले विधानसभा आम निर्वाचन के तहत जिले के सक्ती, चन्द्रपुर और जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र में आगामी 17 नवम्बर को मतदान होगा। जिले के सक्ती, चन्द्रपुर एवं जैजैपुर तीनों विधानसभा क्षेत्रों में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न कराने की तैयारियां जिला प्रशासन द्वारा की जा रही है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 35 सक्ती के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक मोहम्मद वाई. सफिरूल्ला के., विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 36 व 37 के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक उमाकांत त्रिपाठी, तीनो विस क्षेत्रों के लिए नियुक्त पुलिस प्रेक्षक शैलेन्द्र कुमार बर्नवाल और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के दिशानिर्देशन में कमीशनिंग का कार्य स्ट्रांग रूम में किया जा रहा है। जिसका आज विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि की उपस्थिति में नंदेलीभाठा स्थित

स्ट्रांग रूम पहुंचकर ईव्हीएम मशीनों के कमीशनिंग कार्य का मुआयना किया गया।

कमीशनिंग कार्य में लगे अधिकारियों कर्मचारियों को नियुक्त प्रेक्षकों और जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा आवश्यक सुझाव व मार्गदर्शन दिया गया। प्रेक्षकों ने कहा कि निर्वाचन कार्य के अबाधित एवं सुचारू रूप से संपादन के लिए कमीशनिंग कार्य का पूर्ण गुणवत्तापूर्वक किया जाना आवश्यक है। सक्ती जिले में 17 नवंबर को मतदान कार्य किया जाएगा। इसके लिए उपयोग में आने वाली ईव्हीएम मशीनों का कमीशनिंग कार्य स्ट्रांग रूम नंदेलीभाठा में किया जा रहा है। इनमें बैलेट यूनिट, कन्ट्रोल यूनिट एवं वीवीपैट मशीनो का कमीशनिंग किया जा रहा है। निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए कमीशनिंग करने के साथ ही प्राप्त निर्देशानुसार आरक्षित मशीन रखते हुए कमीशनिंग कार्य किया जा रहा है। इन मशीनों का उपयोग 17 नवंबर को होने वाले मतदान दिवस पर किया जाएगा। इस दौरान निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों के प्रतिनिधि, पुलिस अधीक्षक श्री एम आर आहिरे, अपर कलेक्टर बीरेंद्र कुमार लकड़ा, संयुक्त कलेक्टर एवम उप जिला निर्वाचन अधिकारी बालेश्वर राम, रिटर्निंग अधिकारी विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 35 सक्ती पंकज डाहिरे, रिटर्निंग अधिकारी विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 36 चन्द्रपुर दिव्या अग्रवाल, रिटर्निंग अधिकारी विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 37 अरूण कुमार सोम सहित अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

एडिशनल एसपी ने किया चेक पोस्टों का निरीक्षण

रायगढ़। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन पर एडिशनल एसपी संजय महादेवा के साथ एसडीओपी धरमजयगढ़, एसडीओपी खरसिया, ट्रैफिक डीएसपी, प्रशिक्षु डीएसपी एवं नगर कोतवाल ने जिले के रायगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले चेक पोस्ट कठली, लारा, बडमाल, एकताल का औचक निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान ग्राम कठली पर तैनात स्स्ञ टीम के साथ अधिकारियों ने वाहनों की जांच में शामिल होकर आने-जाने वाले वाहनों को चेक कर रिकॉर्ड हेतु संधारित रजिस्टर को चेक किया गया । एडिशनल एसपी तथा अधिकारियों ने स्थैतिक निगरानी दल के कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देशित करते हुए चेक पोस्ट पर वाहनों की बारीकी से जांच करने और आदर्श आचरण संहिता के अनुसार किसी भी चुनाव प्रभावित सामग्रियों के मिलने पर तत्काल अधिकारियों को सूचना देने के निर्देश दिए गए। गौरतलब है कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल के निर्देशन पर जिले के तीनों विधानसभा में स्थैतिक निगरानी दल सभी 20 चेक पोस्ट पर निगरानी पर चौबीसों घंटे तैनात हैं ।

ठंढ से स्ट्रीट डॉग की मौत, फूल रहा दम, बढ़ रहा मौत का आंकड़ा

जांजगीर/नवप्रदेश। जिले का तापमान रात को तेजी से गिर रहा है। बढ़ती ठंड ने सिर्फ इन्सानों की परेशानी ही नहीं बढ़ा दी है बल्कि कुत्ते भी अपनी जान बचाने को दर-दर भटक रहे हैं। ठंड की चपेट में कुत्ते आने लगे हैं। शरीर का तापमान 99 डिग्री से भी कम होने लगा है, जिससे कुत्तों में हाइपोथर्मिया के मामले बढ़ने लगे है। ऐसे में पालतू व सड़कों पर घूम रहे आवारा कुत्तों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। अन्यथा उसकी मौत तक हो सकती है। वेटनरी विशेषज्ञ डॉक्टर केके राठौर ने बताया कि जांजगीर -चांपा जिले में कुत्ता पालने वालों की संख्या काफी है। ठंड में जिस तरह से लोग खुद का बचाव करते हैं उसी तरह से कुत्तों पर भी ध्यान देने की जरूरत है। अभी कुत्तों में दम फुलना, हृदय गति का कम होना, सर्दी-खांसी, कांपना, बेचैनी, आंख से आंसू गिरना, छींकना व निमोनिया के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। इस दौरान कुत्तों को इलाज की जरूरत होती है। सही समय पर इन कुत्तों को इलाज नहीं मिलने से वे कोमा में चले जाते हैं और उसकी मौत तक हो

जाती है। नगर पालिका जांजगीर -नैला क्षेत्र के वार्ड नंबर 21 में बढ़ते ठंड की वजह से दो कुत्तों की जान चली गईं । मिली जानकारी अनुसार वार्ड में चार दिनों के अंदर 5-6 माह के दो कुत्तों की जान चली गईं है। वहीं एक कुत्ते का ईलाज वार्ड के पशु प्रेमियों ने कराया। लेकिन हालत में सुधार अबतक नहीं हुआ है, डॉक्टर ने बताया ठंड व हाइपोथर्मिया की वजह से कुत्तों की जान गईं है। डॉक्टर ने बताया कि ठंड में अधिक खतरा आवारा कुत्तों को रहता है क्योंकि उसकी देखभाल करने वाला कोई नहीं रहता। ऐसे में उसे किसी तरह इधर-उधर छुपकर अपनी जान बचानी पड़ती है।

दो विधानसभा सीटों पर 32 प्रत्याशी चुनावी मैदान पर

मुंगेली/नवप्रदेश। विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान को अब महज 08 दिन शेष रह गए हैं। राजनीतिक दलों के अलावा निर्दलीय और क्षेत्रीय पार्टियां वोटों के लिए सघन जनसंपर्क कर रहे हैं। जिले की दो विधानसभा सीटों पर 32 प्रत्याशी मैदान में हैं। ऐसे में साफ है कि निर्दलीय और क्षेत्रीय पार्टियां वोटों का समीकरण बिगाड़ेंगे। वोट बैंक में सेंध लगाने बिसात बिछने लगी है। निर्दलीय व छोटी पार्टियों ने बड़ी पार्टियों के नाक पर दम कर दिया है।

पार्टियों को पिछली बार की तुलना में इस बार अधिक वोट कटने का डर सता रहा है। यही कारण है अब पार्टियां अंतिम एक सप्ताह में पूरी ताकत झोंक रही है। ऐसे बूथ जहां नोटा पर दहाई से अधिक वोट पड़े थे, वहां पर अपनी पार्टियों के प्रत्याशियों का प्रचार शोर-शराबा की बजाए डोर-टू डोर कर किया जा रहा है। इस बार पार्टियों के वोट गणित के मुताबिक जीत हार का अंतर काफी कम हो सकता है। ऐसे में नोट वाले वोट काफी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकते हैं। निर्दलीय प्रत्याशियों के मैदान में उतरने से दोनों दलों के बीच मुकाबला रोचक होता जा रहा है। पार्टियां अपने वोटों को सहेजने में लगे हुए हैं । जिले की सबसे हाइप्रोफाइल सीट में पिछली बार कांग्रेस और भाजपा के वोट बैंक में अंतर कम था। निर्दलियों के खाते में ही हजारो वोट आ गए थे। इसके अलावा नोटा में भी वोट पड़े थे। ये वोट भाजपा-कांग्रेस के लिए काफी मायने रखते हैं।इस बार भाजपा, कांग्रेस, आप और जकांछ के अलावा 14 और प्रत्याशी मैदान में हैं। निर्दलियों के मैदान में आने से वोट कटने की संभावना अब बढ़ गई है। मुंगेली विधानसभा सीट में पिछली बार भाजपा और कांग्रेस दोनों के बीच वोटों का अंतर कम का था। भाजपा-कांग्रेस के अलावा कुल 11 प्रत्याशी मैदान में थे।

बाइक चोरों का आतंक, बढ़ रही चोरी की घटना

मुंगेली। क्षेत्र में मोटर सायकल चोरी होने की घटनायें बढ़ी है। हीरालाल वार्ड दाऊपारा निवासी शुभान अली फॉल सिलिंग का काम करता है। 4 नवंबर को जेल रोड शारदा विहार में फॉल सिलिंग का काम चल रहा था। मोटर सायकल स्लेंडर प्लस का मालिक महेसर अली काम में आने-जाने के लिए उसे दिया गया था, दोपहर करीब 2 बजे मोटर सायकल को काम चल रहे मकान के बाहर में रखकर फॉल सिलिंग का काम करने लगा। करीब 6 बजे वापस घर जाने के लिए बाहर आया और देखा तो मोटर सायकल नही था। मोटर सायकल क्रमांक सीजी 28 एम 3781 स्पेंडर प्लस को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गया। दूसरी घटना में 21 अक्टूबर को सुबह 11 बजे अग्रवाल अस्पताल के पास ग्राम अतरगवां थाना नवागढ़ जिला बेमेतरा निवासी जैकीचंद बंजारे गली में अपना मोटर सायकल एचएफ डिलक्स बैगनी कलर को खडा किया था। अस्पताल से वापस लौटते समय 4 बजे शाम को उसका मोटर सायकल नही था। मोटर सायकल को कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर लिया।

माइक्रो आब्जर्वर ने ली बैठक

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने जिले में विभिन्न कामों के लिए अलग अलग अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसी क्रम में मतदान केंद्रों में मतदान प्रक्रिया पर निगरानी के लिए माइक्रो आब्जर्वर की ड्यूटी लगाई गई है। सामान्य प्रेक्षक अम्बिकापुर विधानसभा रूपवंत सिंह के साथ कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुन्दन कुमार ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में माइक्रो आब्जर्वर की बैठक लेकर उनके दायित्वों के प्रति सजग और गंभीर रहने निर्देशित किया।

इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुनील नायक ने मतदान प्रक्रिया में माइक्रो आब्जर्वर की भूमिका और रिपोर्टिंग की जानकारी दी। वास्तविक मतदान के दिन निर्धारित समय से पूर्व मॉक पोल किया जायेगा। जिसमें ईवीएम के भली भांति संचालन और मतदान सही तरीके से पूर्ण होने की जांच

की जाएगी। इसकी निगरानी करते हुए माइक्रो आब्जर्वर द्वारा 18 बिंदुओं पर मतदान की रिपोर्टिंग सीधे संबंधित विधानसभा के सामान्य प्रेक्षक को उपलब्ध कराई जाएगी।

सामान्य प्रेक्षक श्री सिंह ने उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा माइक्रो आब्जर्वर हेतु निर्धारित दिशा निर्देशों का सूक्ष्म अध्ययन करें जिससे अपने दायित्वों को अच्छी तरह से पूर्ण करने में मार्गदर्शन मिलेगा। आपकी भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पूर्ण पालन करें। कलेक्टर श्री कुन्दन ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा दिए गए निर्देशों के साथ अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें जिससे जिले में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न कराया जा सके। बैठक में सभी माइक्रो आब्जर्वर को होम वोटिंग की प्रक्रिया, निशक्त मतदाता के मतदान हेतु सहयोगी मतदाता, संवेदनशील मतदान केंद्र, मतदान की गोपनीयता, 50 प्रतिशत मतदान केंद्रों में वेबकास्टिंग सहित विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी देते हुए चर्चा की गई। बैठक में नगर निगम आयुक्त अभिषेक कुमार, सीईओ जिला पंचायत नूतन कंवर, एलडीएम विकास गुप्ता एवं निर्वाचन से संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

चुनई चिरई 2023 | विधानसभा मुंगेली से 15 उम्मीदवारों की प्रतिष्ठा दांव पर लोरमी से 17 प्रत्याशी चुनावी मैदान में भाग्य अजमाएंगे

मुंगेली में दूसरे चरण में 5.86 लाख मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में 17 नवंबर को मतदान होना है, जिसमें जिले के कुल 5 लाख 86 हजार 297 मतदाता अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र से मतदान करेंगे। विधानसभा मुंगेली से 15 प्रत्याशी चुनाव में आमने सामने हैं। विधानसभा लोरमी से 17 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा मतदान दलों का प्रशिक्षण, रेंडमाइजेशन, कमिशनिंग सहित चुनाव संबंधी अन्य कार्य निर्धारित समय सीमा में किया जा रहा है।

जिले में विधानसभा लोरमी अंतर्गत 262, विधानसभा मुंगेली अंतर्गत 279 और विधानसभा बिल्हा अंतर्गत 118 सहित कुल 659 मतदान केंद्र बनाए गए है। इन मतदान केंद्रों में मुंगेली एवं लोरमी विधानसभा के लिए 10-10 संगवारी मतदान केंद्र, 1-1 दिव्यांग और युवा प्रबंधित मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। विधानसभा मुंगेली से कुल 2 लाख 53 हजार 668 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे।

इसी तरह विधानसभा लोरमी से कुल 2 लाख 28 हजार 397 मतदाता और विधानसभा बिल्हा (मतदान केंद्र 01 से 118) से कुल 01 लाख 04 हजार 232 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार जिले में शत प्रतिशत मतदान का लक्ष्य हासिल करने हेतु मतदाताओं को जागरूक करने स्कूल, महाविद्यालयों सहित विभिन्न संस्थाओं द्वारा रैली, नुक्कड़, नाटक, स्लोगन, मेंहदी, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन में पारदर्शिता लाने एवं मतदाताओं की सुविधा के लिए जारी विभिन्न एप का उपयोग करने भी जागरूक किया जा रहा है। वोटर हेल्पलाइन एप से मतदाता अपना मतदाता परिचय पत्र (एपिक) नम्बर डाल कर बहुत ही आसानी से अपने विधानसभा, पोलिंग बूथ एवं मतदाता सूची में सरल क्रमांक पता कर सकते हैं। वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से मतदाता अपने निर्वाचन क्षेत्र समेत किसी भी अन्य क्षेत्र के प्रत्याशियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

मुंगेली/नवप्रदेश। विधानसभा चुनाव 2023 के मद्देनजर जिला मुख्यालय में जिला पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च किया गया। एसएसबी बटालियन 59 डी कंपनी एवं थाना कोतवाली, फास्टरपुर, लालपुर, जरहागांव, पथरिया एवं रक्षित केन्द्र के अधिकारी/कर्मचारी सम्मिलित हुए। जिला पुलिस द्वारा विधानसभा चुनाव 2023 के मद्देनजर कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने, शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न चुनाव सम्पन्न कराने के उद्देश्य से 6 नवम्बर को जिला मुख्यालय फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च सर्वप्रथम थाना सिटी कोतवाली से

प्रारंभ होकर बालानी चैक, पड़ाव चैक, सिंधी कॉलोनी, मल्हापारा चूड़ी लाईन, बड़ा बाजार, पुलपारा, दाउपारा, रेस्ट हाउस होते थाना मुंगेली में समाप्त हुआ। फ्लैग मार्च में एसएसबी बटालियन के असिस्टेंट कमांडेंट त्सेरिंग स्टोब्दान, अनुविभागीय पुलिस एसआर धृतलहरे, उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती साधना सिंह, रक्षित निरीक्षक श्रीमती क्रिस्ट नरसिग तिग्गा, थाना प्रभारी गौरव पाण्डेय, थाना प्रभारी फास्टरपुर सुशील बंछोर सहित थाना कोतवाली, फास्टरपुर, लालपुर, जरहागांव, पथरिया एवं रक्षित केन्द्र अधिकारी/कर्मचारी सम्मिलित हुए।

बस्तर में सबसे ज्यादा 84.65 प्रतिशत मतदान

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के लिए प्रथम चरण का मतदान संपन्न हो चुका है। पहले चरण में 20 विधानसभा सीटों के लिए 76.47 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। इसमें बस्तर में सबसे अधिक 84.65 प्रतिशत मतदान रिकार्ड किया गया है। उक्त जानकारी बुधवार को छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहब कंगोले ने दी। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ के 20 विधानसभा सीटों पर चुनाव संपन्न हुए है, बस्तर संभाग और राजनांदगांव विधानसभा के सभी सीटों में मतदान हुआ है। इस बार 20 विधानसभा सीटों पर 76.47 प्रतिशत मतदान हुए है। जिसमें सबसे अधिक बस्तर में 84.65 प्रतिशत मतदान और बीजापुर में सबसे कम 46.00 प्रतिशत वोटिंग हुई है।

दूसरे चरण पर शेष बचे 70 सीटों पर 17 नवंबर को मतदान होंगे और 3 दिसंबर को मतगणना होगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने आगे बताया कि पहले चरण के चुनाव के दौरान तकनीकी समस्या के चलते 62 कंट्रोल यूनिट और 123 विविपेट बदले गए। इसके साथ ही उन्होंने केशकाल दुर्घटना की जानकारी दी। यह हादसा बैलेट बॉक्स जमा कर घर लौटते वक्त हुआ। वहीं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने नक्सली वारदातों की भी जानकारी दी, उन्होंने बताया कि कुल 3 जगहों में नक्सल वारदाते हुई थी। नक्सली घटना में प्रभावित जवानों का रायपुर के विभिन्न अस्पतालों में उपचार चल रहा है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने घायल जवानों से की मुलाकात

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा के पहले चरण के मतदान के दौरान नक्सलियों से मुठभेड़ में घायल 6 जवानों का रायपुर में इलाज चल रहा है। घायल जवानों से मिलने के लिए छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले और भारत निर्वाचन आयोग के विशेष सामान्य पर्यवेक्षक धर्मेंद्र एस गंगवार अस्पताल पहुंचे। सुरक्षा बलों से मुलाकात की और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

आईईडी ब्लॉस्ट में घायल जवान की मौत

7 नवंबर को प्रथम चरण के चुनाव में लगे जवान आईईडी की चपेट में आने से घायल हो गया था। उसकी इलाज के दौरान बुधवार को मौत हो गई। चुनाव के प्रथम चरण में छोटेबेठियां थाने के रेंगावाही में हुए आईईडी ब्लास्ट में घायल जवान शहीद हो गया है। पोलिंग पार्टी को ले जाते समय नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट किया था। जवान का नाम प्रकाश चंद है जो कि बीएसएफ का जवान है। एसपी दिव्यांग पटेल ने जवान के शहादत की पुष्टि कर दी है। रायपुर के श्री नारायणा हॉस्पिटल में जवान का इलाज चल रहा था। शहीद जवान मारबेड़ा स्थित बीएसएफ के 94वीं बटालियन में तैनात था। ओडिशा के बालेश्वर का रहने वाला था।

गृहमंत्री अमित शाह आज रायगढ़ में करेंगे रोड शो

रायगढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में भाजपा के केन्द्रीय नेताओं का लगातार दौरा बना हुआ है। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा के स्टार प्रचारक यहां लगातार पहुंच कर भाजपा के पक्ष में माहौल बना रहे हैं। इसी क्रम में कल 9 नवंबर को केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह रायगढ़ आ रहे हैं। श्री शाह यहां भाजपा के कैंडिडेट ओपी चौधरी के समर्थन में एक रोड शो करने वाले हैं। भाजपा सूत्रों ने बताया कि अमित शाह 3.30 बजे से एक घंटे तक भाजपा उम्मीदवार

ओपी चौधरी के समर्थन में रोड-शो करेंगे।

जानकारी के मुताबिक केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल 9 नवंबर को जशपुर, कुनकुरी, पत्थलगांव, रायगढ़ और चंद्रपुर विधानसभा में तय कार्यक्रम में शामिल होंगे। दो विधानसभाओं में सभाएं होंगी और 3 विधानसभाओं में रोड शो होगा। 15 नवंबर को भी अमित शाह का दौरा संभावित बताया जा रहा है। बता दें कि बीजेपी नेतृत्व छत्तीसगढ़ में सरकार बनाने के लिए कड़ी मशक्कत कर रही है। छत्तीसगढ़ में पहले चरण के खत्म होने के बाद अब भाजपा दूसरे चरण की तैयारी में जुट गई है।

पहले चरण की 20 सीटों में 15 से 18 सीटें जीतेगी भाजपा : रमन

रायपुर/नवप्रदेश। विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में 20 सीटों के लिए मंगलवार को हुई वोटिंग के बाद भाजपा ने 15 से 18 सीटें जीतने का दावा किया है। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने एकात्म परिसर में प्रेस कांफ्रें स में कहा, प्रथम चरण के चुनाव में सभी सीटों पर मतदान के लिए मतदाताओं में भारी उत्साह दिखा। लोगों में भाजपा के प्रति जितना विश्वास दिखाई दिया ठीक विपरीत कांग्रेस के प्रति उतना ही आक्रोश भी था, जिससे यह स्पष्ट हो चुका है कि इस बार राजनांदगांव में भाजपा ऐतिहासिक जीत दर्ज करने जा रही है। नक्सलियों के पुरजोर विरोध के बाद भी बड़ी संख्या में हुआ यह मतदान लोकतंत्र की विजय का प्रतीक है। उन्होंने कहा, भाजपा का इंटरनल फ ीडबैक सिस्टम का सर्वे बता रहा है, पहले चरण के नतीजे भाजपा के लिए बेहद उत्साहजनक होने जा रहे हैं लोगों ने बढ़ चढ़कर भाजपा के पक्ष में ही वोट किया है। पहले चरण की 20 सीटों में भाजपा के पक्ष में 15 से 18 सीटे आ रही है यह बीजेपी का इंटरनल सर्वे और उसका फ ीडबैक बता रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा, सिफ ालॉजी का थंब रूल होता है। परिवर्तन के लिए वोट पहले से अधिक पड़ता है, परंतु भय के माहौल की वजह से यहां पर कुछ लोग वंचित जरूर हुए, लेकिन जो भी वोट करने निकला है, परिवर्तन के लिए ही निकला है। और यह भाजपा का फ ीडबैक सिस्टम भी बता रहा है भाजपा आवत है।

छत्तीसगढ़ को लूटने वालों पर चलेगा बाबा का बुलडोजर : रवि किशन

रायपुर/नवप्रदेश। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर से भाजपा सांसद रवि किशन ने राजधानी रायपुर में छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा।

उन्होंने आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने केवल प्रदेश को लूटने का काम किया है। भाजपा सरकार बनते ही बाबा का बुलडोजर छत्तीसगढ़ में भी चलेगा। प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने भाजपा के घोषणा पत्र के वादों को दोहराते हुए कहा कि तीन दिसंबर को सरकार बनते ही 18 लाख गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिलेगा। कैबिनेट की पहली बैठक में ही प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए राशि जारी की जाएगी। उन्होंने कहा कि हम हर

घर में नल से जल पहुंचाने का काम करेंगे। साथ ही हम प्रत्येक विवाहित महिला को हर वर्ष 12,000 रुपये देंगे। महादेव सट्टा एप के मामले को लेकर उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोगों ने महादेव भगवान को भी नहीं छोड़ा। सरकार बनते ही बाबा का बुलडोजर छत्तीसगढ़ में भी चलेगा।

सीएम बघेल की हताशा बता रही कांग्रेस पहले चरण में ही पिछड़ गई है : मालवीय

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में विधान सभा चुनाव के पहले चरण के तहत मंगलवार को 20 सीटों पर मतदान संपन्न हो गया। इन 20 सीटों पर 71 प्रतिशत से ज्यादा मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वोटिंग खत्म होने के साथ ही भाजपा और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बीच एक बार फि र से आरोप-प्रत्यारोप का नया दौर शुरू हो गया। सीएम भूपेश बघेल ने यह आरोप लगाया है कि केंद्र की भाजपा सरकार सीआरपीएफ के जवानों को आगे कर मतदाताओं को वोट देने से रोक रही है, वहीं बघेल के आरोपों

पर पलटवार करते हुए भाजपा आईटी सेल के हेड अमित मालवीय ने कहा कि भूपेश बघेल की यह हताशा बता रही है कि कांग्रेस पहले ही चरण में पीछे हो गई है और महादेव के नाम को कलंकित करने वालों का हश्र कभी अच्छा नहीं हो सकता। भूपेश बघेल ने मंगलवार रात को एक्स पर पोस्ट कर आरोप लगाया था कि, केंद्र की भाजपा सरकार का असली चरित्र यही है। चुनाव में कांग्रेस के सामने टिक नहीं पा रहे हैं तो सीआरपीएफ के जवानों को आगे कर दिया। मतदाताओं को रोकने की यह अकेली शिकायत नहीं है। बस्तर में जगह जगह से ऐसी शिकायतें मिली हैं। लेकिन जनता जब साथ हो तो भाजपा चाहे जिसे आगे कर ले, जीतेंगे हम ही। जय कांग्रेस। बघेल के इस पोस्ट पर मंगलवार को आधी रात में ही रिप्लाई करते हुए भाजपा आईटी सेल के हेड अमित मालवीय ने पोस्ट कर कहा, ये हताशा बता रही है कि कांग्रेस पहले चरण में ही पीछे हो गई है। महादेव के नाम को कलंकित करने वालों का हश्र कभी अच्छा नहीं हो सकता।

आज कोरबा और कोरिया में जनसभा को संबोधित करेंगे खड़गे

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में प्रथम चरण का मतदान खत्म होने के बाद अब कांग्रेस और बीजेपी दूसरे चरण के तहत 17 नवंबर को होने वाली 70 विधानसभा सीटों पर चुनाव के लिए जुट गई है। दोनों ही दलों के राष्ट्रीय नेताओं का दौरा चल रहा है। इसी कड़ी में आज 9 नवंबर को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे छत्तीसगढ़ पहुंच रहे हैं। वे कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे। खड़गे प्रदेश के कोरबा और कोरिया जिले के दौरे पर रहेंगे। इन दोनों जगहों पर वे चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

पहले चरण की रिपोर्ट में हम जीत रहे सभी सीटें कांग्रेस के पक्ष में : सैलजा

रायपुर/नवप्रदेश। अंबिकापुर जाने से पहले प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रथम चरण के चुनाव के लिए कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत तय है। पहले चरण में कांग्रेस जीत रही है। जितनी भी रिपोर्ट्स है, सभी कांग्रेस के पक्ष में है।

भाजपा पर तंज कसते हुए बोलीं कांग्रेस के पक्ष में है जनता भाजपा को तो घर-घर जाकर वोट मांगना पड़ा है। डॉ. रमन सिंह प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे, लेकिन उन्हें वोट मांगने घर-घर जाना पड़ा, ये हालत बीजेपी के हैं। क्या कारण है कि मोदी जी को यहां आकर गारंटी देना पड़ा। उन्होंने आगे कहा कि गृहमंत्री अमित शाह भी बार-बार मोदी जी के काम गिना रहे हैं।

बीजेपी ने कभी भी छत्तीसगढ़ियों के लिए बात नहीं की, लोगों का हित नहीं किया, हम अपने काम के बल पर चुनाव जीत रहे हैं। कुमारी सैलजा ने कहा कि, लोगों के बीच गलत प्रचार करना बीजेपी का काम है। बीजेपी झूठ के आधार पर राजनीति करती है। बीजेपी के झूठ को जनता जान चुकी है। कल प्रथम चरण के चुनाव के बाद बीजेपी कार्यालय में आतिशबाजी हुई थी। हालांकि भाजपा की जीत नहीं होगी।

पीएम मोदी अपनी पार्टी की चिंता करें

पीएम मोदी ने सूरजपुर में सभा को संबोधित करते वक्त सीएम भूपेश बघेल पर टिप्पणी की थी। इसी को लेकर कुमारी सैलजा ने कहा कि, पीएम को अपनी पार्टी की चिंता करनी चाहिए। एक-एक करके भाजपा के राज्य जाते जा रहे हैं। हिमाचल और कर्नाटक के बाद एमपी की बारी है। पीएम जो कहते है वो करते नहीं, कांग्रेस जो कहती है, वो करके दिखाती है। पीएम मोदी पर अब कोई विश्वास नहीं करेगा।

पूर्व विधायक योगीराज 6 साल के लिए कांग्रेस से निष्कासित

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पार्टी से बगावत करने वालों पर एक्शन ले रही है। कांग्रेस के पूर्व विधायक योगेश्वर राज सिंह को 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। पहले चरण में मतदान के बाद देर रात प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने आदेश जारी किया है। कवर्धा में योगेश्वर आप पार्टी के प्रत्याशी का प्रचार कर रहे थे। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के आदेश पर इन्हें पार्टी से निष्कासित किया गया है। कांग्रेस का कहना है कि विधानसभा चुनाव में कवर्धा के कांग्रेस प्रत्याशी के खिलाफ और पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के कारण कवर्धा के पूर्व विधायक योगेश्वर राज सिंह उर्फ योगीराज को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया गया है। पार्टी के महामंत्री मलकीत सिंह गेंदू ने पत्र जारी किया है। जिसमें लिखा है विधानसभा चुनाव-2023 में 72 कवर्धा विधानसभा क्षेत्र से पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ व पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त होने के कारण पूर्व विधायक योगेश्वर राज सिंह के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है। उन्हें कांग्रेस की सदस्यता से 6 साल के लिए

निष्कासित किया जाता है।

कवर्धा से आप पार्टी के प्रत्याशी खडग राज सिंह हैं। योगेश्वर खुलेआम इनका चुनाव प्रचार करते नजर आए थे। सरकार में मंत्री रहे कांग्रेस से मंत्री मोहम्मद अकबर यहां से प्रत्याशी है। पार्टी के जानकारी में यह बात आते ही योगेश्वर राज पर कार्रवाई की गई है।

बिना सोचे समझे आरोप लगाना कांग्रेस की ओछी मानसिकता : अमर अग्रवाल

बिलासपुर/नवप्रदेश। महादेव सट्टा ऐप मामले में ईडी ने जिस गाड़ी से पैसे बरामद किए हैं। उसे कांग्रेस ने भाजपा के पूर्व मंत्री के भाई का होना बताया है। जिस पर पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने कहा कि भतीजे के नाम की कंपनी में रजिस्टर्ड गाड़ी का दस्तावेज पेश किया है। छह महीने पहले ही उसने गाड़ी बेच दी थी।

बिना जाने समझे कांग्रेस का यह आरोप उनकी ओछी मानसिकता को उजागर करता है। दरअसल, ईडी ने जिस असीम दास को गिरफ्तार कर करोड़ों रुपए बरामद किया है। उसने अपने बयान में सीएम भूपेश बघेल का नाम लिया है। कांग्रेस ने पहले उसकी तस्वीर वायरल कर उसे भाजपा कार्यकर्ता होना बताया। अब असीम के पास से बरामद कार के दस्तावेज प्रस्तुत कर उसे अमर अग्रवाल का भाई बृजमोहन अग्रवाल बताया गया। उनके रिश्तेदारों का नाम लेकर बदनाम करने वाले कांग्रेस नेताओं पर अमर अग्रवाल ने जमकर हमला बोला है। उनका कहना है कि मेरे

परिजन की गाड़ी है, उसमें मेरा नाम लेना घोर आपत्तिजनक है। क्योंकि मेरी ऐसी पृष्ठभूमि नहीं है। रही बात रिश्तेदार की गाड़ी की तो सनफ्लावर कंपनी मेरे भतीजे की है। जिसने अपनी गाड़ी छह महीने पहले बेच दी है। उसने पहले ही आरटीओ में आवेदन प्रस्तुत कर दिया था।

अमर अग्रवाल ने कहा कि मेरी राजनीतिक पृष्ठभूमि है। सालों से अपोजिशन में काम किया और मुख्यमंत्री से टकराते रहा। लेकिन, न कभी कोई आरोप लगा है और न ही लगेगा। महादेव ऐप के करोड़ों रुपए के साथ पकड़े गए ड्राइवर और कंपनी के शुभम सोनी ने खुद सीएम का नाम लिया है। लेकिन, कांग्रेसी मेरे परिजन के जरिए मेरा नाम ले रहे हैं।

जम्पा सर्वश्रेष्ठ सफेद गेंद स्पिनर : फिंच

नई दिल्ली। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर आरोन फिंच का मानना है कि अफगानिस्तान के खिलाफ मुकाबले से पहले ऑस्ट्रेलिया ने आईसीसी वनडे विश्व कप 2023 में अपनी ऊर्जा पा ली है, जिसकी उन्हें टूर्नामेंट की शुरुआत में कमी थी। पहले दो मैच हारने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने लगातार पांच जीत के साथ वापसी की। वे अंक तालिका में दूसरे स्थान पर हैं और सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी संभावनाओं को और अधिक मजबूत करने की कोशिश करेंगे।

आरोन फिंच ने आईसीसी कॉलम में लिखा, पिछले पांच मैचों में, विशेष रूप से, मैदान में बहुत अधिक ऊर्जा रही है और मेरे लिए यह हमेशा एक संकेत है कि एक टीम वास्तव में प्रतियोगिता के लिए तैयार है। किसी टीम की सफलता में ऊर्जा बहुत बड़ी भूमिका निभाती है और इसी ने ऑस्ट्रेलिया की सफलता में योगदान दिया है।

वे एक बहुत अच्छी क्रिकेट टीम हैं और वे अपनी ऊर्जा के साथ जो लेकर आए हैं वह किसी से कम नहीं है। वे स्पष्ट रूप से एक अत्यधिक कुशल टीम हैं। वे शायद अभी भी अपने स्पिनरों पर काफी भरोसा करते हैं, लेकिन जो चीज मुझे अच्छी लगी वह यह है कि वे अपनी बल्लेबाजी में निरंतरता बनाए हुए हैं। उन्होंने कहा,मेरे लिए एक सवालिया निशान यह था कि क्या उन्हें रनों का पीछा करना था। अतीत में, यह कभी-कभी थोड़ा अस्थिर हो जाता था और वे लड़खड़ा सकते थे, लेकिन इस विश्व कप में, वे लक्ष्य का पीछा करने में त्रुटिहीन रहे हैं। हालांकि, फिंच को उम्मीद है कि ऑस्ट्रेलिया का शीर्ष क्रम अधिक रन बनाएगा और टीम में अपना योगदान देगा। हाल के वर्षों में इंग्लैंड ऑस्ट्रेलिया पर हावी रहा है, लेकिन उनके प्रदर्शन में बदलाव आया है। इंग्लैंड के पास जोस बटलर सहित कुछ महान खिलाड़ी हैं, जो इस प्रारूप में सर्वश्रेष्ठ में से एक होंगे। हालाँकि, विश्व कप में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। फिंच ने कहा,मुझे नहीं लगता कि ऑस्ट्रेलिया को वास्तव में इसकी परवाह होगी कि उन्होंने इंग्लैंड को हरा दिया है, यह किसी भी अन्य चीज़ से अधिक प्रशंसकों के लिए है। ऑस्ट्रेलिया विश्व कप जीतने के लक्ष्य के साथ यहां आया था और यह इस बारे में नहीं है कि आपने किन टीमों को हराया, यह पहली वास्तविक चुनौती के रूप में सेमीफाइनल में जगह बनाने के बारे में है। ऑस्ट्रेलिया सिर्फ एक कदम आगे रहकर संतुष्ट होगा। फिंच लेग स्पिनर एडम ज़म्पा से बेहद प्रभावित थे और विदेशी परिस्थितियों में ऑस्ट्रेलिया की सफलता का श्रेय उन्हें देते हैं। फिंच ने कहा, ऑस्ट्रेलिया के लिए ज़म्पा फिर से उत्कृष्ट थे। फिंच ज़म्पा को पूरे प्रारूप में प्रमुख सफेद गेंद वाले स्पिनरों में से एक मानते हैं।स्पिन के साथ, यह जानना है कि बल्लेबाजों और परिस्थितियों को पढ़ने के आधार पर अपनी विविधताओं के साथ कब गेंदबाजी करनी है। वह इस समय बहुत सुंदर गेंदबाजी कर रहे हैं और उन्होंने कई महत्वपूर्ण विकेट लिए हैं। लगातार पांच मैचों में कम से कम तीन विकेट लेने से उनकी अविश्वसनीय निरंतरता चमक गई है। वह शायद पिछले कुछ वर्षों से दुनिया भर के दोनों सफेद गेंद प्रारूपों में प्रमुख सफेद गेंद के स्पिनर रहे हैं, इसलिए यह वास्तव में उनकी कला के कौशल की अच्छी पहचान है।ज़म्पा वनडे विश्व कप 2023 में सात मैचों में 19 विकेट के साथ दूसरे प्रमुख विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।फिंच ने अफगानिस्तान के खिलाफ मैच पर भी अपनी अंतर्दृष्टि साझा की और कहा, बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करता है कि ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज वानखेड़े पिच का कैसे फायदा उठाते हैं।मुझे लगता है कि तेज़ गेंदबाज़ों को ही ज़्यादा बोलने का मौक़ा मिलेगा। वे वानखेड़े में खेल रहे हैं, जो संभवतः ऑस्ट्रेलिया के हाथों में है। यह वास्तव में अच्छा क्रिकेट विकेट है; यह घूमने की तुलना में थोड़ी अधिक गति में मदद करता है। फिंच ने कहा, यह परंपरागत रूप से उछलता है जो एक बार अंदर आने के बाद इसे बल्लेबाजी के लिए बहुत अच्छा बना सकता है, लेकिन यह आपकी पारी शुरू करने के लिए एक कठिन जगह हो सकती है।

जैसा कि ऑस्ट्रेलिया मैच के लिए तैयारी कर रहा है, वे अनिवार्य रूप से इस बारे में सोचेंगे कि खेल में क्या चल रहा है और जानते हैं कि एक जीत नॉकआउट चरण के लिए योग्यता की गारंटी देगी।

इगा स्विएटेक ने डब्ल्यूटीए फाइनल्स का खिताब जीता

कैनकन। पोलैंड की टेनिस खिलाड़ी इगा स्विएटेक ने डब्ल्यूटीए फाइनल में अमेरिका की जेसिका पेगुला को 6-1, 6-0 से हराकर टूर का अपना छठा खिताब और साल की 68वीं जीत हासिल की।स्विएटेक ने कल खेले गये मुकाबले में दुनिया की नंबर तीन महिला टेनिस खिलाड़ी जेसिका पेगुला को हराकर अपने करियर में पहली बार सत्र के आखिरी चैंपियनशिप के खिताब पर कब्जा किया। इस खिताब के साथ ही वह दुनिया की नंबर एक महिला टेनिस खिलाड़ी बन गई है।यह डब्ल्यूटीए फाइनल के इतिहास में सबसे एकतरफा फाइनल था। स्विएटेक ने मुकाबला आसानी से जीत लिया।

छग कलरिपयतु टीम को 37वें राष्ट्रीय खेल में 3 कांस्य पदक

छत्तीसगढ़ से 22 सदस्यी टीम ले रही भाग

रायपुर। 37 वीं राष्ट्रीय खेल का आयोजन 26 अक्टूबर से 9 नवम्बर 2023 तक आयोजित किया जा रहा है जिसमे कलरिपयतु खेल का आयोजन 7 से 8 नवम्बर 2023 तक कैम्पल ग्राउंड, पणजी, गोवा में प्रारम्भ हो चुका हैं एवं उसी के साथ ही छत्तीसगढ़ टीम ने 3 काँस्य पदक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ मैडल टैली को आगे बढ़ाया है। जिसमे सबसे पहले हंसा साहू एवं दिव्या अग्रवाल ने तलवार और तलवार में, पीयूष विश्वकर्मा एवं हर्ष साहू तथा मिशा एवं रिशा नैन ने डंडा फाइट में छत्तीसगढ़ को काँस्य पदक दिलाया है। कमलेश देवांगन टीम कोच एवं महासचिव छत्तीसगढ़ कलरिपयतु संघ ने बताया कि 8 नवम्बर को होने वाली अन्य प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ को और भी मैडल लगने की संभावना है जो छत्तीसगढ़ राज्य की मैडल टैली को आगे बढ़ाने में सहायता करेगा।मैडल सेरेमनी के उपरांत छत्तीसगढ़ में चीफ डे मिशन श्री मोहन लाल, छत्तीगढ़ हैंडबॉल संघ के महासचिव श्री समीर खान, छत्तीसगढ़ ओलम्पिक संघ के प्रतिनिधि श्री राम प्रताप गुप्ता, कोरबा ओलम्पिक संघ सचिव श्री डी. सुरेश क्रिस्टोफर, जितेंद्र तिवारी सचिव जांजगीर ओलम्पिक संघ छत्तीसगढ़ कलरिपयतु संघ के अध्यक्ष लखन कुमार साहू, महिला कोच हरबंश कौर ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कल के प्रतियोगिता हेतु शुभकामनाएं दी है।

रिजवी और सिद्दीकी के शतकों से आंध्र प्रदेश 95 रनों से पराजित

चंडीगढ़। सेक्टर-16 स्थित क्रिकेट स्टेडियम में खेली जा रहे बीसीसीआई अंडर-23 वनडे टूर्नामेंट में यूपी ने आंध्र प्रदेश को 95 रनों से हराया। आंध्र ने यूपी को पहले बल्लेबाजी का आमंत्रण दिया। यूपी ने कप्तान समीर रिज्वी (123) और सोहेल सिद्दकी (102) के शतकों के दम पर 364/5 का पहाड़ खड़ा किया। जवाब में आंध्र 269 रन ही जुटा पाई। कप्तान वी कृष्णा ने सर्वाधिक 62 स्कोर बनाया। कृत्य सिंह ने सर्वाधिक चार विकेट जबकि विजय कुमार और प्रशांत वीर ने तीन तीन विकेट लिए। वहीं दूसरी ओर जीएमएसएस स्कूल 26 में बंगाल ने एक तरफा मुकाबले में मेघालय को 172 रनों से हराया। मेघालय ने टॉस जीतकर विपक्षी टीम को बल्लेबाजी के लिए बुलाया और सलामी बल्लेबाज मोहित राय (131) और अनुज कुमार (60) के अर्धशतक ने टीम के लिये 296/8 रन जुटाए। मनीश (4/66) ने सर्वाधिक चार विकेट चटकाई। जवाब में मेघालय 40वें ओवर्स में 124 रनों पर ऑल आउट हो गई। आईटी पार्क स्थित महाजन क्रिकेट ग्राउंड में खेले गये दिन के तीसरे मुकाबले में राजस्थान की 253/7 की चुनौती के विरुद्ध रेलवे एक रोमांचक अंत मे5 249/8 रन ही जुटा पाया। राजस्थान ने यह मुकाबला पांच रनों से जीता।

दीपिका बोलीं, मां बनने के बाद मेरा जीवन पूरी तरह बदल गया

पणजी। पूर्व विश्व नंबर 1 तीरंदाज और अर्जुन पुरस्कार विजेता दीपिका कुमारी ने एक दशक से अधिक समय से विश्व मंच पर खेल में भारत की महत्वाकांक्षाओं का परचम लहराया है। कई बार की ओलंपियन और दो बार की विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता दीपिका दिसंबर 2022 में बेटी वेदिका को जन्म देने के बाद से तीरंदाजी से काफी समय तक दूर रहीं।

झारखंड का प्रतिनिधित्व करने वाली 29 वर्षीय खिलाड़ी ने दिखाया कि लंबे अंतराल से उनकी भूख कम नहीं हुई है क्योंकि उन्होंने हरियाणा की संगीता को 6-2 से हराकर रिकर्व महिला व्यक्तिगत स्वर्ण और मिर्नल चौहान के साथ मिश्रित टीम का स्वर्ण पदक जीता। इसके बाद उन्होंने दीप्ति कुमारी और कोमलिका बारी के साथ मिलकर महिला टीम को रजत पदक दिलाया।फाइनल के बाद दीपिका ने कहा,ईमानदारी से कहूं तो गोल्ड प्राथमिकता नहीं थी, लेकिन मेरा प्रदर्शन था। मेरी मानसिकता जीत या हार के बारे में नहीं थी। यह मेरे बारे में था कि मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूं। मैं अपने शॉट्स पर ध्यान केंद्रित करना चाहती थी और अपने मन में चल रहे अन्य विचारों को शांत करना चाहती थी। यह कुछ ऐसा है जो भविष्य में भी मुझे मानसिक रूप से मदद करेगा। मां बनने के बाद उनकी जिंदगी कितनी बदल गई है, इस बारे में बात करते हुए दीपिका ने कहा, यह नया जीवन मेरे लिए आसान बदलाव नहीं है। यह 360-डिग्री परिवर्तन है।

बिजनेस

तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है भारत

नई दिल्ली। वैश्विक विकास चालक के रूप में भारत का महत्व बढा है क्योंकि दुनिया की प्रगति में उसका योगदान बढ़कर 2022 में 15 प्रतिशत हो गया और 2023-28 में इसके 17 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। इससे पहले 2021 में भारत का योगदान महज 10 प्रतिशत था। ब्रोकरेज कंपनी मॉर्गन स्टेनली ने एक रिपोर्ट में यह बात कही।

रिपोर्ट में कहा गया है, अमेरिकी डॉलर के आधार पर, हम उम्मीद करते हैं कि भारत की सांकेतिक जीडीपी वृद्धि वित्तर वर्ष 2025 तक बढ़कर 12.4 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी और यह चीन, अमेरिका और यूरो क्षेत्र से बेहतर प्रदर्शन करेगी। यह वित्ती वर्ष 2024 में सात प्रतिशत रहेगी। उच्च विकास दर का मतलब होगा कि भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत बेस के बावजूद मजबूत चक्रवृद्धि दर से बढ़ेगी। हमें उम्मीद है कि 2027 तक सांकेतिक जीडीपी पांच लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर तक पहुंच जाएगी, जिससे भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

इसमें कहा गया है, हमें उम्मीद है कि वित्ते वर्ष 2024 में विकास दर 6.4 प्रतिशत और 2025 में 6.5 प्रतिशत की मजबूत दर पर कायम रहेगी। यह 2024 से 2028 तक औसतन 6.6 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। पिछले कुछ समय से भारत पर हमारा रचनात्मक दृष्टिकोण रहा है, जिसमें इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि भारत एशिया के भीतर सबसे अच्छा घरेलू मांग अल्फा अवसर प्रदान करता है। आर्थिक आंकड़े मजबूत हैं और जोखिम परिसंपत्तियों का प्रदर्शन अच्छा बना हुआ है। इस पृष्ठभूमि में निवेशकों के बीच बहस इस बात को लेकर है कि क्या इस मजबूत दौर को बरकरार रखा जा सकता है और जोखिम के कौन-कौन से कारक हैं जिन पर ध्यान रखने की जरूरत है।

मॉर्गन स्टेनली ने कहा है कि परिसंपत्ति बाजार के प्रदर्शन को बनाए रखने के लिए सबसे महत्वपूर्ण चालक निवेश चक्र है। निवेश चक्र पहले ही सुधर चुका है, जो आरंभ में सार्वजनिक पूंजीगत व्यय के कारण तेज उछाल से प्रेरित है।

कुछ निवेशक इस साक्ष्य के लिए एफडीआई डेटा की ओर देख रहे हैं कि भारत आपूर्ति श्रृंखला विविधीकरण से लाभान्वित हो रही है। हालाँकि, भारत में प्रत्यतक्ष विदेशी निवेश प्रवाह वित्तो वर्ष 2021 की दूसरी तिमाही के 70 अरब डॉलर से घटकर 2023 की दूसरी तिमाही में 33 अरब डॉलर रह गया है। इसमें कहा गया है कि वैश्विक जीडीपी और व्यापार वृद्धि में नरमी के साथ, वैश्विक एफडीआई प्रवाह में नरमी आई है।

इसके अलावा, कुछ क्षेत्र-विशिष्ट कारक हैं, जैसे कि इंटरनेट और संबंधित क्षेत्रों के लिए वित्त पोषण (उद्यम पूंजी और निजी इक्विटी दृष्टिकोण से), जो धीमा हो गया है और समुच्चय पर असर डाल रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि निश्चित रूप से, भारत ने वास्तव में 2017 के बाद से वैश्विक एफडीआई प्रवाह में उच्च हिस्सेदारी हासिल की है। इसकी हिस्सेदारी 2017 की चौथी तिमाही में 2.4 प्रतिशत से बढ़कर 2023 की पहली तिमाही में 4.2 प्रतिशत पर पहुंच गई है।

ध्यान देने वाली एक और बात यह है कि कार्यान्वयन में कुछ खामियां हैं, जहां घोषणाएं तो कर दी गई हैं, लेकिन वास्तविक निवेश अभी तक नहीं हुआ है। उदाहरण के लिए, हमें अभी भी फॉक्सकॉन और इंटेल जैसी कंपनियों से इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण निवेश प्रतिबद्धताओं के बारे में खबरें मिल रही हैं, हाल ही में देश में लैपटॉप बनाने के लिए आठ कंपनियों के साथ सहयोग की घोषणा की है।

2 अरब डॉलर के शेयर बेच रहे सैमसंग परिवार के सदस्य

सोल। सैमसंग ग्रुप के स्वामित्व वाले परिवार के सदस्य विरासत करों को कवर करने के लिए सैमसंग सहयोगियों में लगभग 2.6 ट्रिलियन वॉन (2 बिलियन डॉलर) मूल्य के शेयर बेचने के लिए तैयार हैं। अक्टूबर 2020 में दिवंगत सैमसंग चेयरमैन ली कुन-ही की मृत्यु के बाद से, उनके परिवार के सदस्य पांच साल की योजना के अनुसार विरासत में मिली संपत्ति के लिए किस्तों में विरासत कर का भुगतान कर रहे हैं। कुल विरासत कर की राशि 12 ट्रिलियन वॉन थी।

वित्तीय पर्यवेक्षी सेवा के साथ नियामक फाइलिंग के अनुसार, ली की पत्नी होंग रा-ही और उनकी दो बेटियों ली बू-जिन और ली सेओ-ह्यून, जिनमें से एक होटल शिला कंपनी की सीईओ और दूसरी सैमसंग वेलफेयर फाउंडेशन की प्रमुख है, ने पिछले मंगलवार को हाना बैंक को शेयर निपटान का काम सौंपने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

विरासत कर भुगतान के उद्देश्य से किए गए सौदे के तहत, हाना बैंक को 30 अप्रैल, 2024 तक सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स में हांग की 0.32 प्रतिशत हिस्सेदारी और फर्म में दोनों बेटियों के स्वामित्व वाली संयुक्त 0.18 प्रतिशत हिस्सेदारी का निपटान करना आवश्यक है। जब प्रति शेयर 69,600 वॉन का नवीनतम बाजार समापन मूल्य लागू किया जाता है, तो बिक्री के लिए सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयरों की राशि लगभग 2.08 ट्रिलियन वॉन हो जाती है।

होटल शिला सीईओ ने अपने शेयरों की बिक्री के लिए एक अतिरिक्त समझौते पर भी हस्ताक्षर किए, जिसमें सैमसंग सी एंड टी कॉर्प में 0.65 प्रतिशत हिस्सेदारी, सैमसंग एसडीएस कंपनी में 1.95 प्रतिशत हिस्सेदारी और सैमसंग लाइफ इंश्योरेंस में 1.16 प्रतिशत हिस्सेदारी शामिल है। शेयरों का संयुक्त मूल्य 499.3 बिलियन वॉन है।

व्हाटसएप को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने चेताया

नई दिल्ली। उन प्रीपेड ग्राहकों के लिए बुरी खबर है जो अक्सर अपना नंबर बदलते रहते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि मोबाइल फोन सर्विस प्रोवाइडर कंपनियां वैधानिक 90 दिन की अवधि समाप्त होने के बाद नए ग्राहकों को निष्क्रिय/डिस्कनेक्ट किए गए नंबरों जारी कर सकती हैं। ऐसा करने से कंपनियों को नहीं रोका जा सकता है। ऐसे में यह पूर्व ग्राहकों पर निर्भर है कि वे व्हाट्सएप या किसी अन्य पर साझा किए गए डेटा को हटा दें।

जस्टिस संजीव खन्ना और एसवीएन भट्टी की बेंच ने वकील राजेश्वरी की याचिका खारिज कर दी। याचिका में भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) को मोबाइल सेवा प्रदाताओं को नए ग्राहकों को निष्क्रिय मोबाइल नंबर जारी करने से रोकने का निर्देश देने की मांग की थी। ट्राई ने वकील संजय कपूर के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट को बताया कि निष्क्रिय मोबाइल नंबरों का फिर से आवंटन 'नंबरिंग संसाधनों' के प्रशासन से संबंधित है, जो पूरी तरह से दूरसंचार विभाग के क्षेत्र में आता है।

जस्टिस खन्ना की अगुवाई वाली बेंच ने कहा कि हम वर्तमान रिट याचिका के साथ आगे बढ़ने के इच्छुक नहीं हैं, क्योंकि ट्राई की तरफ से दायर जवाबी हलफनामे से यह स्पष्ट है कि मोबाइल टेलीफोन नंबर, एक बार उपयोग न करने के कारण डिएक्टिव कर दिया गया या अनुरोध पर काट दिया । इस नंबर को किसी नए ग्राहक को कम से कम 90 दिनों की अवधि के लिए आवंटित नहीं किया जाता है। यह पहले वाले ग्राहक पर निर्भर है कि वह प्राइवेसी बनाए रखने के लिए पर्याप्त कदम उठाए। गोपनीय डेटा के उल्लंघन के बारे में याचिकाकर्ता की चिंता पर पीठ ने कहा कि ग्राहक पिछले से जुड़े व्हाट्सएप खाते को हटाकर व्हाट्सएप डेटा के दुरुपयोग को रोक सकता है। इसमें फोन नंबर और स्थानीय डिवाइस मेमोरी/क्लाउड/ड्राइव पर स्टोर वाट्सएप डेटा को हटाना भी शामिल है।

प्रोमो शूट के लिए अभिनेत्री तनीषा मेहता ने चलाई बंदूक

लग जा गले और शुभ लाभ आपके घर में में अपने काम से पहचान बनाने वाली अभिनेत्री तनीषा मेहता आगामी शो इक कुड़ी पंजाब दी में मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। अभिनेत्री को शो के प्रोमो शूट के लिए बंदूक पकड़ना सीखना पड़ा।तनीषा के लिए भारी बंदूक चलाना आसान नहीं था, लेकिन कुछ घंटों के अभ्यास के बाद उन्होंने इस दृश्य में सफलता हासिल की।

उन्होंने सीक्वेंस की शूटिंग का आनंद लिया और इस नए अवतार के लिए उन्हें सोशल मीडिया पर दर्शकों से बहुत प्यार और सराहना मिल रही है। तनीषा ने कहा, मेरे प्रशंसक और दर्शक हमेशा अपनी प्रतिक्रिया साझा करते हैं जब उन्हें लगता है कि मैं कुछ बेहतर कर सकती हूं।अभिनेत्री ने कहा, यही एक कारण है कि मैं हमेशा अपना 100 प्रतिशत देने की कोशिश करता हूं। प्रोमो में बंदूक की गोली का दृश्य मेरे लिए थोड़ा चुनौतीपूर्ण था क्योंकि बंदूक बहुत भारी थी, लेकिन सेट पर मौजूद सभी लोगों ने मुझे पूरी प्रक्रिया सीखने में मदद की।तनीषा ने कहा, भले ही यह प्रोमो में कुछ सेकंड के लिए शूट किया गया था, लेकिन, परफेक्ट शॉट पाने के लिए मुझे इसका बार-बार अभ्यास करना पड़ा। यह पहली बार था जब मैंने इस तरह के दृश्य के लिए शूटिंग की। इक कुड़ी पंजाब दी अप्रत्याशित उतार-चढ़ाव से भरी एक दिलचस्प कहानी पेश करने के लिए तैयार है। पंजाब के कपूरथला पर आधारित यह शो एक जाट जमींदार परिवार में पैदा हुई एक खूबसूरत महिला हीर ग्रेवाल (तनिषा) की यात्रा का अनुसरण करता है। उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता उनके परिवार की भलाई है। उसके जीवन में एक अप्रत्याशित मोड़ आता है, जब उसकी शादी अटवाल परिवार में हो जाती है। जहां, दर्शक तनीषा को बोल्ड अवतार में देखकर रोमांचित होंगे, वहीं दर्शकों के लिए यह देखना दिलचस्प होगा कि कैसे रांझा (अविनेश रेखी) हीर को उसके जीवन में सभी बाधाओं से लड़ने में मदद करेगा। शो का प्रीमियर जल्द ही जी टीवी पर होगा।

ताहिरा कश्यप खुराना की पहली फीचर फिल्म शर्माजी की बेटी का होगा प्रीमियर

फिल्म निर्देशक, लेखिका और निर्माता ताहिरा कश्यप खुराना की पहली फीचर फिल्म शर्माजी की बेटी का मामी मुंबई फिल्म फेस्टिवल में प्रीमियर किया जाएगा। इसको लेकर ताहिरा ने अपनी खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि यह एक कॉमेडी फिल्म है जिसमें एक अनोखापन है। ताहिरा के निर्देशन में बनी लघु फिल्म टॉफी ने पहले दर्शकों से प्रशंसा बटोरी थी। शर्माजी की बेटी एक फीचर फिल्म निर्माता के रूप में उनकी पहली फिल्म है। ताहिरा को अपने पति आयुष्मान खुराना के साथ फेस्टिवल में शामिल होते देखा गया और उन्होंने फिल्म के बारे में बात की। ताहिरा ने कहा, मैं इस फिल्म के लिए बहुत उत्साहित हूं। मुझे यहां तक पहुंचने में काफी समय लगा है। मैं नर्वस भी हूं क्योंकि यह पहली बार है जब मैं अपनी फिल्म बड़े पर्दे पर देखने जा रही हूं। कहानी के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, कहानी हमेशा मेरे दिमाग में थी। जब हमारे पास सही कलाकार थे तो हमने इसे चुना। यह विभिन्न आयु वर्ग की 5 महिलाओं के बारे में है। यह एक कॉमेडी फिल्म है। मैं वास्तव में चाहती हूं कि लोग इसे देखें और आशा करती हूं कि उन्हें यह पसंद आएगी। मामी फिल्म फेस्टिवल में अपनी फिल्म के प्रीमियर के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, मैंने छह साल पहले मामी में अपनी लघु फिल्म टॉफी के साथ अपनी शुरुआत की थी। मुझे लगता है कि मामी ने हमेशा मुझे उड़ने के लिए पंख दिए हैं और एक बार फिर उसने ऐसा किया है। शर्माजी की बेटी आधुनिक, मध्यवर्गीय महिला अनुभव और शहरी महिलाओं के जीवन के बारे में है। फिल्म में साक्षी तंवर, दिव्या दत्ता और सैयामी खेर हैं।

मैनपुर में नलजल योजना बंद, पीने के पानी के लिए हाहाकार

अफसर चुनाव ड्यूटी और नेता चुनाव प्रचार में व्यस्त, आम जनता त्रस्त, नलो की टोटियों दो महीने से सूखा - तालाब में गंदगी निस्तार की गंभीर समस्या

■ कलेक्टर छिकारा से मैनपुर के ग्रामीणों ने लगाई गुहार समस्या का जल्द समाधान करने की मांग

गरियाबंद/नवप्रदेश। मैनपुर के लोग पानी की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। इस समस्या का समाधान करने वाला कोई भी संबंधित विभाग के अफसर - कर्मचारी तथा जनप्रतिनिधि नजर नहीं आ रहे हैं। इसके चलते समस्या बढ़ती जा रही है। लोगों का आक्रोश भी बढ़ रहा है। सामने दीपावली त्योहार है। लोगों को पीने के पानी के लिए ठंड के मौसम में तरसना पड़ रहा है। नगर के लोगों ने कई बार ग्राम पंचायत व पीएचई विभाग के अधिकारियों से गुहार लगा चुके हैं। अब तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।

मैनपुर के लोगों ने कलेक्टर आकाश छिकारा से मांग की है कि मैनपुर में बंद पड़े नलजल योजना को प्रारंभ किया जाए और पाइप लाइन में सुधार किया जाए जिससे लोगों को पानी मिल सके। मैनपुर में दो ओवर हैडटैंक बने हैं। जहां से पेयजल की सप्लाई की जाती है। मैनपुर नगर के सबसे पुरानी पानी की टंकी जनपद पंचायत के सामने हैं। इस टंकी से पानी दो महीने से नहीं मिल रही है। क्यूंकि इस टंकी को भरने वाला ट्यूबवेल का पंप जल गया है। नया पाइप लाइन बिछाने एक करोड़ रुपए का टेंडर जारी हुआ था। इसका काम एक साल में शुरु नहीं हो पाया है।

पेयजल सप्लाई के लिए बिछाई गई पाइप लाइनें 25 वर्ष पुरानी हो गई है। अब जीर्ण शीर्ण हो गई है। नए पाइप लाइन के लिए एक करोड़ रुपए शासन द्वारा स्वीकृत किया गया है। पाइर लाइन कार्य के लिए टेंडर धमतरी के एक कार्य एजेंसी को मिल चुका है। संबंधित ठेकेदार आठ माह बाद भी कार्य प्रारंभ नही कर सका है।

एक मात्र निस्तारी तालाब जलकुंभी से अटा पड़ा

मैनपुर का एक मात्र निस्तारी तालाब की हालत खराब है। तालाब जलकुंभी और गंदगी से पटा है। तालाब का पानी दूषित हो गया है जिसके कारण तालाब में इन दिनो निस्तारी करना मुश्किल हो गया है। नगर की आबादी 8 से 10 हजार है। अधिकांश लोग निस्तारीके लिए मैनपुर तालाब पर निर्भर हैं। इस वर्ष तालाब में अभी से पानी बेहद कम भी हो गया है। तालाब में जलकुंभी है। इस तालाब में नगरवासी और मवेशी की धुलाई सफाई करते हैं लोग। मैनपुर के तालाब सौन्दर्यीकरण के लिए 30 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। जो कि तीन वर्ष से कार्य अधूरा है।

क्या कहते है सरपंच

ग्राम पंचायत मैनपुर के सरपंच बलदेव राज ठाकुर ने बताया कि मैनपुर नगर में लगाये गये पाइप लाइन तीन दशक पुरानी है। जिसके कारण जगह जगह से पाईप लाईन जर्जर हो गया है कई बार सुधार करवाया गया है लेकिन पानी के दबाव में जगह जगह से पाईप लाईन क्षतिग्रस्त हो गए हैं। या पाईप लाईन लगाने के लिए टेंडर होने के बाद भी अब तक कार्य प्रारंभ नही हुआ है। श्री ठाकुर ने कहा गरियाबंद कलेक्टर आकाश छिकारा से नया पाइप लाइन जल्द बिछाने की फरियाद करेंगे।

क्या कहते हैं अफसर

मैनपुर में मोटरपंप खराब है यह ग्राम पंचायत का मामला है। उन्होंने बताया मैनपुर में नया पाइप लाइन लगाने के लिए टेंडर हो गया है तो कार्य क्यों प्रारंभ नहीं हुआ है पूरी जानकारी लेकर बताता हूं।
- जैन, कार्यपालन अभियंता पीएचई विभाग गरियाबंद

जनपद पंचायत मैनपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली खलको ने कहा मैनपुर में पेयजल समस्या के तत्काल समाधान के लिए ग्राम पंचायत को निर्देशित किया गया है।
सीईओ, जनपद पंचायत मैनपुर

■ न्यूज गैलरी

खर्च का हिसाब नहीं, चार प्रत्याशियों को नोटिस

राजिम/नवप्रदेश। विधानसभा चुनाव में प्रत्याशियों के लिए खर्च की सीमा तय की गई है। इसके साथ ही उन्हें अपने व्यय लेखा एक पंजी में दर्ज करना है। इसी मामले में चार प्रत्याशियों के द्वारा निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं करने पर राजिम विधानसभा के चार प्रत्याशियों को नोटिस जारी किया गया है। रिटर्निंग ऑफिसर ने प्रत्याशियों से 48 घंटे के भीतर जवाब मांगा है.रिटर्निंग ऑफिसर की ओर से जेसीसीजे के अभ्यर्थी भुनेश्वर निषाद, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के संतोष साहू सहित अन्य दो निर्दलीय प्रत्याशियों को नोटिस जारी किया गया है. इसमें 48 घण्टे के अंदर जवाब नहीं देने पर एफआईआर दर्ज करने के साथ प्रचार वाहन की अनुमति वापस लेने की चेतावनी दी गई है।

नदी में डूबने से हाथी शावक की मौत

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा जिले के कटघोरा वनमंडल में बेबी एलीफेंट की नदी में डूबने से मौत हो गई है। इससे वन विभाग में हड़कंप मच गया है। वन अमला मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गया है। यह घटना कटघोरा के केदई वन परिक्षेत्र के झिनपुरी गांव की है। मिली जानकारी के अनुसार, कटघोरा वन परिक्षेत्र में बेबी एलीफेंट की मौत हो गई है। इससे वन विभाग में हड़कंप मच गया है। वहीं वन अमला भी मौके पर पहुंच चुका है। बताया जा रहा है कि नदी में डूबने से बेबी एलीफेंट की मौत हुई है। फिलहाल वन विभाग के आला अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं।

ईवीएम स्ट्रांग रूम में बंद

कवर्धा/नवप्रदेश। जिले के दोनों विधानसभा के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक अजय कुमार गुप्ता, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी

जनमेजय महोबे, रिटर्निंग अधिकारी और प्रत्याशी एवं उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कवर्धा एवं पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों में मतदान के लिए उपयोग में लाई गई ईव्हीएम मशीन को स्ट्रांग रूम में सीलिंग की गई। इस पूरे प्रक्रिया की वीडियोग्राफ़ी भी कराई गई। सीलिंग के बाद स्ट्रांग रूम के मुख्य द्वार शटर में जहाँ ताला लगा है। उनके ऊपर तक सीमेंट से पैक भी किया गया है। इसके अलावा सुरक्षा की पूरी व्यवस्था की गई है। स्ट्रांग रूम को सीसी कैमरे से निगरानी भी रखी जा रही है।

कबीरधाम जिले में 78.33 फीसदी मतदान

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने बताया कि विधानसभा आम निर्वाचन 2023 में जिले का मतदान 78.33 प्रतिशत रहा। जिसमें 78.38 प्रतिशत पुरुष और 78.27 प्रतिशत महिलाओं ने मतदान किया है। पंडरिया विधानसभा में 75.27 और कवर्धा विधानसभा में 81.24 प्रतिशत मतदान हुआ है। पंडरिया विधानसभा में 75.30 प्रतिशत पुरूष मतदाताओं ने एवं 75.25 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने और कवर्धा विधानसभा में 81.34 प्रतिशत पुरूष मतदाताओं ने तथा 81.15 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है।

अधूरे आवास खंडहर में हो रहे तब्दील

कोरिया/नवप्रदेश। केन्द्र और राज्य सरकार की राजनीति के बीच पीस रहे हैं प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही। इसके पर अब राजनीति भी शुरु हो गई है। सोनहत ब्लॉक के बसेर ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना का हाल बेहाल है। योजना के तहत बनाए जा रहे मकान किस्त के अभाव में अधूरे पड़े हैं। निर्माण कार्य रुका हुआ है और अब अधूरे आवास खंडहर में तब्दील होने लगे हैं। जिले में एक नहीं कई ऐसे गरीब हैं, जिनका आशियाना अधूरा है। वहीं अब चुनाव के दौरान ग्रामीणजन प्रत्याशियों से इस समस्या के समाधान का जिक्र कर रहे हैं। प्रत्याशी चुनाव के बाद काम कराने की बात कह कर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे है। जबकि अधिकारी आचार संहिता का हवाला देकर कुछ भी कहने से बच रहे हैं।

पीएम आवास योजना केन्द्र सरकार की है। लेकिन इसमें केंद्र और राज्य सरकार 60/40 फीसदी राशि खर्च करती है। राज्य सरकार ने राज्यांश देने से मना कर दिया है। इसकी वजह से पीएम आवास योजना पर ग्रहण लग गया है। पीएम आवास योजना के तहत 2024 तक बीपीएल परिवारों को पक्का मकान देने का लक्ष्य रखा गया है। लेकिन ग्राम पंचायत बसेर में पहली लिस्ट में शामिल हितग्राहियों के पक्के मकान नहीं बन पाए हैं।

इस संबंध में भाजपा प्रत्याशी का कहना है कि केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी पीएम आवास योजना के क्रियान्वयन में राज्य सरकार अटका रही है। जिले में प्रधानमंत्री आवास के तहत लाभार्थियों को उनका किस्त नहीं मिल पा रहा है।

250 आवास की थी स्वीकृति

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोरिया जिले की ग्राम पंचायत बसेर में कुल 250 पीएम आवास की स्वीकृति मिली थी, लेकिन आज तक वे अधूरे पड़े हैं। पंचायत का कहना है कि करीब 100 पक्के मकान बन गए हैं, जिन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वर्ष 2018 में स्वीकृति मिली थी. लेकिन करीब एक साल बाद राज्य में कांग्रेस की सरकार बन गई थी। फिर पीएम आवास के निर्माण में राज्यांश देने पर रोक लगाई गई थी, जिससे अधिकांश पीएम आवास अधूरे हैं।

ठंड में गरीबों की चिंता बढ़ी

जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना का हाल बेहाल है. पीड़ित गरीबों का कहना है कि राज्य सरकार द्वारा किस्त की राशि नहीं मिल पा रही है। इसके चलते वे अपने सपने के घरों को पूरा नहीं कर पा रहे हैं।

केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना में राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे भेदभाव को निंदनीय बताते हुए बीजेपी प्रत्याशी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने सपना देखा कि हर गरीब का पक्का आशियाना हो, लेकिन प्रदेश सरकार नहीं चाहती कि गरीब के घर में पक्का छत हो, इसलिए किस्तों की राशि जारी नहीं कर रही।

तंबाकू और गुड़ाखू से भरे तीन कंटेनर जप्त

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही/नवप्रदेश। जीपीएम जिले में एसएसटी की टीम ने तम्बाकू और गुड़ाखू से भरे तीन कंटेनर जप्त किया है। जप्त किए गए कंटेनर्स की कीमत 45 लाख रुपए बताजा रहा है। फिलहाल पुलिस ने आगे की कार्रवाई के लिए कंटेनर्स को अधिकारियों को सौंप दिया है। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर लगातार वाहनों की चेकिंग जारी है। इसी कड़ी में जीपीएम जिले में एसएसटी की टीम वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान वहां पर तीन कंटेनर पहुंचे। चेकिंग करने पर तीनों वाहनों से गुड़ाखू-तंबाकू बरामद हुआ, जिसकी कीमत 45 लाख रुपए बताई जा रही है।

पूछताछ में पता चला कि, कंटेनर्स दिल्ली से बंगलुरु के लिए निकले थे। चालकों के पास ई-वे परमिट न होने के कारण पुलिस ने तीनों गाड़ियों को जप्त कर लिया और आगे की कार्यवाही के लिए जीएसटी के अधिकारियों को सौंप दिया है।

वोट डालना चाह रही दो गर्भवतियां

अंबिकापुर/नवप्रदेश। विधानसभा चुनाव में पहले चरण की 20 सीटों के लिए मतदान हो गए हैं। इसमें करीब 77 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया। अंबिकापुर विधानसभा की रहने वाली दो गर्भवती महिलाओं ने कहा कि वो भी वोट डालना चाहती हैं पर उनका 9वां महीना चल रहा है। डॉक्टर ने उन्हें बेड रेस्ट करने बोला है, ऐसे में वो वोट कैसे डाल सकेंगी।

जूही पांडे नाम की महिला का 9वां महीना चल रहा है और अंजली सिंह का 8 वां। दोनों को डॉक्टरों ने पूरी तरह से बेड रेस्ट की सलाह दी है। ज्यादा देर तक खड़े रहने, बैठने और यात्रा करने से की पूरी तरह से मनाही है। जूही पांडे का कहना है कि उनके यहां 17 तारीख को मतदान होना है और डॉक्टरों ने उन्हें डिलीवरी की डेट भी उसी दिन की दी है. जिसके कारण वो अपना वोट नहीं डाल पाएंगी। ऐसे में चुनाव आयोग व्दारा चलाया जा रहा है शत प्रतिशत मतदान अभियान कैसे पूरा हो सकेगा।